दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :99
प्रतापगढ़ | शनिवार , 10 फरवरी-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये


प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# संगम पर उमड़ा जन सैलाब करोड़ों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



महापर्व मौनी अमावस्या पर जिधर भी नजर गई सिर्फ सिर ही सिर दिखाई पड़े
मेला पुलिस रही मुस्तैद, चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे से निरन्तर होती रही निगरानी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर आज माघ मास के महास्नान पर्व पर संगम के तट पर श्रद्धालुओं की पुण्य की कामना के साथ स्नान और दान करने के लिए रेला उमड़ पड़ा। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर माघ मेला के सबसे प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने



पावन संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। मेला प्रशासन ने शाम तक दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान करने का दावा किया है। सुनहरे मौसम, खिलखिलाती धूप और हल्की शीतलहर के बीच मध्य रात्रि से ही स्नान प्रारम्भ हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। सभी पाण्टून पुल श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरे दिखे। इस महापर्व पर आस्था का जन सैलाब उमड पड़ा जिधर भी नजर गई श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखे। आज माघ मेला के सबसे बडे महापर्व पर श्रद्धालुओं से संगम सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए, जिसके तहत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमक दल, पीएसी के जवान, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के कमाण्डो व बम निरोधक दस्ता की टीमें व्यवस्थापित की गई।संगम घाट पर जल पुलिस के साथ-साथ मोटर-बोट नियुक्त कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये तथा गोताखोरों का भी समुचित प्रबन्ध किया गया, स्टीमर के माध्यम से लगातार संगम घाटों का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों एवं जल में लगे एसडीआरएफ फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा कड़ी निगरानी की गई, सभी स्नानार्थियों से अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगायें। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों,ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई, मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए मेला क्षेत्र में पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई तथा यह भरसक प्रयास किया गया कि संगम स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुँचने के लिए न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस दौरान मेला क्षेत्र में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर भूले भटके शिविर द्वारा बिछुड़े हुये श्रद्धालुओं, व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाया गया।इस महापर्व के अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा, मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज प्रेम कुमार गौतम, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल, पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर, पुलिस उपायुक्त गंगापार अभिषेक भारती, पुलिस उपायुक्त यातायात/ नोडल पुलिस अधिकारी माघ मेला आशुतोष द्विवेदी लगातार मेला क्षेत्र में रहकर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते रहे।

# चरणसिंह, राव और स्वामीनाथन को भी भारत रत्न

## मोदी सरकार ने तोड़ा रिकार्ड, सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिये इस साल अब तक पांच नाम घोषित



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और बड़े कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन तीनों नाम की घोषणा की है। चौधरी चरण सिंह को जहां किसानों का बड़ा नेता माना जाता है। वह समाजवादी नेता रहे हैं। वहीं, एमएस स्वामीनाथन कृषि क्रांति के लिए जाने जाते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले किसानों को साधने के लिए मोदी सरकार का यह बड़ा दांव माना जा सकता है। इसके अलावा दक्षिण से आने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित कर केंद्र ने यह भी बताने की कोशिश की है कि वह सभी को साथ लेकर चलती है। दिलचस्प बात यह भी है कि पीवी नरसिम्हा राव से पहले केंद्र की सरकार ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भी भारत रत्न से सम्मानित किया था।

नरसिम्हा राव और गांधी परिवार की दूरी भी खूब चर्चा में रही। मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।एक और एक्स पोस्ट में मोदी ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधान मंत्री श्री पीवी नरसिम्हा राव गरू को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में, नरसिम्हा राव गरू ने विभिन्न क्षमताओं में भारत की बड़े पैमाने पर सेवा की।

उन्हें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद और विधानसभा सदस्य के रूप में किए गए कार्यों के लिए समान रूप से याद किया जाता है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में सहायक था। प्रधान मंत्री के रूप में नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

इसके अलावा, भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में उनका योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है, जिन्होंने न केवल महत्वपूर्ण परिवर्तनों के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाया बल्कि इसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी समृद्ध किया।मोदी ने एक और पोस्ट में कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। हम एक अन्वेषक और संरक्षक के रूप में और कई छात्रों के बीच सीखने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाले उनके अमूल्य काम को भी पहचानते हैं। डॉ. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं करीब से जानता था और मैं हमेशा उनकी अंतर्दृष्टि और इनपुट को महत्व देता था।


# मुझे जितनी संख्या में समन भेजे जाएंगे उतनी ही संख्या में स्कूल खोलूंगा -अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना उनकी सरकार का लक्ष्य है और जांच एजेंसियां जितनी संख्या में उन्हें समन भेजेंगी, वह उतनी ही संख्या में राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल खोलेंगे। मयूर विहार फेज-3 में एक सरकारी स्कूल भवन की आधारशिला रखने के बाद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ अपनी सारी जांच एजेंसियों को ऐसे लगा रखा है, जैसे कि वह देश के 'सबसे बड़े आतंकवादी' हों। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक मामले के सिलसिले में 17 फरवरी को दिल्ली की एक अदालत में पेश होने को कहा गया है। केजरीवाल, कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए संघीय एजेंसी द्वारा उन्हें जारी पांच समन को टाल चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से एक पीढ़ी में गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार स्कूल खोल रही है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में आप सरकार बनने के बाद से हमने कई शानदार स्कूल खोले हैं। हाल में बुराड़ी, रोहिणी और पालम समेत कई नये स्कूलों का उद्घाटन किया गया है, जिनमें 1.5 लाख बच्चों को शिक्षा मिलेगी।'' केजरीवाल ने कहा कि नये स्कूलों में प्रयोगशाला, पुस्तकालय और गतिविधि कक्ष सहित सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा होगा। उन्होंने कहा, ''हम सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के डॉ. (भीम राव) आंबेडकर के सपने को पूरा कर रहे हैं।''

# नहीं मानेंगे कृष्ण ! योगी के बयान के बाद ज्ञानवापी को लेकर जेल भरो आंदोलन

## बरेली में नमाज के बाद सड़कों पर उतरे लोग



**बरेली,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुस्लिम समाज से एक बार फिर अपील की है। उन्होंने कहा कि अपनी बात ऐसे वक्त में कही है जब ज्ञानवापी के मामले पर जमकर बयानबाजी हो रही है। हमने तो केवल तीन जगह मांगी... श्री अयोध्या धाम का उत्सव लोगों ने देखा... नंदी बाबा ने भी कहा कि हम काहे इंतजार करें...हमारे कृष्ण कन्हैया कहां मानने वाले हैं। सीएम योगी के बयान के बाद तौकीर रजा ने ज्ञानवापी को लेकर जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया।

### बरेली में स्थिति तनावपूर्ण

शुक्रवार की नमाज के बाद बरेली, उत्तर प्रदेश के मौलवी और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने ज्ञानवापी के अंदर नमाज अदा करने के विरोध में %जेल भरो% आंदोलन का आह्वान किया। पुलिस ने बताया कि मौलाना के विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद बरेली में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौलाना तौकीर रजा खान के ऐलान के बाद पुलिस एहतियाती कदम उठा रही है और प्रस्तावित कार्यक्रम को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। गिरफ्तारी देने के लिए सड़कों पर उतरे तौकीर रजा, हजारों समर्थक भी मौजूद हैं। तौकीर रजा ने विवादित बयान देते हुए कहा कि तुम हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या चुप बैठेंगे। तौकीर रजा ने कहा कि तुम हमारे घर पर बुलडोजर चला दोगे तो क्या हम चुप रहेंगे। अब किसी का बुलडोजर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान रजा ने पीएम मोदी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी की। साथ ही अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया।

# हल्द्वानी हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत, पूरे शहर में कर्फ्यू

## उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश



**हल्द्वानी (आरएनएस)।** गुरुवार को उत्तराखंड में एक मस्जिद को तोड़ने के बाद बवाल मच गया। पूरा शहर हिंसा की चपेट में आ गया। पुलिस हालात पर काबू पाती तब तक उपद्रवी अपने मंसूबों को अंजाम दे चुके थे। पुलिस और प्रशासन की टीम पर पथराव किया जा रहा था। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कई वाहनों में आग लगा दी गई। एक बार को हिंसा इतनी भीषण हो चली थी कि पुलिस को पीछे हटना पड़ा। इतना ही नहीं हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हिंसा के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया गया है।6 श्चद्गश्चद्यद्ग द्धड्ड1द्ग स्त्रद्बद्गस्त्र ह्यश्च द्धड्डह्ल द्बठ्ठ ॥ड्डद्यस्त्र2ड्डठ्ठद्ब 1द्बश्चद्यद्गठ्ठष्द्ग ~ इस हिंसा में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। तमाम लोग घायल हैं, इसमें पुलिस के जवान और आम लोग भी शामिल हैं। पूरे हल्द्वानी शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

हालात की नाजुकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राज्य सरकार में उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दे दिया है। हिंसा और अफवाह को रोकने के लिए गुरुवार रात से शहर में इंटरनेट बंद कर दिया गया। इसके साथ ही आज सभी स्कूल भी बंद रहेंगे। इस पूरे बवाल में जॉनी, अनस, आरईस फहीम, इसरार और सीवान नामक व्यक्तियों की मौत हुई है और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इसमें हल्द्वानी एसडीएम पारितोष वर्मा, कालाढूंगी एसडीएम रेखा कोहली, तहसीलदार सचिन कुमार, सीओ स्पेशल ऑपरेशन नितिन लोहनी समेत अन्य लगभग 200 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की सरकारी जमीनों पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हुए हैं। इसी क्रम में बनभूलपुरा के इंदिरा नगर क्षेत्र में मलिक के बगीचे में बने अवैध मदरसे एवं नमाज स्थल को नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कर दिया। इसके बाद आसपास रहने वाले तमाम कथित अराजक तत्वों ने पुलिस और प्रशासन के ऊपर पथराव कर दिया जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, इस दौरान वहां मौजूद कई पत्रकारों को भी चोटें आई हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अवैध हथियारों से पुलिस पर फायरिंग भी की गई है।

### हल्द्वानी हिंसा पर डीएम का खुलासा: साजिश के तहत थाने को घेरकर पेट्रोल बम से किया अटैक

उत्तराखंड के हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर बने अवैध मदरसा व नमाज स्थल को ध्वस्त करने गई पुलिस, प्रशासन व नगर निगम की टीम पर हमले, पथराव और आगजनी को लेकर शुक्रवार को नैनीताल की डीएम वंदना सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वंदना सिंह ने बताया, होई कोर्ट के आदेश के बाद हल्द्वानी में जगह-जगह अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। सभी को नोटिस और सुनवाई के अवसर दिए गए, कुछ ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, कुछ को समय दिया गया, जबकि कुछ को समय नहीं दिया गया। जहां समय नहीं दिया गया वहां पीडब्ल्यूडी और नगर निगम की ओर से डिमोलिशन अभियान चलाया गया। यह कोई पृथक गतिविधि नहीं थी और किसी विशेष परिसंपत्ति को टारगेट करके की गई गतिविधि नहीं थी। डीएम वंदना सिंह ने कहा, आप वीडियो में देख सकते हैं कि पुलिस बल किसी को उकसा और मार नहीं रहा है या किसी को नुकसान नहीं पहुंचा रहा है।डीएम वंदना सिंह ने कहा कि साजिश के तहत पुलिस टीम पर हमला किया गया है। डीएम वंदना सिंह ने बताया, 'भीड़ ने थाने को घेर लिया और थाने के अंदर मौजूद लोगों को बाहर नहीं आने दिया गया. उन पर पहले पथराव किया गया और फिर पेट्रोल बम से हमला किया गया। थाने के बाहर वाहनों में आग लगा दी गई और धुएं के कारण दम घुटने लगा। हिंसा के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया गया है।


### धामी ने की हाई लेवल बैठक

इस पूरे मामले के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजधानी देहरादून में हाई लेवल बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने पूरी स्थिति की समीक्षा ली और दंगा करने वालों को देखते ही तत्काल गोली मारने के आदेश भी दिए हैं।

# रात में इमरान अव्वल, अगले दिन कैसे आगे निकले नवाज-बिलावल

## चुनावी धांधली के दावे वाले वीडियो से पटा पड़ा है सोशल मीडिया

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद सुबह से ही नतीजे आ रहे हैं। इस चुनाव में चौंकाने वाले रूझान सामने आ रहे हैं। पहले तो खबर आई की इमरान खान के समर्थित उम्मीदवारों ने जगह जगह जीत दर्ज की है। लेकिन उसके बाद पूरा समीकरण बदलता हुआ नजर आया। ऐसे में सवाल है कि इस बार पाकिस्तान में प्रधानमंत्री कौन बनेगा। लंदन में लंबे समय तक रहे पीएमएलएन के नवाज शरीफ की उम्मीदों को झटका लगेगा। नवाज पहले ही कह चुके हैं कि जोड़-तोड़ की सरकार बनी तो वो प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहेंगे। ऐसे हालात में क्या उनके भाई और पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की किस्मत खुल सकती है? तमाम तरह की किंतु-परंतु के बीच जेल में बंद इमरान खान पाकिस्तान के चुनाव में एक मजबूत फैक्टर बनकर उभरते नजर आए हैं। वहीं पीपीपी की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनाए गए बिलावल भुट्टो रेस से बाहर चल रहे हैं। इमरान खान के समर्थक चुनाव में निर्दलीय के रूप में उतरे थे और उन्होंने शानदार प्रदर्शन भी किया। पीटीआई ने पहले दावा किया था कि उनकी पार्टी 154 सीटों पर आगे चल रही है और प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार नवाज शरीफ मनसेहरा और लाहौर दोनों सीटों से चुनाव हार रहे हैं। लेकिन अचानक बाजी पलट गई और वो लाहौर नेशनल असेंबली सीट से भारी अंतर से जीत गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो वायरल भी हो रहे हैं जिसमें मतदान केंद्रों में धांधली का आरोप लगाया जा रहा है। पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों का कहना है कि रिटर्निंग अधिकारियों ने उन्हें बिना कोई उचित कारण बताए और बिना कोई नतीजा दिए उनके इलेक्शन कक्ष से जबरदस्ती बाहर भेज दिया। पाकिस्तानी मामलों की विशेषज्ञ और ब्रिटेन में सहायक प्रोफेसर जोहा वसीम ने कहा है कि पाकिस्तान में चुनाव परिणामों के ऐलान में इतनी ज्यादा देरी धांधली को लेकर गंभीर सवाल पैदा हो रहे हैं। उन्होंने अल जजीरा से बात करते हुए कहा कि पिछले कुछ सप्ताह से ये संकेत दिए जा रहे थे कि नवाज शरीफ सत्ता की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन उनको इमरान समर्थित उम्मीदवारों से तगड़ी चुनौती मिली। पाकिस्तान की पत्रकार नेमत खान ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें नेशनल असेंबली सीट 242 के पीपीपी उम्मीदवार कादिर खान मंडोखैल वोटिंग स्टेशन का दरवाजा तोड़कर अंदर जाते नजर आए। कादिर पुलिस और निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में बैलेट पेपर से भरे बॉक्स को जमीन पर फेंकते नजर आ रहे हैं।



# जम्मू कश्मीर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को मिली संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** संसद ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर से संबंधित तीन विधेयकों मंजूरी दे दी जिनमें केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने तथा वाल्मीकि समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रावधान शामिल हैं। राज्यसभा में जम्मू कश्मीर पंचायती राज विधेयक (संशोधन) विधेयक,संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (जम्मू कश्मीर) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक पर एकसाथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया। लोकसभा इन्हें पहले ही पारित कर चुकी है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधेयकों पर हुई चर्चा के जवाब दिए और फिर उसके बाद इन्हें उच्च सदन ने मंजूरी दी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद रायने ''जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024'' पर हुई चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर को लेकर विपक्षी सदस्यों ने जो भी आरोप लगाए हैं उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद वहां विकास को गति मिली है और केंद्रशासित प्रदेश मुख्यधारा में जुड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए हटाये जाने के बाद वहां महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं तथा शांति, सुरक्षा और विकास सहित सामाजिक एवं आर्थिक आयामों में सुधार देखे गये हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में सिंचाई परियोजना, कृषि, पर्यटन आदि क्षेत्रों में बेहतरीन विकास हुआ है तथा सामाजिक कल्याण के लिए कार्य हुआ है। उन्होंने कहा, ''अनुच्छेद 370 देश की एकता व अखंडता में बाधा थी और उस कलंक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाप्त किया।''



# किन्नर अखाड़े के शिविर में देर रात लगी आग छह टेंट जलकर राख, तीन लोग झुलसे



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** माघ मेले में ओल्ड जीटी रोड संगम लोवर मार्ग पर किन्नर अखाड़े का शिविर मे बृहस्पतिवार की देर रात करीब दो बजे आग लग गई। इससे आधा दर्जन से अदिक तंबू जल गए। आग की चपेट में आने से तीन लोग झुलस गए हैं। इससे मौके पर अफरातफरी मची रही। सूचना पाकर पुलिस दकमकल के साथ मौकै पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। घायलों का उपचार एसआरएन में चल रहा है।

महामंडलेश्वर भवानी मां रात में हवन कर रही थी। वहीं पीछे सिलेंडर रखा था। सिलेंडर से गैस लीक होने से आग लग गई। इससे शिविर की चार कुटिया पूरी तरीके से जलकर राख हो गई। इसमें तीन लोग झुलस गए।

इस आग में महामंडलेश्वर भवानी मां के भाई, भाभी और एक रिश्तेदार गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। शिविर में उपस्थित जर्मनी की अनीशा गोमदीज का डिप्लोमैट पासपोर्ट और पैसा जलकर राख हो गया है। दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।


मौनी अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर माघ मेला में इमरजेंसी प्लान लागू करते हुए 48 घंटे के लिए हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। माघ मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि गुरुवार सुबह 12 बजे से शनिवार सुबह 12 बजे तक अतिरिक्त सतर्कता बरतने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। शहर से लेकर पूरे मेला क्षेत्र की पांच सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है।

## ईश्वर चन्द को बनाया गया प्रतापपुर भाजपा का संयोजक




**उतराव,प्रयागराज।** विधानसभा प्रतापपुर के अनर्गत ढोरहा गांव निवासी समाजसेवी व भाजपा नेता ईश्वरचंद बिन्द के कार्य को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र विधानसभा प्रतापपुर का संयोजक बनाया गया। वही उनके गांव ढोरहा पहुंचकर भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने बधाई दी।

## श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, संत- महात्माओं पर पुष्प वर्षा







लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** महापर्व मौनी अमावस्या पर संगम के तट पर सुनहरे मौसम के बीच मध्य रात्रि से ही श्रद्धालुओं का स्नान प्रारंभ हो गया। इस महापर्व पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा हर तरफ श्रद्धालुओ का जनसमूह दिखाई पड़ रहा था पूरा दिन स्नान अनवरत जारी रहा मौनी अमावस्या के पावन पर्व करोड़ो स्नानार्थियो ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं के आवागमन एवं सुरक्षित स्नान हेतु संपूर्ण मेला क्षेत्र में व्यापक पुलिस प्रबंध किए।

मुख्यमंत्री के निर्देशन में पुलिस उप महानिरीक्षक प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र के द्वारा अपार जनसमूह, संतो, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियो, कल्पवासियों पर हेलीकॉप्टर के माध्यम से पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## रामचंद्र साहू बने अध्यक्ष और अरशद भाई महामंत्री



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रयागराज महानगर अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल नें क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता से अनुमोदन और जिला अध्यक्ष लालू मित्तल से विधिवत संस्तुति प्राप्त कर शहर के व्यस्ततम और पुराने बाजार बहादुरगंज व्यापार मंडल का गठन किया। प्रतिष्ठित व्यापारी रामचंद्र साहू को अध्यक्ष, अरशद भाई ( पटाखे वाले ) महामंत्री, कैलाश केसरवानी को कोषाध्यक्ष का पद दिया गया। उपाध्यक्ष पद नीरज व विशाल केसरवानी प्रवीण व अभय मालवीय विकास साहू को दिया गया। संगठन मंत्री रईस मनोनीत किये गए। बहादुरगंज बाज़ार के गणमान्य व्यक्तिओं व प्रतिष्ठित व्यापारी गण भारी संख्या मे उपस्थित रहे। प्राचीन व व्यापारियों के लोकप्रिय व्यापार महामंडल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले गठित बहादुर गंज व्यापार मंडल के प्रति सभी उपस्थित व्यापारी समूह नें सहर्ष भरपूर समर्थन और विश्वास व्यक्त किया।

महानगर अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल ने बताया रास्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल को प्रदेश मे मजबूत व व्यापारी हितों के प्रति समर्पित सर्व श्रेष्ठ महामंडल बनाने के क्रम मे अब प्रयागराज मे लगातार ही बाज़ारो मे व्यापार मंडल गठन का सिलसिला चलता ही रहेगा।

जिला अध्यक्ष लालू मित्तल नें कहा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की अध्यक्षता मे प्रयागराज मे शीघ्र ही वृहद प्रांतीय बैठक आयोजित किया जाएगा व महानगर सहित सम्पूर्ण जिले मे व्यापार मंडल गठन किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से श्याम जी केसरवानी चौक, रतन दीप जीरो रोड, हिम्मतगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष, रमन गुप्ता जय हिंद, कौशल मेट्रो शूज, राजेंद्र केसरवानी, पप्पू, बल्लू , मुकेश अग्रवाल, पप्पू सिरसा, टीटू गुप्ता, गोपाल जी गुप्ता, राम केसरवानी, अपूर्व चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## संगीत का असर हमारे शरीर और मन दोनों पर पड़ता है- हेमचंद्र

### रानी रेवती देवी में चार दिवसीय क्षेत्रीय संगीत वर्ग का शुभारंभ




**प्रयागराज।** विद्या ;भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के संयोजन में चार दिवसीय क्षेत्रीय संगीत वर्ग का शुभारंभ हुआ। जिसमें लखनऊ, कानपुर, सुल्तानपुर, गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर, झांसी एवं सीतापुर जिलों के प्रतिभागी उपस्थित रहे।संगीत वर्ग का शुभारंभ क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया द्य तत्पश्चात क्षेत्रीय संगीत संयोजक मनोज गुप्ता ने संगीत वर्ग की प्रस्ताविकी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि का स्वागत एवं परिचय कराया।

प्रथम दिन के वर्ग को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हेमचंद्र ने बताया कि विद्या भारती के पांच प्रमुख आधारभूत विषयों में संगीत का प्रमुख स्थान है, उन्होंने बताया कि जिस तरह हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक खाने की आवश्यकता पड़ती है ठीक उसी तरह हमारी आत्मा को स्वस्थ और सकारात्मक रखने के लिए संगीत की आवश्यकता पड़ती है।

उक्त बैठक में क्षेत्रीय शारीरिक संयोजक जगदीश सिंह, क्षेत्रीय सह संगीत संयोजक बृजराज दुबे, गोरक्ष प्रांत संयोजक दिग्विजय नाथ मिश्रा, सह संयोजिका अरुणिमा श्रीवास्तव, कानपुर प्रांत संयोजक बृजेश कुमार, काशी प्रांत की संयोजिका रोली श्रीवास्तव एवं सह संयोजक राम जी मिश्रा, आनंद प्रधानाचार्य, शिवजी राय, प्रवीण कुमार तिवारी, कपिल देव सिंह, रमेश चंद्र मिश्रा, रामचंद्र मौर्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वर्ग का संचालन क्षेत्रीय संगीत संयोजक मनोज गुप्ता ने किया।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रयागराज।** आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वर्गीय रमेश के पुण्यतिथि पर कटघर क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से गठिया , चिकनगुनिया, चर्म रोग , शुगर , पथरी , मोतियाबिंद , दंत रोग आदि के 325 से अधिक मरीज देखे गए। मीजल्स चिकन पॉक्स की सुरक्षात्मक 400 मरीजों को दवा परार्मश दिया गया।

शिविर में मुख्य रूप से डॉ0 आनंद प्रकाश, डॉ0 भंवर सिंह, डॉ0राजेश श्रीवास्तव, डॉ0 सुनील पटेल, डॉ0 अखिल निगम, डॉ0 सागर गुप्ता, डॉ0 सुरेंद्र यादव, फार्मासिस्ट विनोद कुमार, रवि सचान, डॉ0 आर.के सोनी, डॉ0 विकास, आनंद कुमार, अरुण कुमार, विनोद आदि लोगों ने अपना सहयोग दिया। राष्ट्रगान के द्वारा चिकित्सा शिविर का समापन हुआ।

## भक्तकवि मीराबाई का सामाजिक सांस्कृतिक प्रतिपाद्य विषयक संगोष्ठी कर और पांच मार्च को

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आईसीएस एसआर के सहयोग से आगामी 4 और 5 मार्च को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का विषय ÷भक्तकवि मीराबाई का सामाजिक- सांस्कृतिक प्रतिपाद्य ÷ है। यह जानकारी देते हुए संयोजक व सम्पादक डॉ. हिमांशु शेखर सिंह अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय संगोष्ठी में भक्तकवि मीराबाई पर केन्द्रित आईएसबीएन युक्त पुस्तक का विमोचन होगा, जिसमें आप सभी के सारगर्भित शोध-आलेख 20 फरवरी तक आमन्त्रित हैं। कुछ प्रमुख प्रस्तावित विषयों में भारतीय सांस्कृतिक परम्परा और मीराबाई, भारतीय सामाजिक चेतना और मीराबाई, संत मीराबाई का साहित्यिक

**राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता तथा शोध-आलेख हेतु 20 फरवरी अंतिम तिथि**

अवदान, भक्तिकाव्य-परम्परा और मीराबाई का प्रदेय, मीराबाई के साहित्य में सामाजिक चेतना, मीराबाई के काव्य में लोक- चेतना, भारतीय सामाजिक मूल्यों की प्रतिस्थापना में मीराबाई की भूमिका, लोकमानस और मीराबाई, नारी-जागरण और मीराबाई, मीराबाई के पदों में लोकसंगीत, सामाजिक विद्रूपताओं के प्रतिपक्ष में मीराबाई, मीराबाई के साहित्य का सांगीतिक महत्त्व, जनजातीय चेतना की जागृति में मीराबाई का अवदान और सामाजिक- सांस्कृतिक परिवर्तन में मीराबाई की भूमिका शामिल हैं।

## इटली के 11 पर्यटकों ने संगम में लगाई डुबकी, पुलिस प्रबंधन को सराहा



**प्रयागराज।** आज माघ मेले का सबसे बड़ा स्नान पर्व मौनी अमावस्या है। जैसी इसकी पौराणिक प्रसिद्धि वैसी ही आज तस्वीर। इस महास्नान पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाने लाखों श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। रात से भोर में ब्रह्म मुहूर्त तक मेला क्षेत्र के सभी रास्तों से लेकर संगम नोज तक एक बड़ा जनसमूह पहुंच गया। इटली के विभिन्न स्थानों से भारत भ्रमण पर आए 11 पर्यटकों के समूह ने माघ मेला के आयोजन के बारे में बहुत कुछ सुना था। आज मौनी अमावस्या स्नान पर्व के अवसर पर वह प्रातःकाल में ही माघ मेला क्षेत्र में भ्रमण एवं स्नान करने जनपद प्रयागराज आए। सुरक्षित संगम स्नान के बाद उन्होंने कहा कि माघ मेला का पर्व अद्भुत है, ऐसा उन्होंने इससे पहले कभी नहीं देखा था। तीर्थराज प्रयागराज में उन्हें अद्भुत आलौकिक अनुभूति हुई। इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के साथ उनके समूह को संगम तट पर सुगम एवं सुरक्षित स्नान कराने के लिए किए गए पुलिस प्रबंधन की सराहना की और कहा "थैंक यू यूपी पुलिस"।

## मुर्गी फार्म में कार्यरत मजदूर की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत, मालिक की हालत गंभीर



लोकमित्र ब्यूरो

**उतराव , प्रयागराज।** उतराव थाना क्षेत्र के नीमी गांव में मुर्गी फार्म में कार्य कर रहे एक मजदूर की रहस्यमय परिस्थितियों मे मौत हो गई, वहीं मुर्गी फार्म मालिक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए एस आर एन भेज दिया है।

बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी विनोद कुमार गुप्ता गांव में ही मुर्गी फार्म खोल रखा है। फार्म हाउस की देखभाल

बिसरजन 40 वर्ष पुत्र बरसतीलाल ग्राम दात्तेपुर थाना सरायममरेज किया करता है।

शुक्रवार दोपहर मुर्गीफार्म पर विनोद कुमार मजदूर के साथ मौजूद था। कुछ समय बाद दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी तो इसकी सूचना परिजनों को मिली तो वह फार्म हाउस पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने विसर्जन को मृत घोषित कर दिया, जबकि विनोद का इलाज चल रहा है। सूचना पाकर उतराव पुलिस एसीपी हंडिया मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का सैंपल लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया है।

## अगला लोकसभा का चुनाव विकसित भारत राष्ट्र के लिए होगा

### भाजपा के द्वारा निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में विकसित भारत निर्माण संकल्प यात्रा का आयोजन आजाद स्क्वायर चौराहा एवं कर्नलगंज इंटर कॉलेज के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, महानगर अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं डॉक्टर एलएस ओझा ने कहा कि मोदी सरकार योजनाएं गरीबों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। उन्होंने देश की जनता से जो वादा किया था और काम करने की गारंटी लिया था उसे गारंटी को उन्होंने पूरा करने का काम किया। आगे कहा कि मोदी जी के पढ़ते हुए कदम भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगा और उनके नेतृत्व में आगामी होने वाला लोकसभा का चुनाव विकसित भारत राष्ट्र के लिए होगा।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस दौरान मोदी और योगी सरकार की सभी योजनाओं का शिविर लगाया गया और लाभार्थियों का अनुभव साझा किया गया। तत्पश्चात सभी लोगों ने मिलकर विकसित भारत निर्माण के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट एवं राघवेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज मिश्रा ने किया इस अवसर पर बब्बू राम द्विवेदी, पार्षद किरन जायसवाल, पार्षद रितेश मिश्रा, राजेश केसरवानी, संजीव जायसवाल, सचिन जायसवाल पूर्व पार्षद आभा द्विवेदी, हरीश मिश्रा, अस्मत कमाल ,स्मृति श्रीवास्तव, मीनू पांडे, शैलेंद्र द्विवेदी, रोहित जायसवाल, प्रशांत मिश्रा, अजय शर्मा, विनीता गुप्ता, मीना राय, रोहित पांडे, बालेंद्र त्रिपाठी, बृजेश शर्मा, रोहित मिश्रा, अमन वर्मा, अक्षय मौर्य, विकास श्रीवास्तव, विनय प्रजापति, राम गोपाल शुक्ला, अंशु साहू, लोकेश मुखर्जी, सतीश जायसवाल एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर में मिला दलित किशोरी का शव

### ग्रामीणों ने बताया कि आशनाई में किशोरी ने उठाया घातक कदम

लोकमित्र ब्यूरो

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** गुरूवार देर रात प्रेमी युगल के पकडे जाने के बाद किशोरी का शव घर में मिला। परिजनों ने मामला दबाने की कोशिश की मगर शुक्रवार को कुछ लोगों ने डीसीपी गंगानगर को सूचना दी। इस पर मऊआइमा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्रामीणों के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हटिया भवानीगढ में एक दलित परिवार की पन्द्रह वर्षीय किशोरी का तिलईबाजार के किसी युवक से इश्क चल रहा था। चर्चा है कि गुरूवार देर रात दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रेमी को पीटने के बाद छोड़ दिया गया। बाद में किशोरी का शव संदिग्ध हालात में घर के कमरे में मिला। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी का पिता सूरत में रहता है जबकि उसकी माता मायके गयी थी। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी के मौत की



खबर किसी को नहीं दी गई। शुक्रवार सुबह जब परिजन एवं ग्रामीण शव का अन्तिम संस्कार करने बहरिया के रास्ते फाफामऊ ले जा रहे थे। एमएलसी निर्मला पासवान ने मऊआइमा थाने को सूचना देने की कोशिश की परन्तु फोन नहीं उठा। इस पर उन्होंने डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय को जानकारी दी। जिसपर मऊआइमा पुलिस ने बहरिया के ग्राम हेतापट्टी से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उक्त घटना को लेकर ग्रामीणों में तमाम प्रकार का चर्चा है कि किशोरी ने कैसे जान दी? यह एक रहस्य बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक मृतका के पिता गुजरात सूरज में रोजी रोटी के सिलसिले में रहते हैं जबकि दो चाचा हैं। वे दामोदरपुर घीनपुर में रहते हैं।उनका घर आना जाना लगा रहता है। शुक्रवार को दूसरे पहर किशोरी के परिजन बीमारी से उसकी मौत होने की बात करने लगे।

**बहरिया के रास्ते दफनाने ले जाते समय पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि किशोरी पेट की बीमारी से पीड़ित थी। इस कारण उसकी मौत हुई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि यह बात मृतका के परिजनों ने लिख कर दिया है। इस पर सवाल उठता है कि फिर पोस्टमार्टम क्यों कराया जा रहा है?

## 96 हजार नगदी के साथ पांच जुआरी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया,प्रयागराज ।** बहरिया थाना क्षेत्र के महुली में नाला के बगल जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को 96 हजार 540 रुपए के साथ बहरिया पुलिस ने मौके से पकड़ लिया । जानकारी के अनुसार गुरुवार को रात्रि गश्त पर निकले थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह, उप निरीक्षक रवि कुमार कटिहार, मैनेजर यादव व हेड कांस्टेबल दिनेश शुक्ला, रामचंद्र वर्मा, जगजीवन राम के साथ करनाईपुर नहर पर खड़े थे। मुखबिर से सूचना मिली कि महुली गांव में नाले के बगल कई लोग बैठकर जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचने पर नगद धनराशि सहित जुआरी पकड़ में आ सकते हैं। सूचना पाकर थानाध्यक्ष रणविजय सिंह, उपनिरीक्षक रवि कुमार कटिहार अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि महुली गांव में नाले के बगल कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहे हैं। जिनको घेराबंदी करते हुए दौड़ा कर मौके से विजय सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी बरई शिव थाना सोरांव, तीरथ पासी पुत्र रामनाथ निवासी अल्लीपुर थाना मऊआइमा, गौरव चौरसिया पुत्र सुरेश चंद्र निवासी आजमपुर थाना मऊआइमा, मनोज कुमार पासी पुत्र शौख लाल निवासी अल्लीपुर थाना मऊआइमा, राजू सरोज पुत्र गणपत सरोज निवासी रमईपुर (तेजूपुर) थाना सोरांव को नगदी 96हजार 540 रुपए व दो जोड़ी 52 पत्तों के साथ पकड़ कर थाने लाकर विधिक कार्यवाही की।

## थम्हन के पूरा में श्रीमद्भागवत कथा 26 से

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज) ।** कल्याणपुर के थम्हन के पूरा निवासी पंडित द्वारिका प्रसाद द्विवेदी के आवास पर 26 फरवरी से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा होगी।श्रीमद्भागवत कथा कुलगुरु श्री राम निवास मिश्र की उपस्थिति में कथा व्यास पंडित विजय कांत तिवारी (व्यास जी) कहेंगे। मुख्य यजमान श्रीमती कुसुम लता पत्नी द्वारिका प्रसाद द्विवेदी सपत्नीक रहेंगे। व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद द्विवेदी,रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी एवं आशुतोष द्विवेदी उर्फ मोनू ने बताया कि 25 फरवरी को कलश यात्रा डीजे, गाजा बाजा, घोड़ा और शंख घंटा घड़ियाल के साथ भयहरण नाथ धाम स्थित शिव मंदिर तक जाएगी।

## माघ मेला जुटे नर नारी, अइले प्रयाग नगरी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्तगत एनसीडेजसीसी द्वारा आयोजित चलो मन गंगा यमुना तीर कार्यक्रम में शुक्रकार को जमकर भीड़ उमड़ी। कलाकारों ने लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर समां बंधा। इस उत्सव के पांचवे दिन लोक कलाकारों ने जमकर रंग जमाया।

उत्तर प्रदेश के लोकगीत बिरहा की गूंज मची तो झिझिया और छपेली की थिरकन पर संगीत प्रेमी झूमने पर मजबूर हो गए। विमला वोरा ने उत्तराखंड का झोड़ा चाचरी एवं पल्लवी किशन ने उज्जैन का मालवी नृत्य से सांस्कृतिक पंडाल को लोकरंग में रंगा। साकार कलाकृति ने जट- जटिन नृत्य कर सराहना बटोरी। बलिया से पधारे राम कृपाल यादव ने हक में ÷काल बली के बड़े-बड़े लड़वईया चल गए अर्जुन पांचों भईया÷ तथा ÷केवनी नगरिया हरि मोर÷ आंचलिक लोकगीतों पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई।

÷माघ मेला जुटे नर नारी, अइले प्रयाग नगरी÷ व ÷डोलल बसन्ती बयरिया, सखी सरसों फूलाइल÷ की प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियां बजाकर इस लोकगीत का अभिवादन किया। दीपेश कुमार एवं दल ने हनुमान विवाह, रामायण प्रसंग पर आधारित एवं विभव शंकर ने ÷माइ तोहरे बिन जग.. बिरहा गायन पेश कर दर्शकों को भक्ति रस से सराबोर किया। इस कार्यक्रम को एकसूत्र में पिरोने का काम मंच संचालिका प्रीती मिश्रा ने किया।

## जेआरएफ से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए दिया ज्ञापन

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष को ज्ञापन देकर अध्येतावृत्ति (फेलोशिप) की धनराशि बढ़ाने, समय से अध्येतावृत्ति जारी करने, अध्येतावृत्ति धनराशि के साथ तीन वर्ष की समय-सीमा तक देने तथा अध्येतावृत्ति के साथ आवासीय भत्ता देने आदि मॉगे रखी हैं।उल्लेखनीय है कि आईसीएचआर के अन्तर्गत जेआरएफ की राशि अभी प्रतिमाह 17,600 रूपए ही है जो कि यूजीसी-जेआरएफ के अन्तर्गत मिलने वाली अध्येतावृत्ति 37000 की तुलना में बहुत कम है। साथ ही आईसीएचआर जेआरएफ केवल 2 वर्ष के लिए ही मिलता है,

# जश्ने फत्तेह खैबर में देर रात तक चला शेरो शायरी का दौर

## करारी स्थित हजरतगंज वार्ड में आयोजित हुई महफिल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी में जश्ने फत्तेह खैबर का आयोजन किया गया। हजरतगंज वार्ड स्थित एसएम महदी के इमाम बारगाह में आयोजित इस कार्यक्रम में मुकामी शायरों ने मौला अली की शान में एक से बढ़कर एक कलाम सुनाया जिसे सुनकर लोग झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत तेलावत ए कुरान से आदिल रिजवी ने किया। कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू हो कर देर रात तक चला।

मंगलवार की रात कस्बे के हजरतगंज मोहल्ला में एसएम महदी के इमामबारगाह में जश्ने फत्तेह खैबर महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तेलावत से की गई। इसके बाद शुरू हुआ शेरो शायरी का दौर। मुकामी शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी। सबसे पहले छोटे छोटे बच्चों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। बच्चों के बाद शायरों का सिलसिला शुरू हुआ। हसन इलाहाबादी ने अपना कलाम पढ़ा तो मजमा वाह वाह कर उठा। उन्होंने ने पढ़ा कि-बात जब निकली तो निकली मरहबो अंतर की बात, दरमियाँ में खुद बखुद ही आगई हैदर की बात।

इसके बाद औन रिजवी ने पढ़ा-मरहब के टुकड़े जब हुए खैबर की जंग में, हर दुश्मने रसूल का चेहरा उतर गया। अली सरदार ने पढ़ा-टूट जाता आसमां बढ़ती जो पांचो उंगलियां, वह तो कहिये दो बढ़ी थीं बाबे खैबर के लिए। इस शेर पर लोग नारा लगाने लगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रौशन करारवी ने पढ़ा- बुजदिल भी बहादुर का अलम मांग रहे थे,

जाहिल भी मोअल्लिम से कलम मांग रहे थे, मालूम नहीं था जिसे इमला भी अलम का, वह लोग भी खैबर में अलम मांग रहे थे। इसके बाद मौलाना सैयद हैदर अली जैदी ने कहा कि जंगे खैबर एक ऐसी जंग थी जो चालीस दिन तक चली। मुसलमान रोज जाता और मार खाकर वापस आजाते, आखिर में रसूले अकरम ने फरमाया कल मैं उसको अलम दूंगा जो कर्रार होगा गैरे फर्रार होगा, दुश्मन पर बढ़ बढ़कर हमला करने वाला होगा, रसूल ने आवाज दी अली कहां हैं मौला अली आये तो रसूल ने अलम अली के हाथों में देकर रुखसत किया। मौला अली ने मरहब को कत्ल कर दुश्मन के किले का दरवाजा जो खैबर के नाम से जाना जाता था अपनी दो उंगलियों से उखाड़ कर फेंक दिया था उसी फत्तेह खैबर की याद में इस महफिल का आयोजन किया गया था। इसके बाद अकीदतमंदों ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दी। इस मौके पर साबिर सोनवी, हमूद अहमद रिजवी, महशर रिजवी, शराफत हुसैन, राहिब,जौहर,फहमी, शाहवर और शोएब सलमान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने मामूली विवाद में मां-बेटी को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशांबी।** चरवा थानाक्षेत्र के स्थानीय गांव की भगनी देवी ने बताया कि उसके पति रामदेव की काफी पहले मौत हो चुकी हे। वह मजूदरी कर परिवार का गुजारा करती है। गुरुवार को वह मजूदरी करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान पड़ोस का ही एक युवक रास्ते में गाली गलोच करने लगा। महिला के विरोध करने पर उसने परिजनों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंची बेटी मनीता देवी को भी जमकर पीट दिया। आरोप है कि पिटाई के बाद मनीता के गले में पड़ा लॉकेट और पुल्ली भी छीन लिया। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल मां-बेटी ने थाने जाकर आरोपी चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि शाम तक पुलिस ने थाने में बैठाए रखा उसके बाद मामले में सुलह करने का दबाव बना रहे थे। शुक्रवार को महिला ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# आवासीय रेलवे कालोनियों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए लिखा पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर स्थित रेलवे स्टेशन पर बनी कालोनियों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन को हटाने के लिए आरपीएफ चौंकी प्रभारी सुरेंद्र पासवान ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि हाईटेंशन लाईन को हटा दिया जाए।

भरवारी रेलवे स्टेशन के आवासीय कालोनियों के ऊपर से गुजर रही नगर की आबादी को बिजली सप्लाई देने वाली हाई टेंशन 11 हजार वोल्ट की लाईन को रेलवे परिसर से हटवाने के लिए आरपीएफ पुलिस चौकी प्रभारी ने शुक्रवार को विद्युत विभाग व रेलवे के अधिकारियों को पत्र भेजा है जिसमें लिखा कि रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों के निवास के लिए कालोनियों बनाई गयी है स पहले भरवारी रेलवे स्टेशन परिसर पर भरवारी पावर हाउस द्वारा भरवारी नगर की आबादी को बिजली की सप्लाई देने के लिए एक 650 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया था और इस ट्रांसफॉर्मर में 11 हजार की विद्युत सप्लाई देने के लिए रेलवे कालोनियों के ऊपर से तार ले जाया गया है। उसी में लगी तारें अब ढिली होकर कालोनियों की छत पर नीचे लटकर रही है जिससे किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इस हादसे से लोगों को बचाने के लिए बिजली विभाग और रेलवे के अधिकारियों को पत्र लिखकर भेजा गया है।

# दबंगों ने रंजिशन युवक को पीटा, एसपी से शिकायत

**चायल, कौशांबी।** संदीपनघाट थानाक्षेत्र के हुसैनमई गांव निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि वह मुंबई में रहकर धंधा करता है। इस समय वह घर आया है। बुधवार तीन बजे के करीब वह घर लेटा था। इसी दौरान गौसपुर गांव के पांच युवक घर में घुस आए। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर दबंग गाली गलौज करने लगे। प्रवीण के विरोध करने पर दबंगों ने उसको जमकर पीट दिया। इससे युवक को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने पहुंच घटना की तहरीर दी। पुलिस ने उसका शांति भंग में कार्रवाई कर दी।

# चायल में गमगीन माहौल में निकाला गया 28 रजब का जुलूस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** चायल कस्बा में शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद सफर-ए-इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के अवसर पर मेंहदी घर में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें शिया जामा मस्जिद चायल के पेश इमाम मौलान सैयद जाहिद हुसैन ने खिताब किया। इसके बाद अलम का जुलूस बरामद किया गया।
मजलिस की शुरुआत सोजख्वानी से की गई। जिसको दाऊद हुसैन ने पढ़ी। उसके बाद मौलाना सेयद जाहिद हुसैन ने वाकया बयान किया। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन 28 रजब सन 60 हिजरी को इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने 71 साथियों व परिवार के साथ अपने नाना रसूल के शहर मदीना को छोड़कर उनका दीन बचाने के लिए कर्बला के लिए रवाना हुए। जो कि छह माह का सफर तय करते हुए दो मोहर्रम सन् 61 हिजरी को सर जमीन-ए-कर्बला पहुंचे। इस दौरान मौलाना ने मसाएब के जुमले पढ़े तो लोगो ने अश्क बहाया। उसके बाद अलम का जुलूस बरामद किया गया। अंजुमन अब्बासिया नजरगंज बड़ागांव ने नौहा मातम किया। साहब ए बयाज उस्मान अली ने पढ़ा-मैं इब्ने हसन कासिम, कहते हैं मुझे कासिम। अकीदतमंदों ने दिल खोलकर मातम किया। जुलूस अपने कदीमी रास्ते से होता हुआ इमाम चौकी पर जाकर समाप्त हो गया।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

### निर्माण व फिनीशिंग कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के दिए निर्देश निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय- डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज,कादीपुर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों फिनीशिंग कार्यों के प्रगति की विस्तृत जायजा लिया। जलाधिकारी ने अकेडमिक बिल्डिंग,लैब एवं लेच्चर थियेटर के फिनीशिंग कार्यो के निरीक्षण के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए और टीम बढाकर शेष रह गये फिनीशिंग कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य गेट निर्माण,ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य एवं सड़क निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यो में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय।

जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की विस्तार शाखा के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्ययोजना बनाकर निर्माण कार्यों में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी निरीक्षण में निर्माण कार्योध्फिनीशिंग कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किया जायेंगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन श्री के0के0 श्रीवास्तव को नियमित निगरानी करते हुए निर्माण कार्योध्फिनीशिंग कार्यो को तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एजेन्सी वैस्कॉन श्री सचिन महाडीक ने बताया कि अकेडमिक बिल्डिंग का ग्राउण्ड एवं प्रथम तल तथा गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल के शेष फिनीशिंग कार्यो को 20 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जायेंगा। उन्होंने बताया कि कुल 19 लिफ्ट लगाये जाने है,जिसमें 04 लिफ्ट लग गये है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष लिफ्ट लगाये जाने की कार्यवाही में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-वन श्री के0के0 श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अन्ना गोवंश को पकड़कर भेजा गया कान्हा गौशाला




**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में नगर पालिका परिषद भरवारी में अन्ना मवेशियों के आतंक से परेशान लोगो को अब राहत मिलने शुरू हो गई है। नगर क्षेत्र में सड़को और खेतो में घूमने वाले छुट्टा गोवंश से क्षेत्रीय लोग परेशान थे। समय-समय पर छुट्टा गोवंश से होने वाली घटनाओं को लेकर तमाम स्थानीय लोगों ने नगर अध्यक्ष गुहार भी लगाई थी।

जिस पर शुक्रवार को नगर अध्यक्ष कविता पासी,लेखा लिपिक बब्लू गौतम ने दर्जनों कर्मचारियों को लेकर बिसारा जोन के बिसारा, दशरथपुर सहित सड़को पर घूम रहे तेरह अन्ना गोवंशो को पकड़कर वाहन से वॉर्ड नंबर 19 धर्मराज नगर पल्हाना स्थित कान्हा गौशाला पहुंचाया गया स इस दौरान जोन प्रभारी राकेश कुमार सरोज सहित अन्य नगर कर्मी उपस्थित रहे स नगर अध्यक्ष कविता पासी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप नगर पालिका क्षेत्र के मूरतगंज पल्हाना में बने कान्हा गौशाला में आने वाले छुट्टा गोवंश के लिए चारे का पूरा प्रबंध है। पूरे गौशाला की निगरानी में सीसीटीवी कैमरों से होती है। यहाँ इन दिनों सैकड़ों छुट्टा गोवंशों को अलग-अलग कैटेगरी में रखा जाता है।

# हुसैन जाता है परदेस अलविदा अम्मा

## जुलूस ए सफर ए हुसैनी में उमड़ा अकीदतमंदों का जन सैलाब



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** लिपट के मां की लहद से ये बोले शाहे होदा, हुसैन जाता है प्रदेस अलविदा अम्मा। जब यह नौहा जुलूस ए सफर ए हुसैनी में अंजुमने गुलशने इस्लाम अम्बेडकर नगर के नौहाख्वान जोहैर अब्बास और कामरान ने पढ़ा तो अजादारों की आखों से आंसू बहने लगे। कस्बे के अंसारगंज वार्ड स्थित सद्र इमामबाड़ा में सुबह 10 बजे कार्यक्रम की शुरुआत तेलावत से हुई। इसके बाद मौलाना जमीर हैदर ने पहली मजलिस पढ़ी।

शुक्रवार को नगर पंचायत करारी के अंसारगंज वार्ड के सदर इमामबाड़ा में जुलूस ए सफर ए हुसैनी कार्यक्रम अंजुमने अब्बासिया के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तेलावत से की गई। इसके बाद इफ्तेताही तकरीर मौलाना अनीस रिजवी जायसी ने की। उन्होंने ने इमाम हुसैन के मदीना से मक्का और मक्के से कर्बला जाने के वाकिआत बयान किये। तकरीर के बीच काले परचम बरामद हुए, उसके बाद इमाम हुसैन का जुलजनाह, हजरत अब्बास का अलम और जनाबे जैनब,उम्मे कुलसूम और जनाबे फिज्जा की अमारियां बरामद हुई। अजादारों ने इन शबीहों की ज्यारत कर इमाम हुसैन को याद करते हुए आंसू बहाये। नौजवान मातम करते हुए आहिस्ता आहिस्ता कब्रे रसूल पर पहुंचे जहां मौलाना सैयद अलमदार हसनैन रिजवी ने तकरीर करते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने मदीना से जाते वक्त नाना रसूले खुदा की मजार पर पहुंच कर आवाज दी थी नाना आपका हुसैन मदीना से जा रहा है। तकरीर के बाद अजादारों ने रौजा ए रसूल की ज्यारत की। उसके बाद अंजुमने गुलशने इस्लाम के नौहाख्वान जोहैर और गुलाम हैदर ने नौहा पढ़ा- कर्बला आ के मुसीबत में पड़ी है जैनब, सर बरहना है रसन बस्ता खड़ी है जैनब। नौहे पर अजादारों ने सीना जनी कर अपनी अकीदत का इजहार किया। जुलूस छोटे इमामबाड़ा पहुंचा जहां मौलाना रिजवान हैदर ने तकरीर की। जुलूस वापस सद्र इमामबाड़े में आया जहां मातमदारों ने मातम करते हुए पढ़ा- यसरब से जा रहा है नवासा रसूल का, वीरान हो रहा है मदीना रसूल का। इसके बाद गुलाम पंजतन रिजवी ने ज्यारत पढ़ाकर जुलूस को समाप्त किया। इस मौके पर मास्टर फजलुल अब्बास, हैदर अब्बास, जहूर महदी,जौहर रिजवी,अजादार रिजवी, इरफान, रिजवान और मोहम्मद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**प्रयागराज।** 10 फरवरी दिन शनिवार को गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन विमल होमियो सदन ट्रस्टष् माघ मेला क्षेत्र में ÷माता शीतला चौकिया जौनपुर÷ की कलश स्थापना करेगा। इसके बाद पूरे नौ दिन पूजा-पाठ कीर्तन व अन्न क्षेत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विमल होमियो सदन ट्रस्ट व जर्मन होम्योपैथी संस्था के सौजन्य से निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जहां प्रतिदिन 200 लोगों का उपचार कर नि:शुल्क दवा वितरित की जाएगी। यह स्वास्थ्य शिविर 9 फरवरी से 20 फरवरी तक निरंतर लगाया जाएगा। इसमें विमल होम्यो सदन ट्रस्ट के संचालक डॉक्टर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव (गोल्ड मेडिलिस्ट) व बीएचएमएस डॉक्टर राकेश सिंह मरीजों का उपचार करेंगे। आयोजन के विषय में बताते हुए डॉक्टर प्रदीप ने बताया कि ÷हमारी संस्था का उद्देश्य है हर व्यक्ति स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे।

# चायल लीग मैच में सिंहपुर ने निजामपुर पुरैनी को पांच विकेट से हराया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** चायल कस्बा के अजमतगंज मोहल्ले में आयोजित चायल प्रीमियर लीग मैच में शुक्रवार को सिंहपुर की टीम ने निजामपुर पुरैनी को पांच विकेट से हरा दिया। सिंहपुर ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। खेल के निर्धारित 12 ओवर में निजामपुर पुरैनी टीम ने सिंहपुर के सामने 121 रन का लक्ष्य दिया। टीम के सलामी बल्लेबाज विनोद कुमार ने ताबड़तोड़ पांच छक्का और एक चौका लगाकर 18 गेंद पर 41 रन जड़ दिए। सिंहपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सतेंद्र ने तीन ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिया। वहीं जितेंद्र ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट चटकाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी सिंहपुर की टीम की तरफ से सतेंद्र ने 45 रन और जितेंद्र के 30 रनो के बदौलत निजामपुर पुरैनी को पांच विकेट से हरा दिया। सिंहपुर टीम के सतेंद्र को तीन ओवर में तीन विकेट और 45 रनो की पाली खेलने पर आयोजक समूह ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस मौके पर अमर सिंह, त्रिभुवनलाल, इरफान बोस, नन्हे सिद्दीकी, नोमान उमर, अमर सिंह, मो. तलहा, तौसीफ साजिद, रवि कुशवाहा, सैफ मोज्जम, इकरार हंजला आदि मौजूद रहे।

# महिला के बकाया रुपया मांगने पर दुकानदार दे रहा धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के बिरौली गांव की राधा देवी पत्नी सुरेश प्रसाद सेन ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी तीन साल पहले किया था। शादी के समय उसने एक युवक को 38 हजार रुपए में फर्नीचर का सामान बनाने के लिए आर्डर दिया था। फर्नीचर का सामान सही न बनाने पर उसने वापस कर दिया। सामान वापस करने के बाद उसने 33 हजार रुपया वापस कर दिया। बाकी का बकाया पांच हजार रुपया वह देने में आनाकानी कर रहा है। गुरुवार को बकाया मांगने पर दुकानदार धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी दुकानदार के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सैनी के प्रसून मौर्य ने एमबीबीएस परीक्षा की पास ,खुशी की लहर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सैनी कस्बे के रहने वाले प्रसून मौर्य ने एमबीबीएस की परीक्षा पास कर डॉक्टर बन गए है जैसे ही यह खबर उनके परिजनों सहित क्षेत्र के लोगो को मिली तो बधाई देने वालो का तांता लग गया।बताते चले की सैनी कस्बे के रहने वाले सुधीर कुमार मौर्य के पुत्र प्रसून मौर्य ने एम बी बी एस की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है । प्रसून मौर्य ने अपनी चिकित्सा की पढ़ाई रूस में की और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनिवार्य परीक्षा को उत्तीर्ण करने पर परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। बड़े भाई एडवोकेट प्रतीक मौर्य एवं छोटे भाई प्रवीण मौर्य डायरेक्टर प्रभा हॉस्पिटल सहित एडवोकेट शिव गोपाल मौर्य , शिव कुमार मौर्य, राजकुमार मौर्य, विजय मौर्य , राज्य विधि अधिकारी पुनीत मौर्य , प्रमोद मौर्य , आशीष मौर्य आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# चोरी के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पर पंजीकृत भोला पासी निवासी कायमपुर थाना व जनपद कौशाम्बी को न्यायालय एसीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 3000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# ओम प्रकाश राजभर से बालम शुक्ला जिला अध्यक्ष कौशाम्बी ने किया मुलाकात



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** जनपद के जिला अध्यक्ष बालम शुक्ला ने लखनऊ कार्यालय में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री ओमप्रकाश राजभर औचारिकता भेंट किया जिसमे जनपद में कार्यकर्ताओं साथ जनपद में सक्रिय भूमिका के रूप में पार्टी के विस्तार करने पर जिला अध्यक्ष बालम शुक्ला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बधाई दी और कहा कि लोकसभा के चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा के साथ मिल कर चुनाव लडेगी और सभी लोग पार्टी की विचारधारा के साथ आगे आ कर पिछड़ों का साथ कदम से कदम मिला कर चलने वाली सुभसपा सब के हित में सबका साथ और सबका विकास का सपना ले कर खरा उतरेगी।

## समर्थ किसान पार्टी की पुरानी कार्यकारिणी भंग, नई कार्यकारणी की घोषणा जल्द

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने पार्टी की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन के लिए जल्द ही पार्टी की बैठक होगी, ऐसी जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अजय सोनी ने दी है।

# स्मार्ट फोन से छात्र बनेगी तकनीकी सक्षम - श्री राम सुन्दर सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मंझनपुर विकासखंड के बैशकाटी में शुक्रवार को प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रबंधक राम सुन्दर सिंह उपस्थित रहीं कार्यक्रम के शुरुवात मां सरस्वती की पूजा आराधना से विद्यालय प्रशासन द्वारा लगभग 400 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया स्मार्टफोन वितरण के दौरान राम सुन्दर सिंह ने अच्छा-अच्छा काम को संबोधित करते हुए कि इस स्मार्टफोन से आप सभी को तकनीकी क्षेत्र में जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी लेकिन आप सभी को इसके दुष्प्रभाव से भी बचना होगा इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे।

# हत्या का प्रयास करने वाले वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक गौरव त्रिवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित इन्द्रपाल निवासी अमिरसा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया।

## वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक विपिन कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी राम सेवक उर्फ पाण्डेय निवासी अमीना का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 56 वाहनों का ई-चालान किया गया।

अधिकारियो की अनदेखी

# बदहाली के आंसू बहा रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डेरवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जेठवारा, प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत डेरवा मे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिम्मेदारो और उच्च अधिकारियो की अनदेखी किये जाने के कारण बदहाली के आंसू रो रहा है। यहा शासन स्तर से गरीबो को किसी भी प्रकार की उचित स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था नही मिल पा रही है। किसी भी गरीब मरीज को किसी भी प्रकार का टीका इन्जेक्शन समय से नही मिल पाता है ।। डा0 विवेक सिंह ने बतलाया कि किसी भी प्रकार के इन्जेक्शन रखने की रेफ्रिजिरेटर फ्रीजर की कोई ब्यवस्था अस्पताल मे नही है इसलिए इन्जेक्शन वगैरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाघराय या लक्ष्मणपुर स्वास्थ्य केन्द्र से मँगवाया जाता है । समय से दवा इन्जेक्शन न मिल पाने के कारण मरीज परेशान होते है । साथ ही यहा कोई भी डाक्टर समय से बैठता नही है। स्वास्थ्य केन्द्र डेरवा पर डा0विवेक सिंह, एक स्वीपर, एक वार्ड ब्वाय और एक ।छड नियुक्त है



जिसमे से वार्ड ब्याय बद्रीप्रसाद मिश्र जो पिछले 30 वर्षो से मनमानी पूर्ण कार्य करते हुए डेरवा स्वास्थ्य केंद्र पर ही बने हुए है। अधिकारियो की अनदेखी किये जाने का फायदा उठाकर सभी स्वास्थ्यकर्मी मनमानी कर रहे है। पिछले 6 वर्षो से वार्ड ब्याय स्वीपर फर्मासिष्ट बनकर दवा का वितरण करता है जिस कारण आये दिन गलत दवा इलाज के कारण गरीब मरीजो से दवा वितरण के साथ गाली गलौज होती रहती है। कुछ माह पहले दवा इलाज को लेकर कुछ लोगो द्वारा डाक्टर और मरीजो के परिजनो द्वारा जमकर मारपीट हुआ था। जिस पर उन्होने जानमाल की सुरक्षा हेतु थाने पर प्रार्थनापत्र देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। स्वास्थ्य कर्मी समय से पहले ही अस्पताल बन्द कर गायब हो जाते है। मरीज इलाज हेतु इधर उधर भटकते रहते हैं । जिस कारण बाहरी झोलाछाप डाक्टर गरीब मरीजो का मानसिक और आर्थिक शोषण करते हुए पैसे की लूट मचाये है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आधा अधूरा पडा हुआ है। चारो तरफगंदगी का आलम यह है कि बालू गट्टी इधर उधर बिखरे पडे है । निर्माण कार्य ठेकेदार की मनमानी से कई वर्षो से अटका पडा है । जो कुछ आधा तिहाई बना भी है उस पर कुछ बाहरी लोगो ने कब्जा कर रैनबसेरा बना रखा है। अस्पताल के पास मरीजो को पानी पीने की कोई ब्यवस्था नही है। लगभग 10वर्षो से हैण्डपम्प खराब पडा है। जिस पर किसी भी जिम्मेदार की नजर नही जा रही है । इस तरह पूरी तरह अब्यस्थाओ से भरा पडा है प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डेरवा ।

# स्नान पर्व पर शहर में जाम, रेंगते नजर आए वाहन

## मौनी अमावस्या महास्नान पर्व पर गंगा स्नान कर लौट रहे वाहनों की लगी रहीं कतारें

## ट्रैफिक का जायजा लेने सड़क पर उतरे एसपी, मातहतों को दिया निर्देश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या महास्नान पर्व पर संगम में डुबकी लगाकर वाहनों से लौट रहे स्नानार्थियों के वाहनों से शहर में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों का सड़कों पर चलना दूभर हो गया था। हालांकि ट्रैफिक पुलिस और पीआरडी के जवान जाम से राहत दिलाने में लगे रहे। जाम की स्थिति यह थी कि अगर किसी को प्रयागराज से प्रतापगढ़ आना पड़ा तो उसको ढाई से तीन घंटा लगा। भंगवा चुंगी से चिलबिला तक वाहन रेंगते नजर आए। हालंकि जाम रात से ही शुरू हो गया था। यह जाम स्नान करने संगम जा रहे वाहनों की वजह से था। लेकिन सुबह लौटने वालों वाहनों की भारी भीड़ से शहर की मुख्य सड़क जाम हो गई। इसका असर उससे जुड़ी बाकी सड़कों पर भी दिखा। जिसको जिधर मौका मिल रहा था। वह उधर ही भाग लेता। ट्रैफिक के कारण बेवजह लोगों को दिक्कत न आए इसके लिए एसपी भी शहर में निकले थे। भंगवा चुंगी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस डटी रही।

## भंगवा चुंगी का अवैध बस अड्डा बना जाम की वजह

प्रतापगढ़। भंगवा चुंगी चौकी के निकट अवैध बस अड्डा जाम की प्रमुख वजह बना रहा। सड़क पर खड़े अवैध वाहनों के कारण यहां रोज जाम लगता है। लेकिन पुलिस वाले इधर ध्यान नहीं देते हैं। मेले में जाम की स्थिति बद से बदतर हो गई है। लोगों को इससे काफी दिक्कत हो रही है। लेकिन यह अड्डा अभी भी पुलिस की मेहरबानी से चल रहा है। खघस बात यह कि हाल ही में अतिक्रमण अभियान चलाया था। लेकिन उन्हें यह स्टैंड नजर नहीं आया। जबकि पटरी दुकानदारों को अतिक्रमण का गुनाहगार माना गया।

# उपयोगी एवं औषधीय पौधा है लेमन घांस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**किशुनगंज, प्रतापगढ़।** औषधि एवम सुगंधित खेती जिसे लेमन घास से भी जाना जाता है। यह एक बहुत ही उपयोगी एवम औषधीय पौधा है। इसकी खेती करने से किसान मालों - माल हो सकते है। इसकी पत्ती से तेल , इत्र, साबुन, तथा दवाइयों का भी निर्माण किया जाता है तथा भारतीय घरों में इसकी पत्तियों से चाय भी बनाई जाती है। इसकी खेती के लिए गर्म जलवायु की आवश्यकता होती हैं इसके पौधो की दूरी 2-2फिट की होनी चाहिए। मिट्टी दोमट बालू उक्त चिकनी मिट्टी उपयुक्त होती है। लगवाने से पहले खेत की चारो तरफ मेड बंदी वा खेत की चार से पांच बार जुताई खर पतवार नियंत्रण वा गोबर की खाद 20 वेशवा में कम से कम तीन टन गोबर की सडी खाद डालनी चाहिए । जुताई के अंतिम समय पटा लगाकर खेत को समतल एवम भुरभूरा बना लेना चाहिए ,तब पौधो की रोपाई करनी चाहिए। इसके लिए जुलाई का महीना बहुत उपयोगी होता है। कही कही पर फरवरी और मार्च में भी इसकी रोपाई की जाती है लेकिन जिसके पास सिंचाई की उपयुक्त व्यवस्था हो इसे 15 से 20 दिन के अंतराल में गर्मी के दिनो मे सिंचाई करनी चाहिए। इस प्रकार इसकी खेती की जा सकती है लेकिन



अपसोस की बात यह है की इस खेती को करने के बाद जब पौध तैयार हो जाता है तब प्रतापगढ़ जिले में विक्री के कोई साधन नहीं है। न ही पेराई की कोई मशीन है। राम सूरत पांडेय कई वर्ष पहले इसकी खेती डाक्टर विनोद कुमार शुक्ला एम.डी. पी. जी . कॉलेज के प्रवक्ता के माध्यम से किसानों का एक जत्था सी मैप गया था और वहा से हम भी देख कर आए थे तो खेती किए थे। लेकिन बिक्री ,पेराई का साधन न होने से लाखो रुपए का नुकसान हो गया था। यह कहना चाहता हु की हम खेती करते है गेहूं, धान,चना, मटर, सरसो, एवम बागवानी में आम,अमरूद, आंवला,नींबू,कटहल,की तो इसकी बिक्री के लिए महुली मंडी में इन सब की बिक्री हो जाती है। लेकिन लेमन ग्रास की कटाई के बाद एक भी दिन रखा रह गया तो फंगस लग जाता है और किसी काम के योग्य नही रह जाता। इसलिए इसकी खेती करने से पहले प्रतापगढ़ जिले में इसकी पेराई वा पाउडर,चाय पत्ती बनने की मशीन होनी चाहिए। इस फसल में चूहा , दिमक, सर्प,हरे रंग के सर्प, तथा जगली सुअर का प्रकोप हो जाता है । जिससे यह औषधिय पौधा किसानों के हित में नही रह जाता। रायबरेली, लखनऊ वा बड़े बड़े शहरों में इसकी मशीनें है। जहा तक इस फसल को ले जाने तक फंगस लग जाता है। वहा पर पहुंचने के बाद वहां के अधिकारी इसलेने से इंकार कर देते है या औने - पौने दाम पर लेने का प्रयास करते है। इससे यह फसल प्रतापगढ़ के किसानों के हित में नही है ।

# प्रेसवार्ता पर पूर्व जिपं सदस्य ने उठाया सवाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के अध्यक्ष प्रतिनिधि उदयशंकर पांडेय द्वारा शुक्रवार को सुबह 11 बजे से नगर पंचायत के अस्थाई कार्यालय हीरागंज में बैठकर प्रेसवार्ता की गई थी जिस पर नगर पंचायत के परान का पुरवा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य वर्तमान जिला पंचायत सदस्य पति अभय प्रताप सिंह पप्पन ने डीएम से शिकायत की मौनी अमावस्या का अवकाश होने के बाद भी कार्यालय खोलकर प्रेस वार्ता की गई और महिला अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठ गया। और प्रेसवार्ता करने वाला बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रदेश के मंत्री और भाजपा नेता युवा शक्ति का नारा देकर युवाओं को कर रहे हैं बेरोजगार

## उत्तर प्रदेश का बेरोजगार युवा दूसरे राज्यों में तलाश रहा है रोजगार

## रानीगंज के विधायक डाक्टर आर के वर्मा ने विधानसभा सत्र में प्रश्नकाल के दौरान किया सवाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विधान सभा के प्रश्न काल में शुक्रवार को डॉ आर के वर्मा विधायक रानीगंज ने प्रदेश बढ़ती हुई बेरोजगारी पर सरकार की चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार के प्रत्येक मंत्री विधायक नेता जब युवाओं के बीच जाता है तो युवा शक्ति राष्ट्रशक्ति है का नारा देकर दंभ भरते हैं किन्तु धरातल पर देखें तो प्रदेश का 90ः युवा बेरोजगार है प्रदेशका बेरोजगार युवा गुजरात की साड़ी की कंपनियों में काम कर उसका व्यवसाय बढ़ा रहा है उत्तर प्रदेश का बेरोजगार युवा मुंबई की सड़कों पर टैक्सी चला रहा है उत्तर प्रदेश का मजदूरपंजाब में भट्ठों पर मजदूरी कर रहा है दिल्ली की सड़कों पटरी व्यवसाय कर रहा है ।डॉ आर के वर्मा ने कहा कि बेरोजगारी कम करने के विषयक प्रश्न का जवाब में रोजगार मेले और आउटसोर्सिंग मैनपावर सप्लाई की बात कही है सरकार का जवाब पढ़ते हुए बहुत दुःख हो रहा है कि सरकार बेरोजगार युवाओं को आउटसोर्सिंग कम्पनियों के जरिए वस्तु की तरह क्रय करती है। और अपना मुनाफा लेकर बेरोजगार युवाओं को न्यूनतम मानदेय या दैनिक मजदूरी पर शासकीय विभागों या निजी कंपनियों के हवाले कर दिया जाता है यह प्रदेश के युवाओं का घोर अपमान है उत्तर प्रदेश का रामसेवक बेरोजगार हर मेले में घूम रहा है। कभी किसी कंपनी साथ तीन महीने या छह महीने काम करता है फिर बाहर कर दिया जाता है। विधानसभा में भी बोलते हुए डॉ आर के वर्मा ने सरकार से सवाल किए कि क्या सरकार आउटसोर्सिंग से चयनित या क्रय किए गए श्रमिकों अभ्यर्थियों को आधार से लिंक करेगी जिससे कंपनी छोड़ने वाले श्रमिक अभ्यर्थियों का सही आंकड़ा प्राप्त हो सके ।क्या उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक सेवायोजन एवं रोजगार आयोग कुशल अकुशल और कौशल प्राप्त श्रमिक अभ्यर्थियों की न्यूनतम मानदेय योग्यतानुसार निर्धारित करेगी ।क्या सरकार ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, बीटेक, एमटेक आदि अभ्यर्थियों को जो जेम पोर्टल अथवा रोजगार मेले से चयनित करती है उनका शैक्षिक योग्यता के अनुसार न्यूनतम मानदेय वेतन निर्धारित करेगी।क्या सरकार शासकीय विभागों में आउटसोर्सिंग बंद कर सीधे स्थाई नौकरी देने या संविदा कि नौकरी देने पर विचार करेगी।

# चाची की श्राद्ध में शामिल हुए राज्यमंत्री



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़** प्रदेश के स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्य मंत्री व राजा मयंकेश्वर शरण सिंह गुरुवार को अपनी चाची शांति देवी की श्राद्ध में शामिल होने को कुंडा तहसील के कुसुवापुर बाजार पहुंचे। श्राद्ध में शामिल होकर मंत्री ने पारिवारिक, सामाजिक रीति रिवाज की रस्में पूरी की। लंबी बीमारी के बाद शांती का देहांत 27 जनवरी को हो गया था। 28 जनवरी को चाची के अंतिम संस्कार में भी राजा मयंकेश्वर सिंह शामिल होने मानिकपुर गंगा घाट पहुंचे थे। गुरुवार को चाची के श्राद्ध में अपने चचेरी बहन रानी ममता सिंह के घर पहुंचे। इस मौके पर मृत्युंजय सिंह, श्यामू सिंह, रामू सिंह, अभिनव सिंह, राजेन्द्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# तेजी से हो रहा है नगर पंचायत हीरागंज का विकास-उदय शंकर पाण्डेय



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़** अल्प समय में ही नगर पंचायत हीरागंज में कई विकास कार्य चल रहे हैं और जल्द ही कई विकास कार्य शुरू होने वाले हैं। यह बात नगर पंचायत हीरागंज के अध्यक्ष प्रतिनिधि उदय शंकर पांडे ने शुक्रवार को नगर पंचायत हीरागंज बाजार के अस्थाई कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उदय शंकर पांडे ने कहा कि कुछ लोगों ने नगर पंचायत गठन के पूर्व से ही अपने को अघोषित अध्यक्ष घोषित कर रखा था ।जब चुनाव में जनता ने उन्हें नाकार दिया तो वह झूठी शिकायतें कर नगर पंचायत के विकास कार्यो को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। नगर पंचायत में इंटरलॉकिंग, सब को पात्रों को पीएम आवास योजना के तहत लाभ दिया गया है ।कई इंटरलॉकिंगों का कार्य पूर्ण हो गया है और कई प्रस्तावित है। नगर पंचायत में जल्दी युवाओं के लिए खेल स्टेडियम आवारा पशुओं के लिए कान्हा गौशाला का कार्य प्रारंभ होगा ।साथी कूड़ा निस्तारण के लिए भवन बनकर रेडी है नगर पंचायत कार्यालय का भी निर्माण कर शुरू हो गया है। रेडी पटरी वालों को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिया जा रहा है। नगर पंचायत में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कैटल वाहन और फॉगिंग कराने के लिए मशीन खरीदी है और प्रत्येक वार्डों में समय-समय पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक जगहों पर डस्टबिन लगाई गई है ।हीरागंज बाजार में जल्दी प्रतापगढ़ रोड और बाबागंज रोड पर महिला पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। इस दौरान अधिवक्ता पंकज त्रिपाठी, भाजपा नेता मयंक तिवारी, जितेंद्र कुमार तिवारी रजनीश शुक्ला ,नरेंद्र कुमार सरोज, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

# रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट पर दर्ज हुआ क्रास केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना पर दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कल्याणपुर गांव निवासी मोहित सरोज पुत्र चंद्रपाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छः फरवरी को सुबह करीब दस बजे रंजिश को लेकर गांव के शिवराज कोरी, रोहित गौतम, अजय कोरी, महेशचंद्र राव अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ दरवाजे पर पहुंचे और गाली देते हुए मारपीट किया व जानलेवा धमकी भी दी। वहीं विपक्षी संतोष गौतम पुत्र कन्धई गौतम ने भी पुलिस को तहरीर देकर गांव के मोहित सरोज व सोहित तथा तीन अज्ञात के खिलाफ लाठी डण्डे से मारपीट गालीगलौज व धमकी का आरोप लगाया है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि जांच के बाद क्रास मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिला पंचायत प्रतिनिधि ने किया क्रिकेट मैच का उदघाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सांगीपुर प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के घोरहा उमरार गांव में शुक्रवार को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोक धर दुबे अपने दर्जनों समर्थकों के साथ क्रिकेट मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय किया और समस्त खिलाडियों को जीत की शुभ कामनाएं दिया ।पहला मैच मकदूमपुर तथा करीमपुर के बीच खेला गया जिसमें करीमनपुर की टीम विजयी रही ।इस मौके पर अशोक सिंह उमरपुर, वीरेंद्र सिंह ,कुंवर बहादुर सिंह, संदीप सिंह बबन पाण्डेय, रामू चौहान, मुन्ना रावत, महेश सरोज, सुभाष सिंह, सोनू सिंह, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे ।

# एएसपी ने किया रानीगंज थाने का औचक निरीक्षण

## मुकदमों की विवेचना और प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को रानीगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्हें थाना दिवसों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गति धीमी मिली। उन्होंने इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान शांति व्यवस्था के तहत क्षेत्र के भ्रमण पर थे। थाने के लोगों को भी उम्मीद नहीं थी कि एएसपी अचानक निरीक्षण के लिए भी आ सकते हैं। मगर क्षेत्र में नमाज जब शांति के साथ संपन्न हो गई तो वह रानीगंज थाने जा धमके। अचानक थाने में एएसपी की गाड़ी देख अफरातफरी मच गई। श्री सिंह ने वहां अपराध रजिस्टर सहित तमाम अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपनिरीक्षकों को लंबित मुकदमों की विवेचना कर उनको जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार थाना दिवसों पर आए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में भी ढिलाई मिली। फाइल में बड़ी संख्या में प्रार्थना पत्र रखे मिले। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण तेजी से करने का निर्देश दिया। बीट सिपाहियों को रात्रि गश्त बढ़ाने को कहा। इस दौरान थाना प्रभारी इन्स्पेक्टर आदित्य कुमार सिंह सहित उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

# भागवत कथा श्रवण से सफल हो जाता है मानव जीवन-देवमूर्ति जी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित वार्ड नं0 चार में बीएसएनएल कार्यालय के समीप चल रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। कथाव्यास आचार्य देवमूर्ति ने कथा प्रसंग में बताया कि मानव को अपने जीवन में सरलता, दयालुता रखनी चाहिए। इससे उसके जीवन में सुख समृद्धि में वृद्धि होती है। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत कथा श्रवण से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। कथा के दौरान राधाकृष्ण संकीर्तन से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सदाशिव पाण्डेय ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। संयोजक गायत्री पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अरविन्द नाथ पाण्डेय, कौशल कुमार पाण्डेय, आल इण्डिया रूरल



बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रमोद पाण्डेय, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, वीरेन्द्र पाण्डेय, राजेश तिवारी, बृजेश पाण्डेय, सभासद सोनू शुक्ल, सूर्य नारायण पाण्डेय, दिनेश सिंह, राजीवनाथ पाण्डेय, राकेश तिवारी गुड्डू, पुनीत, शिवेन्द्र, रूपेश आदि मौजूद रहे।

# ज्ञानवापी मामले को लेकर जुमे की नमाज पर अलर्ट रही खाकी




**लालगंज, प्रतापगढ़।** वाराणसी की ज्ञानवापी में कोर्ट द्वारा पूजा पाठ करने का फैसला सुनाने के बाद से यहां तहसील लालगंज इलाके में भी पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। मस्जिदों पर शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस फोर्स अलर्ट मोड में दिखी। एहतियातन लालगंज कस्बा समेत खानापटटी, खालसा सादात, रानीगंज कैथौला, रामपुर बावली, जलेसरगंज, सांगीपुर, सगरा सुंदरपुर, बाबूगंज आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों के बाहर नमाज के दौरान पुलिस फोर्स सतर्कता बरतते नजर आये।

वहीं जुमे की नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर इलाके में पुलिस की गश्ती भी बनी दिखी। एसडीएम लालधर यादव, सीओ रामसूरत सोनकर, कोतवाल अवन दीक्षित, लीलापुर एसओ नीरज यादव, सांगीपुर एसओ विवेक मिश्र, उदयपुर थानाध्यक्ष राधेबाबू शांति सुरक्षा को लेकर इलाके में भ्रमण करते दिखे। एसडीएम व सीओ ने बताया कि जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी। इलाके में शान्ति बनी हुई है।

# मौनी अमावस्या पर कड़ाधाम सहित अन्य घाटों में श्रद्धालुओं ने मौन धारण कर किया गंगा स्नान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कडा/ सैनी, कौशाम्बी।** मौनी अमावस्या पर शक्तिपीठ कड़ाधाम सहित अन्य गंगा घाटों में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां गंगा में डुबकी लगाकर पूजा अर्चना किया , स्नान का सिलसिला सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा । मौनी अमावस्या पर हालांकि शुक्रवार को कडाधाम के कुबरीघाट, कालेश्वरघाट, बाजारघाट, हनुमानघाट, वृंदावनघाट व क्षेत्र के असदपुर घाट , अकबरपुरघाट ,लेहदरीघाट सहित गंगा घाटों में पहुंचकर हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी को नमन कर पुण्य की डुबकी लगाई और धूप, दीप, पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया। कड़ाधाम में स्नान के बाद भक्तों ने 51 शक्तिपीठों में से एक मां शीतला के मंदिर पहुंचकर मत्था टेक कर नारियल , चुनरी चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। स्नान व पूजा पाठ का क्रम सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा जिसकी वजह से कड़ा धाम सहित अन्य गंगा घाटों में श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। कड़ा धाम के प्रमुख स्नान घाट कुबरीघाट में प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे पुलिस फोर्स की तैनाती के साथ ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था कराई गई थी। राम शरन पुजारी का कहना है की मौनी अमावस्या पर मौन रहकर स्नान-दान का एक विशेष महत्व है। इस दिन गंगा तट पर स्नान-दान की अपार महिमा है। गंगा में स्नान के बाद तिल या इससे बनी खाद्य सामग्री, आंवला और कपड़े का दान करना चाहिए।

इस दिन गुड़ और काले तिल के लड्डू बनाने का भी एक विशेष महत्व है। स्नान-दान के बाद साधु-संतों, तीर्थ पुरोहितों और घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना चाहिए। इसके साथ ही नियम और संयम के साथ रहना चाहिए।

## मौनी अमावस्या पर समाजसेवी ने वितरण कराया दमालू



**टेढीमोड, कौशाम्बी।** मौनी अमावस्या पर क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी ने चेयरमैन प्रतिनिधि संग श्रद्धालुओं व राहगीरों को दमालू वितरण कराया। मौनी अमावस्या पर शुक्रवार को समाजसेवी दुलीचंद्र अग्रहरी ने टेढीमोड चौराहे पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केसरवानी के साथ गंगा स्नान करने वाले सैकडो श्रद्धालुओं व राहगीरों को दमालु वितरण कराया। इस दौरान समाजसेवी दुलीचंद्र अग्रहरी ने कहा की मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है, इस मौके पर सैकडो श्रद्धालुओं व राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम के दौरान दुलीचंद्र अग्रहरी के साथ अरुण केसरवानी , डा दर्शन आर्य , श्यामू अग्रहरी , अमन अग्रहरी , मोनू अग्रहरी , उमेश पटेल , प्रधान प्रतिनिधि लवलेश कुमार , सचिन अग्रहरी , पिंटू साहू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## गंगा घाटों पर तैनात रही फोर्स



सैनी, कौशाम्बी। कड़ाधाम के कुबरी घाट , कालेश्वर घाट पर कड़ा धाम थानाध्यक्ष सुबह से ही फोर्स के साथ मुस्तैद नजर आए। घाट से लेकर सड़क तक पुलिस मुस्तैद रही। कालेश्वर घाट, कुबरी घाट शीतला धाम मंदिर और इसके आसपास के प्रमुख घाटों पर बैरिकेटिंग की गई थी। साथ ही श्रद्धालुओं को लगातार आगाह किया जा रहा है कि वह गहरे पानी में न जाएं। पतित पावनी गंगा में कालेश्वर घाट से कुबरी घाट तक पुलिस के जवान स्टीमर लेकर नजर बनाये हुवे थे।

## नोटिस तक ही सीमित रह गयी नगर पंचायत की कार्यवाही

**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा मे बस्ती के बीच अबैध रूप से संचालित बुचड़खानो की दुकानों को हटाने के लिए पिछले महीने बस्ती के लोगो ने अधिशाषी अधिकारी से मिलकर शिकायती पत्र दिया था ,जिसके बाद अधिशाषी अधिकारी अजुहा द्वारा दुकानदारों को बस्ती से दुकान हटाने को ले कर नोटिस जारी किया गया था जिसमे एक सप्ताह का समय दिया गया था महीनो बीत जाने के बावजूद अभी तक दुकाने नहीं हटाई गयी जिसको लेकर बस्ती के लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। कस्बे वासियों का आरोप है की बस्ती में हाइवे किनारे मीट की खुली दुकाने खुली होने से कारण दुर्गंध के साथ साथ गंदगी व्याप्त रहती है। जिससे लोगो का घर से निकल कर जाने मे मुँह मे कपड़ा बांध कर निकलना पड़ता है। सबसे बड़ी बात योगी सरकार द्वारा अबैध रूप से संचालित बुचड़खानो के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए कड़े निर्देश जारी किया गया था

# नशे में धुत बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर मौके में हुई मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चम्पहा बाजार, पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव में शुक्रवार की दोपहर रोड के किनारे खड़े वृध्द को नशे में धुत बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया सूचना पर पहुंची पश्चिम शरीरा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव निवासी चंद्रशेखर मौर्य पुत्र गयादीन उम्र 70 वर्ष शुक्रवार की दोपहर किसी काम से रोड की तरफ आए हुए थे कि तभी चंपहा की तरफ से नशे में धुत आ रहे बाइक सवार ने रोड किनारे खड़े चंद्रशेखर को जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगते ही वृद्ध सड़क पर गिर गया पास में मौजूद लोग घायल बृद्ध को इलाज के लिए ले जा रहे थे कि तभी उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी मौके में मौजूद लोगों द्वारा परिजनों को दी गई जैसे ही परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया वही मौका देख बाइक सवार बाइक लेकर फरार हो गया इसी बीच सूचना पाकर मौके में पश्चिम सरीरा पुलिस पहुंच गई तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उधर वृद्ध की मौत से परिवार जनों में कोहराम मचा हुआ है घटना के संबंध में पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना के नजदीक स्थित पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से मौके से फरार हुए बाइक सवार की जानकारी की जा रही है।

## मिया नदवी डिग्री कालेज में स्मार्टफोन का हुआ वितरण




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** विकास खण्ड कडा के चूहापीरन गांव में स्थित मिया नदवी डिग्री कालेज में शुक्रवार को प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता कमलेश निषाद ने कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की पूजा कर कालेज के 268 छात्रों को स्मार्टफोन वितरण किया। स्मार्टफोन वितरण के दौरान मुख्य अतिथि कमलेश निषाद ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस स्मार्टफोन से आप सभी को तकनीकी क्षेत्र में जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी लेकिन आप सभी को इसके दुष्प्रभाव से भी बचना होगा।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 मुश्ताक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों की शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ0 मुश्ताक, सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय निषाद, इशाक अहमद, तारिक अहमद, संचालक मो0 आसिफ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से बदलता है मनुष्य का जीवन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र की लच्छीपुर गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कार्यक्रम के तीसरे दिन कथा व्यास धनञ्जय दास जी महाराज मलूकपीठ वृन्दावन ने श्रोताओं को बताया कि जाने अनजाने में मनुष्य से कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है।

उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। कथा व्यास ने कहा कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करे सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया।

भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। मानव को ज्ञानी बनाता है। वैराग्य में मानव संसार में रहते हुए भी सांसारिक मोहमाया से दूर रहता है। उन्होंने वाराह अवतार सहित अन्य प्रसंगों पर प्रवचन, भक्त नरसी मेहता के जन्म, उनकी श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति समेत कई प्रसंग सुनाए। कथा में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम दास महाराज , आचार्य सत्यनरायण ,आचार्य सुनील , राम प्रकाश ओझा, एडवोकेट राजू ओझा , एडवोकेट बद्री त्रिपाठी , सूर्य प्रकाश, संजय पाठक, रेवती रमण ,जगदीश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहें।

## सांड के हमले से वृद्ध की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सांड के हमले से वृद्ध किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई , वृद्ध की मौत से घर में कोहराम मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बताया जाता है की सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियो निवासी सुरेश सिंह पुत्र गुलाब सिंह 62 वर्ष पीडब्लूडी में मेठ थे जो दो वर्ष पहले सेवानिवृत हो चुके थे वर्तमान में सुरेश सिंह किसानी करते थे, शुक्रवार की सुबह सुरेश सिंह खेत की ओर जा रहे थे रास्ते में खड़े सांड ने उन पर हमला बोल दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया , हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने घरवालों को खबर कर इलाज के लिए आनन फानन में अस्पताल ले गए जहां वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई , वृद्ध की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## चायल क्षेत्र में अजगरों के नजर आने से ग्रामीणों में दहशत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** कस्बा चायल के डीहा मोहल्ला समेत मखऊपुर गांव स्थित ससुर खदेरी नदी पुल के नीचे अजगरों के नजर आने से कस्बा और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों के सूचना देने के बावजूद वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे लोगों में काफी नाराजगी है।

चायल कस्बा के वार्ड संख्या एक डीहा सरैया के झाड़ियों में अजगर के घूमने की जानकारी करीब एक सप्ताह से पुलिस को है। क्षेत्र के महेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, विजय सिंह आदि ने बताया कि दोपहर में अक्सर अजगर गोविंदपुर तेवारा गांव के समीप घूमता नजर आता है। लिहाजा लोग उस तरफमवेशियों को चराने नहीं जाते है। उन्हें मवेशियों और बच्चों को अजगर से खतरे की आशंका बनी रहती है। लोगों की जानकारी होने के बाद डायल 112 पुलिस ने वन विभाग से पकड़वाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। वन कर्मियों के आने से पहले वह कहीं छिप गया। इसी प्रकार मखऊपुर गांव स्थित ससुर खदेरी नदी पर बने पुल के नीचे झाड़ियों में दो अजगर होने का दावा ग्रामीण करते हैं। शुक्रवार को लोगों से मिली सूचना पर थाना पुलिस और डायल 112 की पुलिस पहुंची और पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। इस संबंध में चायल डिप्टी रेंजर रविंद्र सिंह का कहना है कि ठंड के बाद निकल रही धूप लेने के लिए अजगर बाहर निकलते हैं। सूचना मिली है।अजगरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

## तेरे शहर से जाते है , दे हमको दुवा नाना



**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कडा धाम के वार्ड नं नौ के शिया जामा मस्जिद दारानगर में जुमा की नमाज के बाद 28 सफर पर एक जुलूस निकाला गया जिसमे बाकर अली ने नौहा पढ़ा तेरे शहर से जाते है दे हमको दुवा नाना, मौलाना ने तकरीर किया की आज ही के दिन इमाम हुसैन ने मदीना से कर्बला के लिए रवाना हुए इसीलिए आज के दिन शिया समुदाय के लोग मातम और मजलिस करते है और गम मनाते है , जुलूस मस्जिद से होता हुआ इमामबाड़ा में समाप्त हो गया।

## ज्ञानवापी मुद्दे को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसडीएम सीओ ने किया क्षेत्र का भ्रमण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** ज्ञानवापी के मुद्दे को लेकर राज्य भर में विशेष अलर्ट घोषित होने के बाद क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों एवं शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर उपजिलाधिकारी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने सिराथू तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को मस्जिद , चौराहा , कड़ा धाम के शीतला धाम मंदिर आदि का निरीक्षण कियाा। इस दौरान एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने क्षेत्र वासियों से अपील की कि कानून व्यवस्था को शांति पूर्वक बनाए रखें। इस दौरान एसडीएम सिराथू , क्षेत्राधिकारी सिराथू ने कड़ा, देवी गंज , गुलामीपुर , अजुहा सहित अन्य क्षेत्र का भ्रमण कर अनावश्यक भीड़ न लगाने सहित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# मौनी अमावस्या व जुमे की नमाज को लेकर पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज ने किया भ्रमण







**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जनपद में कानून, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज जुमे की नमाज एवं मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज, जिलाधिकारी कौशाम्बी व पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा जनपद के संवदेनशील क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ भ्रमण किया गया एवं लोगों से वार्ता कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

### सराय अकिल कस्बे में फ्लैग मार्च किया एडिशनल एसपी

कौशाम्बी। जुम्मे की नमाज व मस्जिद में पहुंचकर किया फ्लेग मार्च एडिशनल एसपी ,एडीएम, सराय अकिल इंस्पेक्टर विनीत सिंह कस्बा इंचार्ज भानु प्रताप सिंह रामप्रवेश भूपेंद्र शिव बाबू राजकुमार निखिल गौतम आदि की सिपाही मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार क ी परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रल कराई गई, परेड के उपरान्त परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, जिम, बारिकों, डायल 112, डीसीआर, मेंस एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### पुलिस अधीक्षक ने पुलिस फोर्स को किया ब्रीफ, दिया आवश्यक दिशा निर्देश

कौशाम्बी। वाराणसी के ज्ञानवापी मामले, बागपत के लाक्षागृह मामले, उत्तराखंड में यूसीसी और 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम मंदिर के उद्घाटन तथा आज सुबह की नमाज एवं मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना मंझनपुर के पुलिस फोर्स को मंझनपुर चौराहा पर ब्रीफ किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने किया भ्रमण

कौशाम्बी। जनपद में कानून, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज जुमे की नमाज एवं मौनी अमावस्या के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी मंझनपुर व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा सर्किल मंझनपुर अंर्तगत क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण किया गया एवं लोगों से वार्ता कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

### एसडीएम सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू ने पुलिस बल के साथ किया भ्रमण

कौशाम्बी। जनपद में कानून, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आज जुमे की नमाज एवं मौनी अमावस्या के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा सर्किल

सिराथू अंर्तगत क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण किया गया एवं लोगों से वार्ता कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

## भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने भाजपा जिला अध्यक्ष से किया औपचारिक भेंट



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार त्रिपाठी ने औपचारिकता भेंट उनके साथ भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनिल मिश्रा, कौशाम्बी मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्र, संजय शुक्ला, प्रदुम दुबे के.अग्रहरि, सहित भाजपा जिला अध्यक्ष ने औपचारिकता भेंट में कहा की पार्टी के हर एक कार्यकर्ता मेरा परिवार और सभी मोर्चा के पदाधिकारी उनके मुखिया आने वाले लोक सभा के चुनाव में सब को एक साथ मिल कर पार्टी के जिताने में सब का सहयोग रहेगा और हर एक कार्यकर्ता मेरा परिवार है।

### भाजपा के गांव चलो अभियान में कार्यकर्ताओं से प्रवासी बन मिले योगेंद्र त्रिपाठी

बारा, कौशाम्बी। भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत बूथ संख्या 410, और 409, 411, 412 बूथ के बूथ अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से मिला पार्टी के विकास और 2024 के लोक सभा चुनाव गुणा गणित फूकने पहुंचे योगेंद्र त्रिपाठी भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया उनके साथ भाज्यिमों मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, संजय शुक्ला, कौशिक अग्रहरि, सेक्टर अध्यक्ष मोहन लाल सेन, मिश्री लाल सेन, पप्पू गौतम, सूरज दीन, पारस दिवाकर, पवन निषद, सुरेंद्र सेन, अरविंद कुमार, गंगा प्रसाद, राम चंद्र, लवकुश निषाद, शिव नरेश निषाद, नेपाली निषाद, प्रदीप कुमार सूरज, रवि सेन सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान: चुनाव का ढकोसला

यह बहुत साफ दिखा है कि सेना की प्राथमिकता पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सत्ता में लाना और बैकडोर से खुद शासन संभाले रखना है। आरोप है कि पूरा सरकारी तंत्र इस मकसद को हासिल करने के लिए सक्रिय रहा है।पाकिस्तान में नेशनल और प्रांतीय असेंबलियों के चुनाव के लिए आज मतदान होगा। मगर यह चुनाव एक ढकोसला से ज्यादा कुछ नहीं है। देश में सत्ता के हर सूत्र पर अपना शिकंजा और मजबूती से कस चुकी सेना इन चुनावों के जरिए दुनिया को यह बताना चाहेगी कि पाकिस्तान में भी लोकतंत्र है। मगर इस बार उसके लिए नियंत्रित निर्वाचन के जरिए ऐसा भ्रम पैदा करना संभव नहीं रह गया है। जिस तरह से देश के सबसे लोकप्रिय नेता इमरान खान और उनकी पार्टी- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को चुनाव मुकाबले से बाहर करने की कोशिश की गई है, उसने पहला वोट गिरने के पहले ही इन चुनावों की वैधता को लगभग समाप्त कर दिया है। तीन मामलों में ताबड़तोड़ न्यायिक फैसले सुना कर इमरान खान को लंबे समय तक जेल में रखने का इंतजाम कर लिया गया है।इसमें एक मामले में तो खान और उनकी पत्नी बुशरा बेगम दोनों को इस आरोप में कैद सुना दी गई कि उनकी शादी इस्लामी मान्यता के मुताबिक उचित ढंग से नहीं हुई थी। पीटीआई से उसका चुनाव निशान पहले ही छीना जा चुका है। अलग-अलग चुनाव चिह्नों पर मैदान में उतरे पीटीआई के उम्मीदवारों पर मुकदमे ठोक कर या अन्य प्रशासनिक उपायों के जरिए उनके लिए मुकाबले में बने रहना कठिन बनाया गया। यह बहुत साफ दिखा है कि सेना की प्राथमिकता पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सत्ता में लाना और बैकडोर से शासन खुद संभाले रखना है। आरोप है कि पूरा सरकारी तंत्र इस मकसद को हासिल करने के लिए सक्रिय रहा है। लाजिमी है कि इन चुनावों या उनके नतीजों को लेकर ना पाकिस्तान में और ना ही विदेशों में कोई उत्सुकता है। बल्कि इन चुनावों को इस बात की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है कि किस तरह चुनावों का इस्तेमाल लोकतंत्र और उसकी भावना के खिलाफ किया जा सकता है। मगर देर-सबेर यह सवाल उठेगा कि आखिर ऐसे निर्वाचनों की जरूरत ही क्या है? आखिर अभी से लोग यह समझने लगे हैं कि परदे के पीछे से सत्ता नियंत्रित करने वाले शासक वर्ग के लिए चुनाव एक हथकंडा बन गए हैं।




**मेष राशि:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोचसमझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं।

**वृष राशि:**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड कोई शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा।

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़ेबुजुर्ग की राय आपके लिए कारगार साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी। महिलाएं अगर कोई घरेलू उद्योग शुरु करना चाहती हैं, तो आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

**कर्क राशि:** आज आपका दिन ठीकठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद भी मिलेगी। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों की आज शानदार जीत होगी। इस राशि वाले छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको अच्छे फल पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**सिंह राशि:**आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। आप किसी नई तकनीकि को सीखने की भी कोशिश करेंगे।

**कन्या राशि:** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार के साथ समय बितायेंगें। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। पैसों की स्थिति में बड़े बदलाव होने की संभावना है। आपके काम से आपका जीवनसाथी प्रसन्न रहेगा। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते है।

**तुला राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लम्बे समय से रूके हुए सरकारी काम आज पूरे हो जायेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आयेगी, इनकी वजह से आप सफल होंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठाएंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलाएगी।

**धनु राशि:** आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा, और हर प्रोजेक्ट में हेल्प करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे7 साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे।

**मकर राशि:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा, आप धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करवा सकते है। आज आपको उन लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, जो आपको गलत राह पर ले जाने की सोचते हैं। इस राशि के लोगों को कोई प्रॉपर्टी लेने का योग बना हुआ है।

**कुंभ राशि:** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के वादविवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। मेहनत के बल पर आपको काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से आपको गर्व की अनुभूति होगी।

**मीन राशि:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा।

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिल जीत लिया



**अजय कुमार,लखनऊ**

पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह? पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न की घोषणा में चौधरी चरण सिंह के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि यह सम्मान उन्हें काफी पहले मिल जाना चाहिए था.चौधरी का सम्मान देर से लिया गया एक फैसला है. चौधरी 'भारत रत्न' के लिये पूरी तरह से योग्य थे. पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले नूरपुर में चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1903 को एक ग्रामीण किसान परिवार में हुआ था. एक मध्यम वर्गीय जाट किसान परिवार में जन्मे चौधरी लोकतंत्र के बड़े पैरोकार थे.चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने में इतना समय क्यों लगा यह यक्ष प्रश्न हो सकता है,अब जबकि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी को वह सम्मान दिलाया है जिसके वह हकदार थे तो इस पर किसी को एतराज नहीं होगा. 1923 में विज्ञान से स्नातक की एवं 1925 में आगरा विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद से एक अधिवक्ता के रूप में पेशे की शुरुआत की थी. चरण सिंह 1929 में मेरठ आ गये और बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए.चौधरी चरण की विरासत अब उनके पौत्र जयंत चैधरी संभाल रहे हैं.वह राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष हैं.उन्होंने बाबा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर सोशल साइट एक्स पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर,' प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने 'दिल जीत लिया'. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के खिलाफ कहीं से कोई आवाज तो नहीं उठ रही है,लेकिन भारत रत्न देने की टाइमिंग पर जरूर सवाल उठाया जा रहा है.ऐन चुनाव से पूर्व जब इस बात की चर्चा चल रही है कि चैधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चैधरी की राष्ट्रीय लोकदल के बीजेपी के साथ गठबंधन की चर्चा तेज है,तब इस तरह का फैसला सवाल तो खड़ा करता ही है.

चौधरी चरण सिंह के सियासत में प्रवेश की बात की जाये तो चरण सिंह सबसे पहले 1937 में छपरौली से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए एवं 1946, 1952, 1962 एवं 1967 में विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे 1946 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में संसदीय सचिव बने और राजस्व, चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, न्याय, सूचना इत्यादि विभिन्न विभागों में कार्य किया. जून 1951 में उन्हें राज्य के कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया एवं न्याय तथा सूचना विभागों का प्रभार दिया गया. बाद में 1952 में वह डॉ. सम्पूर्णानन्द के मंत्रिमंडल में राजस्व एवं कृषि मंत्री बने. अप्रैल 1959 में जब उन्होंने पद से इस्तीफा दिया, उस समय उन्होंने राजस्व एवं परिवहन विभाग का प्रभार संभाला हुआ था.इसी तरह से चौधरी चरण सिंह सी.बी. गुप्ता के मंत्रालय में वे गृह एवं कृषि मंत्री (1960) रहे. श्रीमती सुचेता कृपलानी के मंत्रालय में वे कृषि एवं वन मंत्री (1962-63) रहे। उन्होंने 1965 में कृषि विभाग छोड दिया एवं 1966 में स्थानीय स्वशासन विभाग का प्रभार संभाल लिया. कांग्रेस विभाजन के बाद फरवरी 1970 में दूसरी बार वे कांग्रेस पार्टी के समर्थन से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने. हालांकि राज्य में 2 अक्टूबर 1970 को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था।




कांग्रेस में रहकर भी समाजवाद को आगे बढ़ाने वाले चरण सिंह ने विभिन्न पदों पर रहते हुए उत्तर प्रदेश की सेवा की एवं उनकी ख्याति एक ऐसे कड़क नेता के रूप में हो गई थी जो प्रशासन में अक्षमता, भाई भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे. प्रतिभाशाली सांसद एवं व्यवहारवादी श्री चरण सिंह अपने वाक्पटुता एवं दृढ़ विश्वास के लिए जाने जाते हैं.

उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें जाता है. ग्रामीण दुकानदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋण मुक्ति विधेयक, 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम रूप देने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी.उनके द्वारा की गई पहल का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के वेतन एवं उन्हें मिलने वाले अन्य लाभों को काफी कम कर दिया गया था.वह 1959 से राष्ट्रीय मंच पर दिखाई देने लगे जब उन्होंने नागपुर कांग्रेस अधिवेशन में निर्विवाद नेता और प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की समाजवादी और सामूहिक भूमि नीतियों का सार्वजनिक रूप से विरोध किया।

हालांकि गुटों से भरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस में उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी, लेकिन यही वह समय था जब उत्तर भारत में विभिन्न जातियों के मध्यम किसान समुदायों ने उन्हें अपने प्रवक्ता और बाद में अपने निर्विवाद नेता के रूप में देखना शुरू कर दिया। यह भी ध्यान देने योग्य है कि गुटीय उत्तर प्रदेश कांग्रेस के भीतर, अपनी स्पष्ट नीतियों और मूल्यों को व्यक्त करने की उनकी क्षमता ने उन्हें अपने सहयोगियों से अलग खडा किया। इस अवधि के बाद, चरण सिंह 1 अप्रैल 1967 को कांग्रेस से अलग हो गए, विपक्षी दल में शामिल हो गए, और यूपी के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बने. यह वह समय था जब 1967 से 1971 तक भारत में गैर-कांग्रेसी सरकार एक मजबूत ताकत थीं. जनता गठबंधन के एक प्रमुख घटक भारतीय लोक दल के नेता के रूप में , 1977 में जयप्रकाश नारायण की पसंद मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षा से उन्हें निराशा हुई.

1977 के लोकसभा चुनावों के दौरान जब बिखरा हुआ विपक्ष चुनाव से कुछ महीने पहले जनता पार्टी के बैनर तले एकजुट हुआ, जिसके लिए चौधरी चरण सिंह 1974 से लगभग अकेले ही संघर्ष कर रहे थे. राज नारायण के प्रयासों के कारण ही वह प्रधानमंत्री बने वर्ष 1979 में मंत्री हालांकि राज नारायण जनता पार्टी-सेक्युलर के अध्यक्ष थे और उन्होंने चरण सिंह को उन्हें प्रधान मंत्री के रूप में पदोन्नत करने का आश्वासन दिया था, जिस तरह उन्होंने उन्हें वर्ष 1967 में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने में मदद की थी। हालांकि, जब इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया तो उन्होंने केवल 24 सप्ताह के कार्यकाल के बाद इस्तीफा दे दिया । चरण सिंह ने कहा कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया क्योंकि वह इंदिरा गांधी के आपातकाल से संबंधित अदालती मामलों को वापस लेने के लिए ब्लैकमेल किए जाने के लिए तैयार नहीं थे। ख्8, छह महीने बाद नये चुनाव हुए। चरण सिंह 1987 में अपनी मृत्यु तक विपक्ष में लोक दल का नेतृत्व करते रहे।

बतौर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम, 1960 को लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी. यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया जा सके. देश में कुछ-ही राजनेता ऐसे हुए हैं जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल की हो.

एक समर्पित लोक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखने वाले चरण सिंह को लाखों किसानों के बीच रहकर प्राप्त आत्मविश्वास से काफी बल मिलता रहा. श्री चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वे पढ़ने और लिखने का काम करते थे। उन्होंने कई किताबें एवं विचार-पुस्तक लिखी जिसमें 'जमींदारी उन्मूलन', 'भारत की गरीबी और उसका समाधान', 'किसानों की संपत्ति या किसानों के लिए भूमि, 'प्रिवेंशन ऑफ डिवीजन ऑफ होल्डिंग बिलो अनसर्टेन मिनिमम', 'को-ऑपरेटिव फार्मिंग एक्स-रयेद्' आदि प्रमुख हैं।

# लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात में टूट रहा है विपक्ष

गुजरात विधानसभा से पिछले महीने आम आदमी पार्टी के विधायक भूपत भायानी और कांग्रेस के विधायक चिराग पटेल ने इस्तीफा दिया था। दोनों पूर्व विधायक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटील की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इस बार अलग रणनीति के तहत दोनों पूर्व विधायकों को उनके क्षेत्र में भाजपा में शामिल किया गया और खुद प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटील उस विधानसभा में जाकर कार्यकर्ताओं से मिले और इन दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल बताते है कि सुप्रिम कोर्ट के फैसले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भव्य राम मंदिर का सपना पूरा किया और आज सभी देशवासी भव्य राम मंदिर के साक्षी भी बने हैं। हर रोज 5 लाख से ज्यादा लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। भाजपा एक पार्टी है जो अपने संकल्प पत्र में दिए हुए हर वादे को पूरा करती है। आने वाले दिनों में भी भाजपा लोगों के लिए काम करती रहेगी और आप भी अब भाजपा में जुड़े हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करेंगे। पाटिल का कहना है कि लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और हम तीसरी बार गुजरात में सभी 26 की 26 सीट जीतकर उनको प्रधानमंत्री बनाएंगे। यह सभी सीटें 5 लाख से ज्यादा की लीड से जीतेंगे ताकि पूरे देश में एक मैसेज जाए। उन्होंने भूपत भायानी को पार्टी में शामिल करते बताया था कि यहां से जो भी उम्मीदवार आएगा उसको जीतने की जिम्मेदारी आपकी और सभी कार्यकर्ताओं की रहेगी। वहीं दूसरी ओर खंभात में चिराग पटेल को जोड़ते वक्त उन्होंने कहा कि चिराग पटेल ने बड़ी हिम्मत दिखाकर विधायक पद छोड़ा है तो यह सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि उनको जिताएं। यानी उन्होंने साफ तौर पर संकेत दिया कि खंभात सीट से चिराग पटेल का चुनाव लड़ना तय है, लेकिन विसावदर में उम्मीदवार बदल सकता है। अब तक गुजरात विधानसभा से चार विधायक इस्तीफा दे चुके हैं, जिसमें से दो पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो चुके हैं। आने वाले दिनों में बाकी दो विधायक भी भाजपा का दामन थामेंगे। माना जा रहा था कि लोकसभा चुनाव से पहले और दो से तीन विधायक विपक्ष को छोड़कर इस्तीफा देंगे पर फिलहाल इन सभी अटकलों पर रोक लगी है। भाजपा पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है और लोकसभा में प्रचंड और भव्य जीत की तैयारी में लगी है।लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को गुजरात दूसरा बड़ा झटका जो लगा है वह है सीजे चावड़ा का । गुजरात कांग्रेस के सीनियर विधायक सीजे चावड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया । चावड़ा वीजापुर सीट से विधायक थे। कांग्रेस ने गुजरात में 17 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब राज्य में कांग्रेस के 15 विधायक ही रह गए हैं। सीजे चावड़ा से पहले खंभात सीट से विधायक चिराग पटेल ने कांग्रेस छोड़ी थी। सीजे चावड़ा 2019 के लोकसभा चुनाव में अमित शाह के खिलाफ गांधीनगर सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। सीजे चावड़ा को पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह बाघेला का करीबी भी माना जाता है। चावड़ा के इस्तीफे के बाद कांग्रेस उत्तरी गुजरात में और कमजोर हो गई है माना जा रहा है । चावड़ा ने मीडिया से बातचीत में कहा, कांग्रेस के नेता समय-समय पर गलत बयानबाजी करते हैं और सरकार का विरोध करते रहते हैं, जोकि ठीक नहीं है। कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए, जोकि गलत थे। मेरा अलावा कांग्रेस के कई नेताओं में नाराजगी है। इसके अलावा उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में त्20 का सफल आयोजन हुआ है, देश सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ रहा है। गुजरात के दो नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह देश को वैश्विक फलक पर आगे बढ़ा रहे है, ऐसे में उन्हें नुक़सान पहुंचाना ठीक नहीं है। पीएम मोदी का काम करने का तरीका शानदार रहा है। विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद अब में अपने क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं से मिलूंगा और अगली विकास की राजनीति तय करूंगा। गौरतलब है कि कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले सीजे चावड़ा तीन बार के विधायक रह चुके हैं।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## बसन्त

आया बसन्त आया बसन्त,
दिवदिगन्त में छाया बसन्त।
तरु पल्लव किसलय झूम रहे,
खेतों में सरसों फूल रहे,
नवकलिका आँखे खोल रहीं,
वासंती छटा निहार रहीं,
कोमल लतिका भी डोल रही,
उद्यान की शोभा बढ़ा रही,
बहुरंगी पुष्प सुगन्धित हैं,
माली का मन प्रफुल्लित है,
कृषक का मन अति हर्षित है,
प्रकृति भी हुई तरंगित है।
पुष्प पराग मधुर रस पीकर,
भवरे गुंजन करते हैं,
उद्यान वाटिका में निशि दिन,
उन्मुक्त हो विचरण करते हैं,
तितली भी पीत चुनर ओढ़े,
उड़ उड़ करके यह कहती है,
आया बसंत आया बसंत छाया बसंत।
शीत ऋतु की शीत लहर,
अब अपना मुखड़ा छुपा रही,
काँपते ठिठुरते जन जन को
कुछ-कुछ राहत दिला रही,
पंछी भी कलरव करते हैं,
बसंती राग सुनाते हैं,
बहती है मंद बयार पवन,
जो मंद मंद मुस्काती है,
जन जन के मानस मंदिर में,
सोया हुआ प्राण जगाती है,
यही तो है संदेश बासंती,
नित नूतन कुछ करने का,
और नित नूतन कुछ गढ़ने का।
करते बसंत का स्वागत हम,
संकल्प सृजन का लेते हम,
भाव पुष्प की माला को,
चरणों में अर्पित करते हैं,
बसंती संदेश आगया,
प्रकृति का संदेश आ गया।
आया बसंत छाया बसंत आया बसंत।


**श्रीमती सुभद्रा द्विवेदी**
**लखनऊ**



## वो अपना है या अब गैर कहलाता है

रातों की बेचैनियां सोने कहां देती है,
मन कहीं फलक पर सैर कर रहा होता है,
वो पास न होकर भी यादें झकझोर जाता है,
इस कश्मकश में रात गुजर ही जाती है,
की वो अपना है या अब गैर कहलाता हैं ।
अब इश्क की बात नही है उससे,
वो दौर पुराना था, कागज की कश्ती थी,
वो बारिश का पानी था, पानी तो बह गया,
जो बचा है इश्क का मलवा कहलाता हैं,
इस कश्मकश में रात गुजर ही जाती हैं
की वो अपना है या अब गैर कहलाता हैं।
इश्क की बात चली,
पीले सरसों लहलहाती है,
आम के मंजर फिज़ा में बहार लाती है,
कोयल अपनी गीत गुनगुनाती है,
लेकिन दिल में जो कश्क हैं,
वो विरह की आग कहलाती है,
दर्द नहीं है अब,
जो बचा है आह कहलाती हैं,
अब सर्द रातें और भी लंबी होती हैं,
और फिर रातों की बेचैनियां सोने कहां देती हैं।


**नीतू कुमारी नितुंजलि**
**चण्डीगढ़**



## कान्हा प्यारे.......

तुम्हे प्रपोज करने के लिये,
कोई दिन तय नही किया,
हर पल हर लम्हा हर रोज,
हम करते रहेंगे प्रपोज........
ये श्याम रंग की कशिश,
तिरछी नजर मयखाना,
हम हरदम रहते मदहोश,
हम करते रहेंगे प्रपोज..........
क्या दिल क्या जहान,
ये जान कुर्बान जान मेरे,
हम सिरफिरे सरफरोज,
हम करते रहेंगे प्रपोज़.........
तेरा नज़्म नब्ज रग-रग में,
सांस- सांस बन तरन्नुम,
ये जिस्म रूह साज सोज,
हम करते रहेंगे प्रपोज.........
बेपनाह है तेरी रहमत ,
हसरत की मेरी हद है,
इश्क की मारे है सोच,
हम करते रहेंगे प्रपोज़........

**ममता तिवारी**
**छत्तीसगढ़**



## पुस्तकें

ज्ञान का आगार होती हैं पुस्तकें,
जीवन का सजीव आधार होती
हैं पुस्तकें।
मकान और घर वह खिड़की
विहीन है,
जहां पुस्तकों को उचित स्थान
न हो।
पुस्तकों के बिना कमरा आत्मा
विहीन है,
मन अन्त्करण के लिए रत्न जड़ित
आभूषण होती हैं पुस्तकें
ज्ञान का अक्षय भंडार होती हैं -
पुस्तकें,
स्वाध्याय द्वारा विकास पाने
वालों का,
अमूल्य साधन बनतीं है पुस्तकें।
बदल दे जो जिंदगी की रवानी को
वह, हवा का तेज़ झोंका होती हैं
ये हमारी पुस्तकें।
जो हमें अधिक सोचने को-
बाध्य करें,
सच %वे %ही हमारी अतुल्य सहायक
हैं ये पुस्तकें।
दुनिया से चले जाने वालों की
अविस्मरणीय,
बन जातीं पुस्तकें।
अमर बना देती हैं चले जाने
वालों को,
उनकी अजर अमर तोहफा हैं
यें पुस्तकें।

**श्रीमती उमेश नाग**
**जयपुर, राजस्थान**



## मतवाला बसंत

देखो आया मतवाला बसंत
जो आता सभी को पसंद
देखो कैसे मतवाली कोकिला है कुक रही
उसकी कूहू-कूहू हमसे है यह कह रही
कभी न डरना जीवन में पतझड़ के आने पर
बसंत भी तो आएगा जरूर एक दिन,
जो कभी पतझड़ आया है अगर
देखो पीली सरसों भी,
महक-महक कर हमें यही समझा रही
आया है प्यारा बसंत,
प्रकृति रूप बदलकर बतला रही
परिवर्तन है प्रकृति का नियम
जिस पर आधारित है हम सभी का जीवन
देखो कैसे पेड़ों के पुराने पत्ते झड़ने पर
नये कोपल आने लगे नजर
देखो प्रकृति कैसे मुस्कुरा रही
रूप बदलकर यही बतला रही
परिवर्तन है प्रकृति का नियम
देखो आया मतवाला बसंत
जो आता सभी को पसंद

**मंजू अशोक राजाभोज**
**भंडारा (महाराष्ट्र)**



## वसंत का त्योहार

वसंत पंचमी का त्यौहार है आया,
सबके दिलों में खुशियां लाया
पुष्पमालाओं से घर को सजाया
मां सरस्वती का जन्म दिवस है आया
घर घर में हरियाली लाया, घर को साफ सुथरा बनाया,
मां सरस्वती को नमन किया और विद्या का वरदान है पाया,
बसंत पंचमी का त्यौहार है आया।
मां मैं तुम्हारी शरण में आया
दो बुद्धि कंचन सी काया
भवसागर से पार करा दो, करो कल्याण ज्ञान दायिनी माता।
तू ही तो है स्वर की दाता,
हे वीणावादिनी मैं तुमको ध्याता
कोटि कोटि नमन करूंगा ,
करो स्वीकार मेरी आराधना,
वसंत पंचमी का त्यौहार है आया
सबके दिलों में खुशियां लाया।

**डॉ. अनीता मेहता**
**जयपुर राजस्थान**



## दस्तूर

बहता है दर्द तो
लफ़्ज़ों में पिरो दो
झरता है इश्क़ तो
अल्फाज़ो में बटोर लो।
मिलता नहीं कोई
शख्स इश्क करने को
तो ख्वाबों में
किसी से इजहार कर दो।
मिलता नहीं कोई अपना
हाल-ऐ- दिल बतलाने को
तो परायो से थोड़ी
गुफ्तगू कर लो।
करता नहीं कोई वाह
बेहतरीन कार्य करने पर
तो खुद ही आह को
वाह बना लो।

**डॉ.राजीव डोगरा**
**(युवा कवि व लेखक)**
**पता-गांव जनयानकड़**
**पिन कोड -176038**
**कांगड़ा हिमाचल प्रदेश**



# अराजक तत्वों ने स्कूल जमीन पर कब्जा की नीयत से पुरातन भवन ढहाया

## एक सप्ताह पहले स्कूल में दिव्यांग रैम्प, शौचालय, बेंच और तोडी थी खिडकियां कन्धई थाना और प्रशासन बना है उदासीन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।** अराजकता तत्वों ने पुराने परिषदीय विद्यालय के भवन को अवैध रूप से ध्वस्त कर दिया है! आशंका है कि विद्यालय की जमीन पर कब्जा भी किया जा सकता है! भूमि माफिया एवं अराजक तत्वों की दृष्टि सरकारी स्कूल की जमीनों पर कब्जा एवं अतिक्रमण करने की बदनीयत दिखाई दे रही है! बिगत सप्ताह पानी की टंकी, स्कूल की खिड़कियों , फर्श की टाइल्स, दिव्यांग रैंप, सीमेंट बेंच और शौचालय आदि में तोड़फोड़ कर दी थी! पुलिस प्रशासन द्वारा उदासीनता बरते जाने से अराजक तत्वों के हौसले बुलंद है , वहीं अ0जा0 के असहाय ग्राम प्रधान, विद्यालय के शिक्षक और बच्चे खौफ जदा है!

बता दे कि तहसील क्षेत्र पट्टी के ब्लॉक बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम कांपा मधुपुर के पुरातन प्राइमरी स्कूल की भूमि पर अवैध रूप से कब्जे का प्रयास लगातार दो वर्षो से जारी है! ग्राम पंचायत, बेसिक शिक्षा विभाग और पट्टी तहसील प्रशासन को विघालय भूमि पर अतिक्रमण की सूचना विगत वर्ष 2022 में भी दी गयी तब भी उदासीन बने रह गये! भू माफिया तत्वों के राजनीतिक रसूख के चलते थाना कन्हई पुलिस भी रुचि नहीं ले रही है ।

उच्च प्राथमिक विद्यालय , कांपा मधुपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम प्रभारी प्र0 अ0 ने थाना पुलिस और बीईओ से शिकायत की कि वर्ष 1965 ई0 में निर्मित प्रा0वि0 पुरातन स्कूल जमीन पर कुछ लोग अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे है।

विगत साल रास्ते का विवाद होने पर प्रशासन ने बाग और स्कूल की जमीन की नाप जोख करवाई थी। पैमाईश में सरकारी जमीन पर स्कूल के सामने और पीछे अवैध कब्जा पाया गया था। उप जिला अधिकारी पट्टी के निर्देशन में राजस्व कर्मियों ने नाप तो की लेकिन अवैध कब्जा की बात छुपा ली! सरकारी जमीन पर बाउन्ड्री ठेकेदार को दबाव मे लेकर पहले जमीन कब्जाई ,अवैध कब्जा किया फिर पुराने भवन को अवैध तौर पर गिरवा दिया ! प्रधान का कथन है कि ग्राम सभा सीमा पत्थर, विघालय भवन गिराने के दोषियों की धरपकड़ और अतिक्रमित की गई पूरी जमीन खाली करवाई जानी चाहिए ।

# शायर सजाएंगे अदब की महफिल,जायरीनों की पेश-ए-अकीदत

**प्रतापगढ़।**11 फरवरी को बाबा मद्दी शहीद हन्डौर के उर्स में जहाँ जायरीन अपनी अकीदत पेश करेंगे वहीं भारत-भारतीय के होने वाले मुशायरे में शायर कौमी एकजहती का पैगाम पेश करेंगे। मुशायरा के कन्वीनर मोहम्मद अमीन कल्लू ने बताया कि सुप्रसिद्ध कवि एवं शायर डॉ. रणजीत सिंह की अगुवाई में शकील साहिर,फैय्याज अहमद परवाना,अतीक प्रतापगढ़ी, साजिद प्रतापगढ़ी,राधेश पाण्डेय, जया मिश्रा एकता,सौहार्द और प्यार-मोहब्बत का संदेश अपनी कविताओं से देंगे। 10¬30 बजे प्रात¬ से 01-30 बजे बीच होने वाले इस मुशायरे का शुभारंभ राज्य सरकार से पुरस्कृत एवं सम्मानित ग्राम प्रधान हन्डौर नीतेश सिंह बीरू करेंगे। मुशायरे के मुख्य अतिथि इम्तियाज अहमद पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस उत्तर प्रदेश होंगे तथा विशिष्ट अतिथि मोहम्मद शफीक मनिहार कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट व सूफी डॉ.मो. मुश्ताक अहमद जिला अध्यक्ष मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट होंगे।

# आनंदवन इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का भव्य आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।**नगर स्थित आनंदवन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गीत व डांस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र नाथ शुक्ल द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व विद्यालय की छात्राओं प्राची,आफरीन, दिव्यांशी एवं अंजली, सलोनी के द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना से किया गया। आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम के तहत स्कूल के 11वीं कक्षा के बच्चों व स्कूल प्रबंधन ने 12वीं के बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अंतर्गत बच्चों ने नृत्य संगीत, गायन डांस आदि की प्रस्तुति किया साथ ही साथ स्कूल में बिताए हुए पलों और अनुभवों को भी साझा किया।

प्रधानाचार्य राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने सभी छात्र-छात्राओं को विदा करते समय उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सफलता का आशीष दिया। उन्होंने कहा कि इतने वर्षो तक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से लगाव होना लाजमी है। उन्होंने कहा कि स्कूल ने अपनी जिम्मेदारियों और शिक्षक की भूमिका को हर लिहाज में पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने विभिन्न मौके पर बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई भी दी। इस मौके पर नम्रता,आयुषी, कोमल ने जहां सामूहिक डांस प्रस्तुत किया वहीं वैष्णवी,नम्रता,अंशिका राम आएंगे... गीत प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। इसी तरह अंतिमा, कोमल, अंशिका ने एकल डांस की प्रस्तुति की।इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाओ में प्रदीप कुमार शुक्ल,उदय राज सिंह,आदित्य तिवारी, आशुतोष ओझा,आयूष तिवारी, अनीता, निधि,सरिता, सविता,कविता, पूनम,शालिनी सहित आदि मौजूद रहे।

# नहर का पानी ओवरफ्लो होने से पचीस बीघा से अधिक फसल हुई जलमग्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नहर का पानी ओवरफ्लो होने से कई बीघे गेंहू की फसल जलमग्न हो गयी हैं। वही नहर का पानी गांव में कई लोगों के घरों तक पहुंच गया है। गजराही व घूरीपुर माइनर रजबहा का पानी ओवरफ्लो होने से विकासखण्ड लक्ष्मणपुर ब्लाक अन्तर्गत चमरूपुर शुक्लान ग्राम पंचायत के भिटवा, दीनापटटी आदि गांव के दर्जन भर से अधिक किसानों की फसल जलमग्न हो गयी। वहीं नहर का पानी कई लोगों के घरों के समीप तक पहुंच गया। किसानों ने शुक्रवार सुबह खेतों में नहर का पानी भरा देखा तो आवाक रह गये। किसानों का कहना है कि खेत में पानी भरने से गेंहू व सरसों तथा आलू की फसल खराब होने से की चिन्ता बन उठी है। गांव के रामअधार वर्मा, रामचंद्र मौर्य, बंशी लाल वर्मा, रामचंद्र वर्मा, सीताराम वर्मा, कन्हैयालाल वर्मा आदि किसानों की करीब पचीस बीघा से अधिक फसल जलमग्न हो गयी है। पीडित किसानों का कहना है कि नहर ओवरफ्लों होने से खेत में पानी भरने की तीन महीने में यह चौथी घटना है। पीडितो ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल व सिंचाई विभाग के एसडीओ से की है। एसडीओ राजेन्द्र कुमार का कहना है कि नहर के ओवरफ्लो होने से खेतो मे पानी भर जाने की जानकारी हुई हैं। समस्या का शीघ्र निराकरण कराया जाएगा।

# बच्चों ने जलवायु परिवर्तन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया है

## बच्चों के बारे में कुछ भी नहीं बच्चों के बिना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़**-तरुण चेतना संस्थान के निदेशक नसीम अंसारी ने बताया कि देश भर से 75 संसदीय क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने वाले युवा बाल संसद बच्चे देश की राजधानी नई दिल्ली में एकत्रित हुए जिसमें सभी देश भर से आए बच्चों ने राजनीतिक दलों के साथ आम चुनाव 2024 की अगुवाई में बच्चों ने अपना घोषणापत्र अपनाने की मांग की है।




बच्चों ने कहा कि बच्चों के बारे में कुछ भी नहीं बच्चों के बिना। यह नारा है युवा बाल संसदों का जो राष्ट्रीय समृद्धि समावेशी बच्चों की संसद (एनआईपीसी) के दौरान 24 से 31 जनवरी 2024 को हुआ इस कार्यक्रम में पूरे देश से सौ अधिक युवा बाल नेताओ प्रतिभाग किया था। बच्चों ने वास्तविक मंच तलाशने के लिए एकजुट होकर अपने हक़ के लिए हुए अपनी आवाज़ बुलंद की इन युवा संसदो ने भारत को लोकतंत्र के सबसे पवित्र क्षण अर्थात चुनाव में बच्चों को सही मायने में पूरी तरह से शामिल करने वाला दुनिया का पहला राष्ट्र बनाने की मांग की है। सप्ताह भर इस कार्यक्रम में बच्चों ने जलवायु परिवर्तन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया है। जिस्म अलग-अलग राज्यों से आए युवा सांसदों ने अपना-अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जलवायु हमारा सबसे संकट में है।एनिमेटर हकीम अंसारी ने बताया कि इन युवा बाल संसदो ने चंडीगढ़ से बबीता को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया उप प्रधानमंत्री दिल्ली की कविता को चुना गया।

युवा सांसदों ने अपने राष्ट्रीय बैठक में कहा बच्चों के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य हर बच्चों तक पहुंच हो यह हमारा पहला लक्ष्य होगा। आम चुनाव से पहले बाल युवा सांसदों ने बच्चों के हित में घोषणा पत्र तैयार करके सभी राजनीतिक दलों को बच्चों के घोषणा पत्र को शामिल करने की मांग की है। ताकि बच्चों की मांग को सुनी जाए और उनके अधिकारों की रक्षा किया जा सके।

# सीपीएस कप क्रिकेट टूर्नामेण्ट में चंदापुर की टीम बनी विजेता




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर बाजार स्थित मैदान में सीपीएस कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में चंदापुर स्पोर्टिंग क्लब और डांडी स्पोर्टिंग क्लब के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें चंदापुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और डांडी टीम के खिलाड़ी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में चार विकेट खोकर छिहत्तर रन बनाए। जबाब में उतरी चंदापुर की टीम ने एक ओवर पहले ही सौरभ की आक्रामक बल्लेबाजी की मदद से विजयी लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से मैच जीत लिया। टीम की ओर से सौरभ ने शानदार चार छक्के दो चौके की मदद से अड़तीस रन बनाकर मैन ऑफ़ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। विजयी खिलाड़ियों को आयोजन समिति की ओर से रमेश मिश्र बेलौरा ने पुरस्कृत किया। इस दौरान पूर्व प्रधान गुड्डू पाण्डेय, जामिद खान, शिवशंकर शुक्ल, नारायण पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, रत्नाकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मुकदमा वापस ना लेने पर जान से मार डालने की धमकी

## पुलिस बनी मूकदर्शक,पुजारी ने उच्चधिकारियों से लगाई गुहार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुण्डा** – आपको बतादें कि प्रतापगढ़ जिले के थाना हथिगवां अन्तर्गत ग्राम सभा मिश्रदयालपुर हनुमान नगर गांव स्थित प्राचीन प्रसिद्ध सिद्ध संकट मोंचन धाम हनुमान मन्दिर के पुजारी तपस्वी महात्मा बालयोगी जी महराज (दीनानाथ महराज जी) के आश्रम,आवास पर 26/27/01/2024 की रात्रि 02 बजे पडोस के ही सुभम मिश्र उर्फ मोंनू और हरिशंकर उर्फ हरिहर मिश्र ने रंजिशन पुजारी व उसके परिवार को जिंदा ही जलाकर जान से मार डालने की नीयत से जलनशील पदार्थ डालकर भीषण आग लगा दिया था। लेकिन जैसे ही खुटखट की आवाज हुई, तो पुजारी व उनके परिवार के लोग जाग गए तथा आश्रम से निकलकर बाहर भागे, तो वह आग लगा कर सुभम् उर्फ मोंनू और हरिशंकर उर्फ हरिहर को भागते देख लिया। उधर पीड्ति परिवार व अन्य कई लोग आग को बुझाने में जुट गए और 112 व थानाध्यक्ष हथिगवां को भी तत्काल सूचित किया लेकिन तब तक आग चरम सीमा पर पहुंच गई थी जिससे



आश्रम की पूरी साम्रागी लगभग चार लाख से अधिक जलकर स्वाहा हो गई। और उधर किसी तरह से पीड्ति परिवार व अन्य कई लोग मिलकर आग को ईश्वर के सहारे काबू कर पाया तथा देर देरी से पुलिस भी पहुँची और देखी। तब तक आश्रम की पूरी साम्रागी जलकर खाक हो गई थी। और उधर पीड्ति की लिखित प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने किसी तरह से आरोपी सुभम उर्फ मोंनू व हरिशंकर उर्फ हरिहर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है लेकिन एक सप्ताह से अधिक दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई है । जिससे आरोपियों के हौंसले बुलंद है। और पीड़ित पुजारी परिवार को जान से मार देने की धमकी देते हुए स्वतन्त्र सरेआम घूम रहे है। जिससे पीड्ति परिवार आरोपी व उनके प्रभावशाली व्यक्ति से भयभीत है। पीड्ति पुजारी परिवार ने आगे भी बताया कि आरोपी व उसके प्रभावशाली लोंग मिलकर पुलिस पर दवाब बनाकर जांच को भी बाधित करने में जुटे हुए है। यह पूरे जिले में एक बडा चर्चा का विषय बन गया है। आखिर कब तक प्रभावशाली व्यक्ति के गोद में बैठकर सुरक्षित रहेंगे नामजद आरोपी ? उधर पीड्ति महात्मा के परिवार ने बताया कि नामजद आरोपी एक दबंग आपराधिक किस्म के व्यक्ति है। जिनका कई आपराध संख्या पूर्व से भी थाना हथिगवां में दर्ज है। लेकिन प्रभावशाली व्यक्ति के कारण नामजद आरोपी बचते चले आ रहे है। और अभी तक पुलिस ने भी कोई कडी कार्रवाई नही कर सकी है। जिससे नामजद आरोपियों की हौंसले बुलंद है। और पीड्ति पुजारी परिवार को मुकदमा वापस ना लेने पर जान से मार डालने की धमकी दे रहा है। जिससे पीड्ति सपरिवार नामजद आरोपी व इनके प्रभाव शाली व्यक्ति से भयभीत है। और उच्च धिकारियों से सपरिवार की जान माल की रक्षा व न्याय दिलाएं जाने की गुहार लगा रहा है।

# पुलिस ने चोरी हुए मोबाइल किया बरामद, पीड़ितों को सौंपा



**कुंडा प्रतापगढ़** कोतवाली क्षेत्र के तीन लोगों के मोबाइल बीते दिनों लापता हो गए थे। पीड़ितों ने मामले में पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने सर्विलांस के जरिए मोबाइल खोजकर पीड़ितों को सौंपा।कोतवाली का भूसू का इनारा बरई गांव निवासी सविता यादव व टिकरिया बुजुर्ग गांव निवासी निशा देवी का मोबाइल एक फरवरी को लापता हो गया था, जबकि वैष्णों कॉलोनी तिलौरी मोड़ निवासी रवीन्द्र सिंह का मोबाइल चार फरवरी को लापता हो गया था। मोबाइल लापता होने के मामले में पीड़ितों ने तहरीर देने के साथ ही ऑनलाइन केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। इंस्पेक्टर कमलेश पाल ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से मोबाइल बरामद हुआ तो शुक्रवार को सभी पीड़ितों को कोतवाली बुलाकर मोबाइल सौंपे गए।

# भारतीय जनता पार्टी जनजाति मोर्चे के गठन में आदिवासी युवा बना प्रदेश मंत्री

**चित्रकूट:** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चे उत्तर प्रदेश के गठन से चित्रकूट जिले के आदिवासी खेमे में खुशी का माहौल है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति में अपना डंका बजाने वाले छात्र नेता आशीष कुमार को भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चे में प्रदेश मंत्री बनाया गया है।

आशीष कुमार लगभग एक दशक तक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे। जिसमे नगर मंत्री, जिला कार्यसमिति सदस्य, प्रांत जनजाति कार्य प्रमुख, प्रांत सह कार्यालय मंत्री, प्रांत मंत्री सहित राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि युवाओं का राजनीति में प्रवेश एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। ऐसे ही अन्य युवाओं को भी राजनीति में आना चाहिए। जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग, समुदाय के लिए काम कर रही है। खासकर चित्रकूट में आदिवासियों के लिए भाजपा सरकार ने प्रमुखता से सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। भाजपा चाहती है कि प्रत्येग वर्ग का व्यक्ति अपने समुदाय और समाज का नेतृत्व करें। अभाविप के विभाग



संयोजक पुष्पेंद्र गर्ग ने कहा कि आशीष कुमार ने परिषद में रहते हुए भी आदिवासी समाज की आवाज बनते थे। जिसके चलते भाजपा ने उनकी नेतृत्व क्षमता को परखते हुए यह खास जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है।

मानिकपुर के युवा व्यापारी नेता नितिन सेठिया ने कहा कि मानिकपुर से किसी युवा का प्रदेश टीम में नेतृत्व करना ही हम सबके लिए गौरव का विषय हैं। उदित अग्रहरि ने कहा कि भाजपा में आशीष को जिम्मेदारी मिलने से हर वर्ग का युवा भाजपा से तेजी से जुडेगा। राम लखन कोल ने कहा कि भाजपा ने हमे सम्मान दिया है। इस सम्मान के बदले हम भाजपा को लामबंद होकर वोट देंगे। केशर कोल ने कहा कि आशीष हमेशा आदिवासियों के हक की लडाई लडते आए है और आगे भी उनकी आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अखिलेश, अनुज जायसवाल, गौरव सिंह, हिमांशु केशरवानी, कमलेंद्र, अमरदीप साहू, शुभम पटेल, पंकज पटेल, शिव, श्यामा कोल, रामनरेश विश्वकर्मा, प्रमोद तिवारी, सोनू गर्ग, तेज प्रकाश, मनोज श्रीवास्तव, धीरेंद्र भार्गव आदि ने बधाई शुभकामनाएं दी।

# अमावस्या पर्व पर बाबा धाम समेत मन्दिरों में श्रद्धालुओं का हुआ समागम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी देखी गयी। वही पवित्र गंगा तट मानिकपुर से स्नान कर लौटे श्रद्धालुओं को भी देवाधि धाम में पुष्प अक्षत के साथ महादेव के पूजन अर्चन में रमे देखा गया। अमावस्या के पर्व पर श्रद्धालुओं ने दीप जलाये। प्रातःकाल हुई विशेष आरती में श्रद्धालुओं की सहभागिता भी उत्साहजनक बनी देखी गयी। पर्व को लेकर बाबा धाम में सुबह से ही पुलिस व प्रशासन को भी डटे देखा गया। वही अमावस्या पर्व पर बूढ़ेश्वरनाथ धाम तथा लालगंज नगर में हरिहरमंदिरम, हनुमत निकेतन में भी सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में उत्साहित देखा गया। घरों में भी अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने अन्नदान कर भगवान् को शीश झुकाये।


## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037


# मौनी अमावस्या पर हुआ निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन




**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश सरकार आयुष विभाग, निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देशानुसार मौनी अमावस्या पर्व के अवसर पर शुक्रवार को पुरानी कोतवाली कर्वी के सामने निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में चित्रकूट आये हुए तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क परामर्श, होम्योपैथिक औषधि व कोविड किट का वितरण किया गया। इसके प्रयोग से होने वाले लाभ व दुष्प्रभाव की जानकारी दी गयी। शिविर में सर्दी-जुकाम, गठिया, कमर दर्द, एसिडिटी, चर्मरोग आदि बीमारियों से पीडित कुल 365 रोगियों ने लाभ प्राप्त किया।

इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार, डॉ प्रभू सिंह, फार्मासिस्ट बद्री प्रसाद, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# बसपा जिलाध्यक्ष ने की झुके पेड़ को कटवाने की मांग

**चित्रकूट:** मुख्य मार्ग के किनारे खतरनाक तरीके से झुक चुके शीसम के पेड़ को कटवाने की मांग बसपा जिलाध्यक्ष ने की है।

बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने चित्रकूट के प्रभागीय वनाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि कर्वी राजापुर मार्ग में चकला गांव के समीप एक शीसम का वृक्ष पूरी तरह से सूखकर सड़क की ओर खतरनाक तरीके से झुक चुका है। किसी भी समय अचानक इस पेड़ के गिरने की आशंका बनी रहती है। साथ ही अचानक पेड़ गिरने के कारण सड़क हादसे का डर भी बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कर्वी के मिशन चौराहे पर भी अचानक पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गयी थी। इस घटना से सबक लेते हुए चकला गांव के पास के पेड़ को कटवा देना चाहिए।



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ कैंप कोच फ्रॉम आई०सी०एफ० टाइप जी०एस०/सी०एन० कोचेस 2023–24 | | |
| कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | ₹28,94,40,060/- मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्योरिटी | ₹15,97,200/- मात्र | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 17.02.2024 से 02.03.2024 समय 13:00 बजे तक | | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A, (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) यदि (Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | | | |

निविदा सूचना सं.: 2024–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–03
दिनांक: 08.02.2024 436/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डीएम व एसपी ने ली समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारी बैठक

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापक की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनपद में पहली बार लोक सेवा आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में परीक्षा संचालित हो रही है। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि समय से कोषागार से प्रश्न पत्र परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाएं और परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपनी देखरेख में रखेंगे। साथ ही यूज्ड ओएमआर शीट डाकखाना पर जमा करेंगे एवं अनयूज्ड कॉपी को कोषागार में पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि रोडवेज व रेलवे के अधिकारी परीक्षार्थियों के आवागमन के वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी स्थानीय स्तर पर टेंपो, टैक्सी यूनियन की बैठक कर किराया तय किया जाए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों तथा प्रधानाचार्यो से कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर अच्छी साफ सफाई, प्रकाश व परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्थाएं रहे। साथ ही परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री परीक्षा केन्द्र के अंदर पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण संपन्न कराना हम सबका दायित्व है। कोई भी समस्या हो तो तत्काल अवगत कराया जाए ताकि उसको समय से निस्तारित कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि कोषागार से सुरक्षा बल के साथ परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र ले जाएंगे। साथ ही वहां से वापस डाकखाना एवं कोषागार में जमा कराएं। उन्होंने कहा कि स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के लिए भी फोर्स दी गई है। साथ ही जांच के लिए भी महिला व पुरुष फोर्स की व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की भी व्यवस्था रहेगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा।

# दीप जलाता हूं एकता का काव्य-संकलन का विमोचन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** दीप जलाता हूँ एकता का% काव्य संग्रह का विमोचन समारोह नगर के सबरी स्थित साई गार्डेन में सम्पन्न हुआ। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी द्वारा रचित कविता-संग्रह के इस विमोचन-समारोह में बौद्धिकता एवं चिंतन की धारा तीर्थराज प्रयाग के संगम की गंगा-यमुना की धारा सदृश दिखाई पड़ी। कार्यक्रम के मंच से समाज, राजनीति और अध्यात्म के उद्धरणों के साथ उन बिंदुओं पर चर्चा हुई जो %सर्वे भवन्तु सुखिनः% की अवधारणा को सार्थक कर सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा. वृजदेव पांडेय ने की। मुख्य अतिथि देश की राजधानी नई दिल्ली से आये नामी व्यंग्यकार सुल्तान भारती रहे। उन्होंने सामाजिक विषमताओं को लेकर अपनी बात व्यंग्य रूप में ही कही। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी के प्रथम वक्ता की भूमिका में एएस जुबिली इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ रमाशंकर शुक्ल थे। उन्होंने कार्यक्रम को ठोस आधार दिया तो सरकार से अलंकृत साहित्यकार प्रो अनुज प्रताप सिंह, गीतकार गणेश गंभीर एवं केबी कॉलेज की पूर्व अध्यापिका डॉ रेनू रानी सिंह ने अपने उद्बोधन से सद्यः विमोचित काव्य पर विचार व्यक्त किये और कहा कि काव्य वर्तमान समाज का दर्पण है। साहित्यकार एवं पत्रकार भोलानाथ कुशवाहा, अधिदर्शक चतुर्वेदी एवं सलिल पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन संयुक्त रूप से अमित आनन्द एवं ई. कृष्ण कुमार चौधरी ने किया।

गोष्ठी के बाद अगला कार्यक्रम कवि सम्मेलन का रहा जिसमें कवियों ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का समापन पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम में सिद्ध नाथ सिंह, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राजधर दुबे, पप्पू पाण्डेय, परवेज खां, राम सिंह एडवोकेट सहित जनपद के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पानी संस्थान ने पोषण के प्रति लोगों को किया जागरूक

**मानिकपुर, चित्रकूटः** ग्रामीण महिलाओं के बीच खाद्य सुरक्षा एवं पोषण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पानी संस्थान द्वारा ओरेकल सीएसआर के सहयोग से ब्लाक मानिकपुर के पकौआ देवी संस्कृत महाविद्यालय प्रांगण में ब्लाक स्तरीय पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण जागरूकता कार्यक्रम में 25 ग्राम पंचायतों से लगभग 500 से अधिक महिलाओं और हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से गांवों में उपलब्ध आस पास के संसाधनों से ही पोषण की पूर्ति करने पर जोर दिया गया। पोषण युक्त भोजन प्राप्त करने के लिए पोषण वाटिका अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओ ने खुशी-खुशी अपने पोषण व्यवहार में आए बदलावों के अनुभवों को सबसे साझा किया। साथ ही कार्यक्रम में पोषण गीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/पन्द्रहवां/पंचम/एसबीएमजी फेज–2/मनरेगा/2023–24 दिनांक 09.02.2024

### निविदा प्रकाशन

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/विक्रेताओं को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी जनपद चित्रकूट में वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत ठोस–तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (माडल ग्राम पंचायत) के अन्तर्गत डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, सरिया, ईट गिट्टी इत्यादि वित्त आयोग, एस0बी0एम0 फेज–2 (ग्रामीण) की प्राप्त धनराशि के अनुसार पन्द्रहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म से दिनांक 10.02.2024 से 15.02.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 15.02.2024 को कार्यालय के कार्य दिवस में आपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय/सचिवालय में निविदा प्रेषित करने वाले ठेकेदारों के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में की जायेगी। आयकर कटौती एवं जी0एस0टी0 का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना बताये निरस्त कर सकती है। आमंत्रित टेण्डर में दर्शाये गये कार्यों को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेंगे जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | नग/प्रकार/मी0 | सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग (लाख में) | सामग्री की अनुमानित धनराशि (लाख में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि प्रतिशत | टेण्डर की स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि का प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौशाला के पास आर0आर0सी सेन्टर का निर्माण कार्य | 01 | 4.69 | 4.69 | 500 | 2% | 3% | 5 माह |

नियम व अन्य शर्तें लागू

जहूर अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी
वि0ख0 चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

मनीष कुमार
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी
वि0ख0 चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट



## कार्यालय नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम, कौशाम्बी

पत्रांक : 1320/न0पं0दा0क0/कौशा0/2023–24 दिनांक 09.02.2024

### ई–निविदा सूचना

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य वित्त आयोग योजना से प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत दारानगर–कड़ाधाम में निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत दारानगर–कड़ाधाम के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 10.02.2024 | |
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 10.02.2024 | 12.00 बजे अपराहन |
| निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि | दिनांक 10.02.2024 से 02.03.2024 समय 12.00 बजे अपराहन तक | |
| निविदा खुलने की तिथि | 02.03.2024 | 2.00 बजे अपराहन से |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्ध की तिथि 10.02.2024
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय– 02.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 02.03.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

टधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

वैभव
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम कौशाम्बी

रागिनी देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम कौशाम्बी



## पुनर्वास महानिदेशालय

रक्षा मंत्रालय

### लखनऊ में डीजीआर भूतपूर्व सैनिक रोजगार मेला

में रोजगार के इच्छुकों और रोजगार दाताओं को सुविधा प्रदान करते हुए भूतपूर्व सैनिकों (60 वर्ष की आयु तक) को रोजगार में दूसरी पारी के लिए एक सुअवसर उपलब्ध करा रहा है

दिनांक 12 फरवरी, 2024 को, सूर्या खेल परिसर, करियाप्पा रोड, छावनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226002 में, समय–प्रातः 09.00 बजे से प्रारम्भ

- सभी ईएसएम हेतु पंजीकरण पूर्वा. 11.30 बजे बंद होगा।
- प्रवेश पहले–आओ–पहले–पाओ के आधार पर
- दस्तावेज जिनको लाना होगा : ईएसएम पहचान–पत्र तथा नवीनतम सीवी/बायो–डेटा की पांच प्रतियां, फोटोग्राफ सहित

**रोजगार के इच्छुक ईएसएम के लिए लाभ**

बहु रोजगार अवसरों तक बिना किसी लागत के पहुंच, परेशानी मुक्त भर्ती प्रक्रिया
शीर्ष पीएसयू'ज/कापोरेट्स से भर्ती करने वालों के साथ बातचीत

**नियोजकों के लिए लाभ**

अपनी कम्पनी का स्टॉल बुक करने हेतु जीरो लागत पर
वेटरन टैलेंट पूल तक पहुंचने के लिए देखें: www.dgrindia.gov.in
कम्पनियों से आग्रह किया जाता है कि हमारी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदान किए गए लिंक के माध्यम से पंजीकरण करें।
सीमित उपलब्धता के कारण, स्टॉल्स पहले–आओ–पहले–पाओ पर आवंटित किए जाएंगे।

अन्य पूछताछ तथा सहायता के लिए, कृपया सम्पक करें:
संयुक्त निदेशक (एसई एंड सीआई)
पुनर्वास महानिदेशालय
पश्चिमी खंड IV, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110066
ई–मेल: seopadgr@desw.gov.in, drzclkw@desw.gov.in
फोन: 011–20862542, 0522–2482833
वेबसाइट : http://www.dgrindia.gov.in
नोडल सम्पर्क– सूबेदार पूरन सिंह : 8899706909
नायब सूबेदार संजय कुमार शुक्ला : 9425668691

सीबीसी 10401/11/0021/2324


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं शान्ती देवी पत्नी स्व0 राजकुमार मन्धान नि0 काशीराम कालोनी, जोगापुर थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ की निवासिनी हूँ। मेरी बहू प्रीती निषाद पत्नी विशाल कुमार मन्धान नित दिन घर में बिना किसी वाद विवाद के लड़ाई झगड़े एवं कलेश करती है तथा आत्महत्या करने की भी धमकी देती है, जिससे की पूरा परिवार हैरान व मानसिक रूप से परेशान रहता है। भविष्य में अगर इनके कार्य से परिवार को या फिर इनको स्वयं किसी भी प्रकार से नुकसान व परेशानी होती है तो इसके जिम्मेदार वह स्वयं होगी घर परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। सनद रहे कि वक्त जरूरत पर काम आवे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संदीप कुमार सिंह आर्मी नं0 3008965P रैंक (Rank)-HAV, वर्तमान में तैनाती (16 राजपूत) 41 ब्रिगेड लखनऊ (उ0प्र0) निवासी ग्राम पूरे खाण्डेराय, छतरपुर परगना व तहसील सदर जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0) पिन 230503, मेरी पुत्री अंशिका सिंह की जन्मतिथि स्कूल में प्रवेश के समय लिपिकीय त्रुटि के कारण 06.08.2008 अंकित हो गयी थी जो कि गलत है, अंशिका सिंह की सही जन्मतिथि 06.08.2009 है जो कि उसके आधार कार्ड में अंकित है भविष्य के लिये 06.8.2009 ही माना जाय एफीडेविट नं0 UP50 903014973394W

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं0 2 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
सी0ए0 नं0 116/08
नाम फरीकेन उमाशंकर आदि बनाम दीनानाथ आदि
बनाम
1/1 रजनीकान्त त्रिपाठी आयु 55 वर्ष 1/2 कुन्देन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 46 वर्ष सुतगण दीनानाथ 1/3 सुमेन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 44 वर्ष 1/4 रेनू आयु 40 वर्ष पुत्री दीनानाथ समस्त नि0ग्राम संणारी पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 15.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 462/2022
नाम फरीकेन रमेश प्रताप बनाम समर बहादुर सिंह
बनाम
समर बहादुर सिंह उम्र 70 वर्ष सुत स्व0 राम दयाल सिंह नि0 ग्राम व पोस्ट रंजीतपुर चिलबिला पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
तारीख पेशी 22.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 22.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान एफ0टी0सी0 तृतीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
ओ0एस0 1807/20
नाम फरीकेन बच्चू लाल आदि बनाम विनोद कुमार आदि
बनाम
1. विनोद कुमार उम्र 30 वर्ष सुत राजमणि 2. संदीप कुमार उम्र 50 वर्ष सुत राजेन्द्र 3. राजेन्द्र उम्र 70 वर्ष सुत बाबूलाल समस्त निवासी ग्राम भुवालपुर किला पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी202102570300246
नाम फरीकेन बालकृष्ण बनाम अशोक कुमार
बनाम
1. अशोक कुमार उम्र 32 साल सुत रामनाथ 2. चन्द्रप्रकाश उम्र 35 साल सुत श्रीनाथ 3. ग्राम सभा द्वारा प्रधान ग्राम सभा सरूआवा पर0तह0 सदर प्रतापगढ़
अ0धारा 116 अधि0उ0प्र0रा0सं0 2006
तारीख पेशी 13.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
न0मु0 3436/2023
नाम फरीकेन घनश्याम आदि बनाम रमेश आदि
बनाम
1. रमेश 2. सुरेश सुतान पृथ्वीपाल 3. इन्द्रपाल 4. राजकुमार सुतगण मोहन लाल समस्त निवासीगण ग्राम वजहा पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. गांव सभा वजहा द्वारा प्रधान ग्राम सभा वजहा पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 6. उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
वाद अन्तर्गत धारा 144 उ0प्र0भू0 राजस्व संहिता 2006
तारीख पेशी 15.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नं0मु0 110/22
नाम फरीकेन गोविन्द कुमार बनाम दीपक कुमार आदि
बनाम
1. दीपक कुमार उम्र 52 वर्ष 2. पंकज कुमार उम्र 38 वर्ष 3. नीरज कुमार उम्र 35 वर्ष 4. अंकुर उर्फ अम्बुज कुमार उम्र 32 वर्ष सुतगण कृष्ण कुमार 5. शारदा देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी स्व0 कृष्ण कुमार 6. नीलिमा सिंह उम्र 35 वर्ष पत्नी विशाल सिंह समस्त नि0ग्राम पूरे गोधिया पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 21.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 21.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उप जिलाधिकारी द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी201802570307236
नाम फरीकेन अविनाश बनाम गंगाराम आदि
बनाम
1. गंगाराम गुप्ता सुत स्व0 माता प्रसाद गुप्ता 2. आशा देवी पत्नी स्व0 रमाशंकर गुप्ता 3. मनीराम गुप्ता सुत स्व0 रमाशंकर गुप्ता 4. रामधन गुप्ता सुत स्व0 रमाशंकर गुप्ता 5. अजनी गुप्ता सुत स्व0 रमाशंकर गुप्ता 6. वन्दना गुप्ता पुत्री स्व0 रमाशंकर गुप्ता समस्त निवासी ग्राम अमिलहना पो0 पाराहमीदपुर प0त0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
मु0नं0 758/2022
नाम फरीकेन विन्दू देवी बनाम मदन लाल आदि
बनाम
1. मदन लाल आयु 45 वर्ष 2. रामलाल आयु 55 वर्ष 3. अशर्फी लाल आयु 52 वर्ष सुतगण स्व0 राजाराम 4. कंचन देवी आयु 40 वर्ष पत्नी राम जी 5. नीलू आयु 35 वर्ष पत्नी श्याम जी निवासी ग्राम रंजीतपुर चिलबिला पो0 माधोगंज प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


9452526750, 9839665450,8565970115

## दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# विक्रांत हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा

## ड्राइवर को मारकर शव जलाया और खुद की दिखा दी हत्या

**सुल्तानपुर ।** 'विक्रांत वर्मा' ब्लाइंड मर्डर केस से कोतवाली देहात पुलिस व क्राइम ब्रांच ने सनसनीखेज खुलास किया है। नौ लाख रूपए कर्ज से बचने और प्रेमिका को पाने के लिए उसने सीएचसी में तैनात चालक की हत्या कर उसकी लाश को जला डाला था। इससे उसने स्वयं की हत्या को दर्शाया और फिर फरार हो गया। लेकिन 25वें दिन पुलिस ने उसे खोज निकाला और अब पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी है।

सीओ लम्भुआ अब्दुस सलाम ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली देहात के दुबेपुर में 16 जनवरी को फार्म हाउस के पास पूर्णतया जली हुई तथाकथित मृतक विक्रांत वर्मा की लाश मिली थी। इस संबंध में एसपी के आदेश पर हत्या का केस दर्ज हुआ था। एसएचओ कोतवाली देहात श्याम सुंदर इस मामले की विवेचना कर रहे थे। विवेचना के दौरान पाया गया कि तथाकथित मृतक विक्रांत वर्मा पुत्र रमेश कुमार वर्मा निवासी ग्राम दूबेपुर पूर्व से अपने व्यवसायिक कार्यो में करीब नौ लाख रूपये का घाटे में था। उसने बैंक से लोन का दबाव होने के कारण अपनी पहचान छुपाया। फिर अपने अन्य सहयोगी शक्तिमान पुत्र वीरेश कुमार निवासी तुमरिया थाना सोरो जनपद कासगंज उत्तर प्रदेश वर्तमान पता गली नं. 28 (वार्ड नं. 16) विकासनगर थाना सेक्टर 29 इण्डस्ट्रीयल एरिया पानीपत हरियाणा व अनुज साहू पुत्र राजू साहू निवासी तुमरिया थाना सोरो जनपद कासगंज उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर सीएचसी दूबेपुर में संविदा पर तैनात चालक द्वारिकानाथ शुक्ला पुत्र जंगबहादुर शुक्ला निवासी रौतावा थाना खण्डासा जनपद अयोध्या को अमहट शराब ठेका से ले जाकर शराब पिलाया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसके शव पर पेट्रोल छिड़ककर जला दिए जिससे उसकी पहचान न हो सके और अपने साथियो के साथ पानीपत हरियाणा भाग गया। आरोपी ने अपनी प्रेमिका काल्पनिक नाम (गीता) के साथ घटना के बाद से लगातार दूसरे नम्बर से वार्ता करना शुरू किया। तब सर्विलांस टीम का सहयोग लिया गया। इसके बाद पुलिस पानीपत हरियाणा पहुंची और वहां से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इस गुडवर्क के लिए पुलिस टीम को पच्चीस हजार रूपये के इनाम देने की घोषणा हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

# उर्दू भाषा को आसान एवं रुचिकर बनाने का शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

## पांच दिवसीय उर्दू भाषा प्रशिक्षण संपन्न





**बलरामपुर।** परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों का उर्दू भाषा आधारित शिक्षण पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सभागार में संपन्न हुआ है।डायट प्राचार्य हिफजुर्रहमान के निर्देशन में प्रशिक्षण नोडल अब्दुल वदूद, डॉ. त्रिपुरारी पूजन, रेखा वर्मा, गोविंद कुमार एवं एस आर जी सदस्य महमूदुल हक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उर्दू भाषा के शिक्षण पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में शामिल एसआरजी सदस्य महमूदुल हक ने प्रशिक्षण के संबंध में बताया कि बेसिक शिक्षकों को उर्दू भाषा सिखाने का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें उर्दू का इतिहास भी शामिल है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषा के प्रयोग, वर्णमाला, लिपि, व्याकरण के नियम और उसकी उपयोगिता, शिक्षण योजना और डायरी प्रविष्टि के साथ-साथ कक्षा में प्रयुक्त होने वाली सहायक सामग्री पर विस्तार से चर्चा की गई है और इसके साथ ही कुछ गतिविधियाँ भी की गई हैं और उनके प्रस्तुतिकरण भी कराए गए हैं। ये प्रशिक्षित शिक्षक नई तकनीकों का उपयोग करके अपने स्कूलों में उर्दू पढ़ने वाले बच्चों के लिए भाषा को आसान और रूचिपूर्ण बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में कमरुद्दीन अंसारी, मुहम्मद उस्मान, मुहम्मद अकरम खान, मलिक मनवर अली, फरीद अहमद मदारी शामिल रहे। शिक्षण के अंत में प्रमाण पत्र वितरण के अवसर पर एक काव्यगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित मास्टर ट्रेनरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया कि किस प्रकार भाषा के लेखन अभिव्यक्ति का गुण बच्चों में भी विकसित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। निपुण भारत के अंतर्गत मौखिक भाषा विकास एवं अभिव्यक्ति का कौशल ही बच्चों को निपुण बनाता है। अंत में प्रमाण पत्र वितरण के बाद प्रशिक्षण नोडल अब्दुल वदूद ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# दबंगों ने सफाई कर्मी पर चढ़ाया बोलेरो, हालत गंभीर

**सुल्तानपुर।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में घर से ड्यूटी जा रहे सफाई कर्मी पर दबंग विपक्षियों ने बोलेरो चढ़ा दिया। दबंगों पर लाठी डंडे से पीटने का भी आरोप है। गंभीर हालत में घायल सफाई कर्मी को राजकीय मेडिकल कॉलेज से ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।




जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र की आशापुर निवासी रेखा पत्नी रवींद्र कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। रेखा के अनुसार उसके पति जयसिंहपुर ब्लॉक के परसौंहा में बतौर सफाई कर्मी हैं। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे घर से ड्यूटी के लिए घर से निकले तभी विपक्षी स्वामी नाथ, अजय कुमार, सभाराज, दशरथ, सूरज, जगतराम, राम दयाल गली देते हुए मारने दौड़े। पति रविन्द्र भागते हुए घर में घुसे और दरवाजा बंद कर लिया। घर के अंदर से ही उन्होंने डायल 112 को सूचित किया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने थाने चलकर रिपोर्ट लिखवाने की बात कही तो पति की बाइक पर बैठ मैं कोतवाली जा रही थी। आरोप है कि जैसे ही रेखा व उसका पति बगिया चौराहा-पीढ़ी संपर्क मार्ग पर नंदी धाम पहुंचे थे तभी विपक्षियों ने बोलेरो खड़ी कर बाइक रोक लिया। दबंग लोगों ने लाठी डंडे से उसके पति को पीटा। पुलिस व राहगीरों को आता देख वो लोग बोलेरो में बैठे और जान से मारने की नियत से बोलेरो पति रवींद्र के उपर चढ़ा दी। मारने व गाड़ी चढ़ाने से रवीन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से घायल को सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल रवींद्र को चिकित्सकों ने प्रथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। एसओ प्रेमचंद्र ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# लाखो का बकाया विद्युत बिल किया जा रहा शून्य सरकार को राजस्व का लगाया जा रहा चूना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** विद्युत विभाग में क्या चल रहा है, किसके संरक्षण में चल रहा है, कैसे लाखों रूपये के बिल को शून्य कर दिया जाता है, इस पूरे गैंग को कौन संचालित कर रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। बानगी के तौर पर हम कुछ मामले को उजागर कर रहे है, जिसे जीरो टॉलरेंस की नज़रो से देखा जा सकता है कि आखिर योगी राज में भी कौन इतनी हिम्मत रखता है, जो लाखो के विद्युत बिल को जीरो कर देता है और किसी को भनक ना लगे।मतलब साफ है कि अगर बकाया राजस्व सरकार के खाते में नही जा रहा है तो आखिर फिर कहा जा रहा है। कौन है जो सरकार राजस्व की छति पहुंचा रहा है,और उसके कृत्यों पर योगी राज में भी कुछ नही हो रहा है।नगर क्षेत्र में देखते ही देखते ऐसे कई विद्युत बिल जो लाखों रू.बकाएदार थे। उन्हें अभिलेखों में शून्य कर दिया गया। कुछ बकाया बिलों से आगे-पीछे से गिन्ती हटाकर कम कर दिया। आखिर किसको लाभ पहुचाया जा रहा है। स्वयं को, उपभोक्ताओं को या फिर टीडीएस फ्रेंचाइजी को। इस संबध में जब संबधित अवर अभियंता रविशंकर मौर्या से दूरभाष पर बात हुई तो उन्होंने सीधे तौर पर कहाकि एसडीओ से जानकारी कर लीजिए। एसडीओ विकल्प कुमार से जब इस संबध में जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नही है, कल बता पाऊगा। बहरहाल विभाग में बड़ा खेल चल रहा है। इसकी जांच और संलिप्त विभागी कर्मचारियों पर बड़ी कार्यवाही की आवश्यकता है। यहा कुछ डिटेल दी जा रही है, जिसकी जांच से पता चल सकता है कि गड़बडी कहां से हो रही है।1-विद्युत खाता संख्या 9497872000 की मीटर रीडिंग 19829 लोड 1.30 मीटर संख्या 091259 का बिल 6/12/2023को विद्युत बिल 43353 बना था,परंतु इसे मिलीभगत करके शून्य कर दिया गया,2-विद्युत खाता सं 7472172000की मीटर रीडिंग 29995 लोड 2.25 मीटर सं.3978167 पर 15/12/2023 को इसका बिल 79851 था,इसको भी शून्य कर दिया गया,इसी तरह से विद्युत खाता सं.4102472000 की मीटर रीडिंग 13644 थी, जिसका बकाया 103515 था,परंतु इसे 35529 कर दिया गया,4- ऐसे ही विद्युत खाता सं. 4509282000 की मीटर रीडिंग 33756 थी,जिसका बकाया 34396 था,जिसको 15दिसम्बर 2023 को मात्र 8302 कर दिया गया,ऐसे ही विद्युत खाता सं.7769341500 का जिम्मेदार अधिकारियों के दबाव के कारण बिल नही बनवाया जा रहा है।सूत्र बताते है की इस तरह का काम जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा करवाया जा रहा है।जिससे सरकार को भारी राजस्व की छति पहुंचाई जा रही है।

# निकला सफर-ए मदीना का जुलूस, हजारों की संख्या में शामिल हुए जायरीन



**सुल्तानपुर।** शुक्रवार को सफर-ए मदीना का जुलूस निकाला गया। अमहट से निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। जुलूस की मजलिस को जैदपुर बाराबंकी से आए मौलाना सै. अली रिजवान ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में मौलाना ने बताया कि शाम (दमिश्क) में जब सन 60 हिजरी को दुनिया के सबसे बड़े आतंकवादी यजीद के पिता की मौत हुई और यजीद तख्ते हुकुमत पर बैठा तो उसने पैगम्बर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन से अपने लिए बैयत मांगी। 27 रजब को उन्होंने यजीद जैसे जालिम आतंकी की बैयत करने से इनकार किया और 28 रजब सन 60 हिजरी को अपने परिवार वालों के साथ कर्बला का सफर किया। मदीने से अपने सफर को आरंभ करने से पहले इमाम हुसैन सबसे पहले अपने नाना की मजार पर गए। फिर मां फ़ातेमा और भाई हसन की कब्र पर गए। वे जब मदीने से निकलने लगे तो पूरे मदीने में मातम सा माहौल था। लोग रो रहे थे। उनका ये काफिला 2 मोहर्रम को कर्बला पहुंचा था। जुलूस लखनऊ-बलिया राजमार्ग से होता हुआ शहर में पहुंचा। जहां गंभड़िया स्थित दरगाह हजरत अब्बास पर जुलूस समाप्त हुआ। बड़ी संख्या में जायरीन जुलूस में शामिल हुए। अंजुमन ने यहां नौहा मातम किया।

# रोजगार मेले में 145 का चयन, 295 ने किया प्रतिभाग

**जौनपुर ।** शुक्रवार को धर्मापुर विकास खंड के परिसर में द्वितीय चरण के विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 295 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में 145 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों ने साक्षात्कार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य धर्मापुर बृजेश कुमार यादव उर्फ जनता यादव ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खंड स्तर पर कौशल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है, आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि विकास खंड धर्मापुर के बीडीओ कृष्ण मोहन यादव ने सरकार के द्वारा चल रही योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए किए गए कार्यों की सराहना की। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन/राजकीय आई.टी.आई. के प्रिंसिपल मनीष कुमार पाल ने बताया कि कौशल विकास मिशन, राजकीय आई.टी.आई, जिला सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 28 फरवरी 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा।

# शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में सांस्कृतिक गतिविधि जरूरी- डॉ जेपी पांडेय

## श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का हुआ आयोजन



**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज परिसर में शुक्रवार को भारत अंतरिक्ष सप्ताह अंतर्गत दो दिवसीय श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन किया। उत्सव के पहले दिन महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा वेशभूषा प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के किरदार को निभाया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित श्रीराम अंतरिक्ष वेधाशाला उत्सव में पहले दिन श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा, वृक्षारोपण, संजीवनी पर्वत व श्रेष्ठ गणों का सम्मान विषय पर किसी किरदार को निभाते हुए 02 से 05 मिनट का वीडियो बनाना था। प्रतियोगिता में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दृश्य का मंचन,हर्षिता श्रीवास्तव ने माता सीता जी की भूमिका अशोक वाटिका में वृक्षारोपण का दृश्य तथा राज मिश्र ने हनुमानजी का किरदार निभाते हुए संजीवनी बूटी लाने का मंचन करते हुए 02 से 05 मिनट का वीडियो बनाया।

प्रतियोगिता के संयोजक प्रो0 एस पी मिश्र व सह संयोजक डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि उक्त वीडियो को भारत अंतरिक्ष सप्ताह समिति के वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया है। समिति द्वारा चयनित वीडियो को प्रथम पुरस्कार के लिए 10,000, द्वितीय पुरस्कार को 5000 व तृतीय पुरस्कार के रूप में 2500 व प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रो0 वीणा सिंह,डॉ जितेंद्र भट्ट,डॉ साक्षी शर्मा, सौम्या शुक्ला, अनिल पाण्डेय,प्रियांश मिश्र व राशि सिंह मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर सीताकुंड घाट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** भगवान कुश की नगरी कुशभवनपुर (सुलतानपुर) में मौनी अमावस्या के दिन सीताकुंड घाट पर माँ गोमती में डुबकी लगाने के लिये हजारों श्रधालुयों का जन सैलाब उमड़ पड़ा, पौराणिक मान्यता है कि मौनी अमावस्या का पावन पर्व ऋषियों के काल चला आ रहा है । इस दिन मौन होकर स्नान और दान करने से मात्र से पुण्य की प्राप्ति होती है.और पापों से मुक्ति मिलती है। सीताकुंड घाट पर आज भोर से ही मौनी अमावस्यास्नान के लिए आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा है।

मान्यताये है कि इस पावन पर्व के दिन स्नान करने से पुण्य कर्मों में वृद्धि होती है । इस पूर्णकाल में भगवान सूर्य की उपासना की जाती है साथ ही में भगवान विष्णु की पूजा का भी विधान है कि मौनी अमावस्या के दिन माँ गंगा-गोमती में हजारो की संख्या में श्रद्धालु मौन रह कर आस्था की डुबकी लगाकर सारे पापो से मुक्ति और अपनी हर मनोकामना की पूर्ति और अपनी परिवार की सलामती की दुया भी मां गंगा से करते हैं।

# डीएम से परिवार के जानमाल की सुरक्षा की लगाई गुहार

**सुल्तानपुर।** अक्सर थानों पर सुनवाई नहीं होने का मामला सामने आ रहा है। जहां डीएम-एसपी के हस्तक्षेप पर केस दर्ज हो रहा। अब धम्मौर थाने से जुड़ा भी ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां पीड़ित भाई डीएम के जनता दरबार में पहुंचा और नाबालिग बहन की इज्जत बचाने व बूढ़े मां-बाप की सुरक्षा की गुहार लगाया है।धम्मौर थाने के एक गांव के विकलांग युवक ने डीएम ऑफिस में लगे जनता दरबार में डीएम कृतिका ज्योत्सना से अपनी आप बीती बताया। उसने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि 16 जनवरी की रात को जब उसके घर के सारे सदस्य सो रहे थे तभी गांव के रहने वाले अनंदे, उमेश, सुरेश, मुकेश, राज घर में आए। ये सभी जबरन मेरी 16 वर्षीय नाबालिग बहन को गलत नीयत से उठाकर ले जाने लगे। उसने बताया कि अचानक मेरी नींद खुली तो मैंने शोर मचाया। जिससे मेरे पिता और मेरी मां जाग गई। तभी पांचों लोगो ने मेरी मां-पिता और मुझे जमकर मारापीटा, कहा की कही शिकायत किया तो अंजाम बुरा होगा। मैं घायल होकर अस्पताल पहुंच गया। पीड़ित की माने तो वह घटना के संदर्भ में दो बार थाने पर भी गया। इस दौरान थाने पर शिकायत करने जाते समय रास्ते में भी उस पर हमला हुआ।लेकिन दोनों ही बार उसे थाने से भगा दिया गया। थक हार कर वो मुझे इंसाफ के लिए जिलाधिकारी के दरबार में आया। पीड़ित ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से न्याय मिलेगा और दोषियों को सजा मिलेगी। डीएम ने पीड़ित को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# गोवंशों से भरे ट्रक पलटने का मामले में गौरक्षकों की भूमिका संदिग्ध



**सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पशु तस्करी के मामले में गौ हत्या अधिनियम और पशु तस्करी अधिनियम के तहत धनपतगंज थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस पड़ताल से खुलासा हुआ है कि गौरक्षा से जुड़े लोगों के तार तस्करी से जुड़े हैं। इसलिए कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पशुओं से भरा जो वाहन पलटा था उसका मालिक रोहित कुमार सिंह है। हालांकि ट्रक में रखे एक मोबाइल व कागजात से पुलिस तस्करों तक पहुंचने की कोशिश में लगी है।

गुरुवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर धनपतगंज थाना अंतर्गत टीकर गांव के पास पशुओं से भरा ट्रक पलट गया था। ट्रक चालक को झपकी आने से ट्रक पलटा था। जिसमें पांच गोवंश की मौत हो गई थी। 13 पशु घायल हुए थे, इनमें एक भाग निकला था अन्य को पड़रे गौशाला संरक्षक अजीज बेग के सुपुर्द किया गया था। ट्रक से जिंदा बरामद हुए 13 गोवंश में एक मौके से भाग निकला था जबकि 12 गोवंश में 6 बैल और 6 गाय मिले हैं।इस मामले में धनपतगंज एसओ पंडित त्रिपाठी की तहरीर पर गौ हत्या अधिनियम और पशु तस्कर अधिनियम के तहत वाहन चालक और उसके सहयोगियों पर केस दर्ज हुआ है।

पुलिसिया पड़ताल में वाहन संख्या BR 44 F 1954 का मालिक बिहार के बक्सर थाना अंतर्गत बसौली निवासी रोहित कुमार सिंह निकला है। बताया जा रहा है कि आवारा पशुओं को पकड़कर बंगाल से बिहार तक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते तस्करी चल रही है। पकड़ी गई ट्रक में तीन चापड़ और एक ठीहा भी मिला है।

# लोकसभा-2024, घरौनी वितरण, वरासत आदि के संबंध में बैठक संपन्न



**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में राजस्व कर्मियों के साथ भूमि विवाद, आईजीआरएस, रियल टाइम खतौनी, सामान्य निर्वाचन लोकसभा-2024, घरौनी वितरण, वरासत आदि के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों से शासन की अपेक्षा के अनुरूप प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सार्वजनिक प्रतिक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। आम जनमानस को अपने समाधान से संतुष्ट करें। राजस्व विभाग के तहत तहसीलों में जो भी विसंगतिया है उसे दूर करे। आपसे अपेक्षा है कि बिना किसी प्रलोभन के शुचिता के साथ कार्य किया जाए, जिससे किसी भी शिकायतकर्ता को परेशानी का सामना न करना पड़े। जहां भूमि सम्बन्धित विवाद है वहां राजस्व विभाग अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है वहां पर हमारी साझी जिम्मेदारी है कि इसके निस्तारण के कार्य को निष्पक्ष होकर करें। आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र को समयबद्ध तरीके से निर्गत करें। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः सभी प्रकार की तैयारियां समयबद्ध तरिके से पूर्ण कर ली जाए और बूथ संबंधी समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाए। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की कोई सूचना मिले तो इस पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

यह हमारी जिम्मेदारी है कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे न होने पाए। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल आदि कि व्यक्तिगत जिम्मेदारी है की क्षेत्र में जाकर जटिल एवं संवेदनशील मुद्दों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित कराए। लेखपाल संघ के अध्यक्ष से लेखपाल की समस्याओं के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की जिसपर बताया गया कि मछलीशहर में एसीपी पेंडिंग का मुद्दा है, जिसको त्वरित निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि संबंधी विवादों पर अनावश्यक मुकदमे न दर्ज किए जाएं। लेखपाल, अमीन आदि के अनियमित वेतन मिलने की जानकारी होने पर वेतन नियमित करने के निर्देश दिए। तहसीलदार और लेखपाल को संयुक्त रूप से मिलकर कार्य करने के लिए निर्देश दिए, लेखपालों के आईडी कार्ड भी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कही पर भी संवादहीनता की स्थिति न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी (वि.एवंरा.) राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, समस्त उपजिलाधिकारीगण, तहसीलदार व नायब तहसीलदारगण, समस्त राजस्व निरीक्षक, समस्त लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक वाराणसी मंडल की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन



**जौनपुर ।** शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक वाराणसी मंडल वाराणसी डॉ0 सत्य प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन तथा समस्त एस0आर0जी0 उपस्थित रहे।

सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) वाराणसी ने जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की गई। कायाकल्प से संबंधित पैरामीटरों के संतृप्तिकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। निपुण विद्यालय बनाने, विद्यालयों के निरीक्षण की प्रगति, एमडीएम में बच्चों की उपस्थिति की प्रगति, कोर्ट केस की प्रगति, आईजीआरएस प्रगति, एमडीएम की प्रगति, किचन गार्डन की धनराशि प्रेषण की समीक्षा तथा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों में टाइम टेबल से पढ़ाई, समय से विद्यालयों का संचालन, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बच्चियों से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं की समीक्षा के दौरान कहा कि यदि यह कार्य अच्छे ढंग से हो तो हमारा जनपद प्रदेश में सबसे पहले निपुण हो जाएगा। सीसीएल एवं अन्य अवकाश लेने वाले शिक्षकों पर अनावश्यक छुट्टी अर्जित करने पर लगाम लगाए जाने की बात कही एवं यह भी कहा कि शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी एवं सभी पदों पर विराजमान अधिकारी अगर अपनी अपनी जिम्मेदारियों को सही रूप में निर्वहन करें तो जनपद को निपुण जिला बनाने में देर नहीं लगेगी। उक्त अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीएम व एसपी ने ली समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारी बैठक

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापक की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनपद में पहली बार लोक सेवा आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में परीक्षा संचालित हो रही है। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि समय से कोषागार से प्रश्न पत्र परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाएं और परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपनी देखरेख में रखेंगे। साथ ही यूज्ड ओएमआर शीट डाकखाना पर जमा करेंगे एवं अनयूज्ड कॉपी को कोषागार में पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि रोडवेज व रेलवे के अधिकारी परीक्षार्थियों के आवागमन के वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी स्थानीय स्तर पर टेंपो, टैक्सी यूनियन की बैठक कर किराया तय किया जाए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों तथा प्रधानाचार्यो से कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर अच्छी साफ सफाई, प्रकाश व परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्थाएं रहे। साथ ही परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री परीक्षा केन्द्र के अंदर पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचिता पूर्ण संपन्न कराना हम सबका दायित्व है। कोई भी समस्या हो तो तत्काल अवगत कराया जाए ताकि उसको समय से निस्तारित कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि कोषागार से सुरक्षा बल के साथ परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र ले जाएंगे। साथ ही वहां से वापस डाकखाना एवं कोषागार में जमा कराएं। उन्होंने कहा कि स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के लिए भी फोर्स दी गई है। साथ ही जांच के लिए भी महिला व पुरुष फोर्स की व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की भी व्यवस्था रहेगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि परीक्षा को संपन्न कराने के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा जो निर्देशिका दी गई है, उसका अध्ययन अच्छी तरह से करें और कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराएं। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा की परीक्षा केन्द्रों पर स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था रखें ताकि अभ्यर्थियों का सामान सही तरीके से रखा जाए। लोक सेवा आयोग के नोडल अधिकारी अतुल कुमार तिवारी एवं सहायक नोडल अधिकारी मोहम्मद इसरार ने समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को संपन्न कराने के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की बिंदुवार जानकारी दी गई। उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम ने कहा कि समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारम्भिक परीक्षा 11 फरवरी दिन रविवार को दो सत्रों में पूर्वाह्न 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा अपरान्ह 2:30 बजे से 3:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जनपद में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जनपद में कुल 4486 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन सुचिता पूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण एक दिन पूर्व करके सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

पत्रांक : मेमो/पन्द्रहवां/पंचम/एसबीएमजी फेज-2/मनरेगा/2023-24 दिनांक 09.02.2024

### निविदा प्रकाशन

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी जनपद चित्रकूट में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (माडल ग्राम पंचायत) के अन्तर्गत डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, सरिया, ईट गिट्टी इत्यादि वित्त आयोग, एस0बी0एम0 फेज-2 (ग्रामीण) की प्राप्त धनराशि के अनुसार पन्द्रहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग/मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म से दिनांक 10.02.2024 से 15.02.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 15.02.2024 को कार्यालय के कार्य दिवस में आपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय/सचिवालय में निविदा प्रेषित करने वाले ठेकेदारों के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में की जायेगी। आयकर कटौती एवं जी0एस0टी0 का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जायेगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना बताये निरस्त कर सकती है। आमंत्रित टेण्डर में दर्शाये गये कार्यों को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेंगे जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | नग/प्रकार/मी0 | सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग (लाख में) | सामग्री की अनुमानित धनराशि (लाख में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि प्रतिशत | टेण्डर की स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि का प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौशाला के पास आर0आर0सी सेन्टर का निर्माण कार्य | 01 | 4.69 | 4.69 | 500 | 2% | 3% | 5 माह |

नियम व अन्य शर्ते लागू

जहूर अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी
वि0ख0 चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

मनीष कुमार
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत सेमरिया चरण दासी
वि0ख0 चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

## कार्यालय नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम, कौशाम्बी

पत्रांक : 1320/न0पं0दा0क0/कौशा0/2023-24 दिनांक 09.02.2024

### ई-निविदा सूचना

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग योजना से प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम में निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 10.02.2024 | |
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 10.02.2024 | 12.00 बजे अपराहन |
| निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि | दिनांक 10.02.2024 से 02.03.2024 समय 12.00 बजे अपराहन तक | |
| निविदा खुलने की तिथि | 02.03.2024 | 2.00 बजे अपराहन से |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्ध की तिथि 10.02.2024
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय- 02.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 02.03.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

टधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

वैभव
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम कौशाम्बी

रागिनी देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम कौशाम्बी

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं शान्ती देवी पत्नी स्व0 राजकुमार मन्धान नि0 काशीराम कालोनी, जोगापुर थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ की निवासिनी हूँ। मेरी बहू प्रीती निषाद पत्नी विशाल कुमार मन्धान नित दिन घर में बिना किसी वाद विवाद के लड़ाई झगड़े एवं कलेश करती है तथा आत्महत्या करने की भी धमकी देती है, जिससे की पूरा परिवार हैरान व मानसिक रूप से परेशान रहता है। भविष्य में अगर इनके कार्य से परिवार को या फिर इनको स्वयं किसी भी प्रकार से नुकसान व परेशानी होती है तो इसके जिम्मेदार वह स्वयं होगी घर परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। सनद रहे कि वक्त जरूरत पर काम आवे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संदीप कुमार सिंह आर्मी नं0 3008965P रैंक (Rank)-HAV, वर्तमान में तैनाती (16 राजपूत) 41 ब्रिगेड लखनऊ (उ0प्र0) निवासी ग्राम पूरे खाण्डेराय, छतरपुर परगना व तहसील सदर जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0) पिन 230503, मेरी पुत्री अंशिका सिंह की जन्मतिथि स्कूल में प्रवेश के समय लिपिकीय त्रुटि के कारण 06.08.2008 अंकित हो गयी थी जो कि गलत है, अंशिका सिंह की सही जन्मतिथि 06.08.2009 है जो कि उसके आधार कार्ड में अंकित है भविष्य के लिये 06.8.2009 ही माना जाय एफीडेविट नं0 UP50 903014973394W

पुनर्वास महानिदेशालय
रक्षा मंत्रालय
लखनऊ में डीजीआर भूतपूर्व सैनिक रोजगार मेला
में रोजगार के इच्छुकों और रोजगार दाताओं को सुविधा प्रदान करते हुए
भूतपूर्व सैनिकों (60 वर्ष की आयु तक) को रोजगार में दूसरी पारी के लिए एक सुअवसर उपलब्ध करा रहा है

दिनांक 12 फरवरी, 2024 को, सूर्या खेल परिसर, करियाप्पा रोड,
छावनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226002 में,
समय-प्रातः 09.00 बजे से प्रारम्भ

- सभी ईएसएम हेतु पंजीकरण पूर्वा. 11.30 बजे बंद होगा।
- प्रवेश पहले-आओ-पहले-पाओ के आधार पर
- दस्तावेज जिनको लाना होगा : ईएसएम पहचान-पत्र तथा नवीनतम सीवी/बायो-डेटा की पांच प्रतियां, फोटोग्राफ सहित

रोजगार के इच्छुक ईएसएम के लिए लाभ
बहु रोजगार अवसरों तक बिना किसी लागत के पहुंच, परेशानी मुक्त भर्ती प्रक्रिया
शीर्ष पीएसयू'ज/कापोरेट्स से भर्ती करने वालों के साथ बातचीत

नियोजकों के लिए लाभ
अपनी कम्पनी का स्टॉल बुक करने हेतु जीरो लागत पर
वेटरन टैलेंट पूल तक पहुंचने के लिए देखें: www.dgrindia.gov.in
कम्पनियों से आग्रह किया जाता है कि हमारी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदान किए गए लिंक के माध्यम से पंजीकरण करें।
सीमित उपलब्धता के कारण, स्टॉल्स पहले-आओ-पहले-पाओ पर आवंटित किए जाएंगे।

अन्य पूछताछ तथा सहायता के लिए, कृपया सम्पक करें:
संयुक्त निदेशक (एसई एंड सीआई)
पुनर्वास महानिदेशालय
पश्चिमी खंड IV, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066
ई-मेल: seopadgr@desw.gov.in, drzclkw@desw.gov.in
फोन: 011-20862542, 0522-2482833
वेबसाइट : http://www.dgrindia.gov.in
नोडल सम्पर्क- सूबेदार पूरन सिंह : 8899706909
नायब सूबेदार संजय कुमार शुक्ला : 9425668691
सीबीसी 10401/11/0021/2324

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कक्ष सं0 2 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
सी0ए0 नं0 116/08
नाम फरीकेन उमाशंकर आदि बनाम दीनानाथ आदि
बनाम
1/1 रजनीकान्त त्रिपाठी आयु 55 वर्ष 1/2 कुन्द्रेन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 46 वर्ष सुतगण दीनानाथ 1/3 सुमेन्द्रमणि त्रिपाठी आयु 44 वर्ष 1/4 रेनू आयु 40 वर्ष पुत्री दीनानाथ समस्त नि0ग्राम संणारी पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 15.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 462/2022
नाम फरीकेन रमेश प्रताप बनाम समर बहादुर सिंह
बनाम
समर बहादुर सिंह उम्र 70 वर्ष सुत स्व0 राम दयाल सिंह नि0 ग्राम व पोस्ट रंजीतपुर चिलबिला पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
तारीख पेशी 22.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 22.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान एफ0टी0सी0 तृतीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
ओ0एस0 1807/20
नाम फरीकेन बच्चू लाल आदि बनाम विनोद कुमार आदि
बनाम
1. विनोद कुमार उम्र 30 वर्ष सुत राजमणि 2. संदीप कुमार उम्र 50 वर्ष सुत राजेन्द्र 3. राजेन्द्र उम्र 70 वर्ष सुत बाबूलाल समस्त निवासी ग्राम भुवालपुर किला पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# दीप जलाता हूं एकता का काव्य-संकलन का विमोचन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** दीप जलाता हूँ एकता का% काव्य संग्रह का विमोचन समारोह नगर के सबरी स्थित साई गार्डेन में सम्पन्न हुआ। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी द्वारा रचित कविता-संग्रह के इस विमोचन-समारोह में बौद्धिकता एवं चिंतन की धारा तीर्थराज प्रयाग के संगम की गंगा-यमुना की धारा सदृश दिखाई पड़ी। कार्यक्रम के मंच से समाज, राजनीति और अध्यात्म के उद्धरणों के साथ उन बिंदुओं पर चर्चा हुई जो %सर्वे भवन्तु सुखिनः% की अवधारणा को सार्थक कर सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा. वृजदेव पांडेय ने की। मुख्य अतिथि देश की राजधानी नई दिल्ली से आये नामी व्यंग्यकार सुल्तान भारती रहे। उन्होंने सामाजिक विषमताओं को लेकर अपनी बात व्यंग्य रूप में ही कही। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी के प्रथम वक्ता की भूमिका में एएस जुबिली इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ रमाशंकर शुक्ल थे। उन्होंने कार्यक्रम को ठोस आधार दिया तो सरकार से अलंकृत साहित्यकार प्रो अनुज प्रताप सिंह, गीतकार गणेश गंभीर एवं केबी कॉलेज की पूर्व अध्यापिका डॉ रेनू रानी सिंह ने अपने उद्बोधन से सद्यः विमोचित काव्य पर विचार व्यक्त किये और कहा कि काव्य वर्तमान समाज का दर्पण है। साहित्यकार एवं पत्रकार भोलानाथ कुशवाहा, अधिदर्शक चतुर्वेदी एवं सलिल पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन संयुक्त रूप से अमित आनन्द एवं ई. कृष्ण कुमार चौधरी ने किया।

गोष्ठी के बाद अगला कार्यक्रम कवि सम्मेलन का रहा जिसमें कवियों ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का समापन पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम में सिद्ध नाथ सिंह, दुर्गा प्रसाद चौधरी, राजधर दुबे, पप्पू पाण्डेय, परवेज खां, राम सिंह एडवोकेट सहित जनपद के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी202102570300246
नाम फरीकेन बालकृष्ण बनाम अशोक कुमार
बनाम
1. अशोक कुमार उम्र 32 साल सुत रामनाथ 2. चन्द्रप्रकाश उम्र 35 साल सुत श्रीनाथ 3. ग्राम सभा द्वारा प्रधान ग्राम सभा सरूआवा पर0तह0 सदर प्रतापगढ़
अ0धारा 116 अधि0उ0प्र0रा0सं0 2006
तारीख पेशी 13.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सदर प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नं0मु0 3436/2023
नाम फरीकेन घनश्याम आदि बनाम रमेश आदि
बनाम
1. रमेश 2. सुरेश सुतान पृथ्वीपाल 3. इन्द्रपाल 4. राजकुमार सुतगण मोहन लाल समस्त निवासीगण ग्राम वजहा पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. गांव सभा वजहा द्वारा प्रधान ग्राम सभा वजहा पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 6. उ0प्र0 सरकार द्वारा जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
वाद अन्तर्गत धारा 144 उ0प्र0भू0 राजस्व संहिता 2006
तारीख पेशी 15.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 15.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उप जिलाधिकारी द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी201802570307236
नाम फरीकेन अविनाश बनाम गंगाराम आदि
बनाम
1. गंगाराम गुप्ता सुत स्व0 माता प्रसाद गुप्ता 2. आशा देवी पत्नी स्व0 रमाशंकर गुप्ता 3. मनीराम गुप्ता सुत स्व0 रमाशंकर गुप्ता 4. रामधन गुप्ता सुत स्व0 रमाशंकर गुप्ता 5. अजनी गुप्ता सुत स्व0 रमाशंकर गुप्ता 6. वन्दना गुप्ता पुत्री स्व0 रमाशंकर गुप्ता समस्त निवासी ग्राम अमिलहना पो0 पाराहमीदपुर प0त0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नं0मु0 110/22
नाम फरीकेन गोविन्द कुमार बनाम दीपक कुमार आदि
बनाम
1. दीपक कुमार उम्र 52 वर्ष 2. पंकज कुमार उम्र 38 वर्ष 3. नीरज कुमार उम्र 35 वर्ष 4. अंकुर उर्फ अम्बुज कुमार उम्र 32 वर्ष सुतगण कृष्ण कुमार 5. शारदा देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी स्व0 कृष्ण कुमार 6. नीलिमा सिंह उम्र 35 वर्ष पत्नी विशाल सिंह समस्त नि0ग्राम पूरे गोधिया पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 21.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 21.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## पानी संस्थान ने पोषण के प्रति लोगों को किया जागरूक

**मानिकपुर, चित्रकूट:** ग्रामीण महिलाओं के बीच खाद्य सुरक्षा एवं पोषण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पानी संस्थान द्वारा ओरेकल सीएसआर के सहयोग से ब्लाक मानिकपुर के पकौआ देवी संस्कृत महाविद्यालय प्रांगण में ब्लाक स्तरीय पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण जागरूकता कार्यक्रम में 25 ग्राम पंचायतों से लगभग 500 से अधिक महिलाओं और हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से गांवों में उपलब्ध आस पास के संसाधनों से ही पोषण की पूर्ति करने पर जोर दिया गया। पोषण युक्त भोजन प्राप्त करने के लिए पोषण वाटिका अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओ ने खुशी-खुशी अपने पोषण व्यवहार में आए बदलावों के अनुभवों को सबसे साझा किया। साथ ही कार्यक्रम में पोषण गीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पोषण के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया गया। अपने क्षेत्र में पोषण से सम्बन्धित उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सहजन के पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी शिव नरेश, एपीओ नरेगा विपिन द्विवेदी, बीआरसी विशाल चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य डॉ संग्राम सिंह, डॉ नवल त्रिपाठी, शशीप्रभा, एएनएम रामकली, पानी संस्थान से जगदीश गिरी, विनय कुमार, सतीश, राजन, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

## मजदूर की मौत

**चित्रकूट:** भरतकूप के क्रेशर में ब्लास्टिंग से एक मजदूर की मौत हो गयी। पुलिस प्रशासनिक और विभागीय अधिकारी मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। भरतकूप क्षेत्र के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ लोग प्रतिबंध के बावजूद चार इंची अवैध ब्लास्टिंग करते हैं। पूर्व में भी कई मजदूरों की मौत इन क्रेशर मशीनों में हो चुकी है। बीते गुरूवार को भी आजमगढ़ जिले के जीएनपुर थाने के महावतगढ के निवासी हरेन्द्र पुत्र जयराम प्रसाद की मौत हो गयी।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
मु0नं0 758/2022
नाम फरीकेन विन्दू देवी बनाम मदन लाल आदि
बनाम
1. मदन लाल आयु 45 वर्ष 2. रामलाल आयु 55 वर्ष 3. अशर्फी लाल आयु 52 वर्ष सुतगण स्व0 राजाराम 4. कंचन देवी आयु 40 वर्ष पत्नी राम जी 5. नीलू आयु 35 वर्ष पत्नी श्याम जी निवासी ग्राम रंजीतपुर चिलबिला पो0 माधोगंज प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# स्नानार्थियों की सेवा हमारे संस्कारों की देन-सोनू पाठक

## पार्षद ने तुलराम बाग के भैरव मंदिर पर चलाया पूरे दिन लंगर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी में मौनी अमावस्या को स्नान के साथ दान ,पुण्य का अलग महात्म्य है।पौराणिक मान्यताओं पर गौर करें तो संगम की रेती पर अन्न दान के साथ भोजन,वस्त्र सहित नगदी और जेवर दान का विधान बताया गया है। मधवापुर के पार्षद कृष्ण कुमार पाठक सोनू ने पूरे दिन भंडारा चलाकर स्नानार्थियों को भोजन कराकर पुण्य लाभ कमाया है।

मौनी अमावस्या पर्व पर तुलारामबाग के काल भैरव मंदिर के सामने मधवापुर के पार्षद कृष्ण कुमार पाठक सोनू ने पूरे दिन स्नानार्थियों के लिए लंगर चलाकर भोजन और सेवा की है। उंन्होने कहा कि तीर्थ क्षेत्र में आने वाले लोग स्न्नान ,दान के बाद त्रिवेणी का आशीर्वाद लेकर निकलते हैं तो उनकी सेवा पुण्यदायी मानी गयी है।



वैसे भी इस धर्म क्षेत्र में आए लोगों को भोजन के जरिए स्नानार्थियों को भोजन कराकर पुण्य लाभ कमाया है।समाजसेवी सोनू पाठक ने बताया कि माघ मेले के प्रमुख स्न्नान पर्वों पर कई वर्षों से लंगर के जरिए स्नानार्थियों की सेवा करते आए हैं।कहा कि मेरे संस्कृति और संस्कार की देन है, जिसको हम आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

**कहा, मौनी अमावस्या में दान, भोजन का है महात्म्य**

पार्षद के अन्न क्षेत्र में आयोजक के रूप में मधवापुर के पार्षद कृष्ण कुमार पाठक (सोनू पाठक), योगेश तिवारी (गब्बर), भाजपा नेता अभिषेक तिवारी, संदीप द्विवेदी के साथ दिवाकान्त पाण्डेय, आलोक मिश्र, (डब्बू ), शालू केशरवानी, अखिलेश पाण्डेय, अम्बुज तिवारी, संतोष मिश्र, संदीप (चिन्टू ) तथा अन्य सहयोगीगण मौजूद रहे।

## पत्रकार उत्पीडन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 915वाँ दिन



**जौनपुर।** सत्याग्रह आन्दोलन के 915वें दिन पत्रकार उत्पीडन, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है।

# चूल्हे पर बन रहा मध्यान्ह भोजन, धुएँ से भवन खराब

**लेड़ियारी( प्रयागराज)-** प्रदेश सरकार भले ही धुआं युक्त रखने के लिए विद्यालयों गैस की व्यवस्था की गई हो लेकिन चूल्हे में आज भी नौनिहानों का चूल्हे में मध्यान्ह भोजन बनने से धुए के चलन नौनिहानों की बैठने वाली भवन खराब हो रही है । वहीं इस व्यवस्था को लेकर दिक्कतें आ रही है ।बताया जाता है कि ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी नौनिहानों का दोपहर भोजन समुचित व्यवस्था के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध शासन द्वारा किया जा रहा है । फिर भी इस पैसे को ग्राम प्रधान द्वारा मीनू से भोजन न मिलन स्वादिष्ट न होने से अधिकांश बच्चे खाना खाने से कतराते हैं । विकास खंड कोरांव के संविलियन विद्यालय पथरपुर की हालात यह है कि आज भी चूल्हे उपड़ी और लकड़ी के सहारे भोजन तैयार किया जाता है । ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रधान सह खाते हैं । लेकिन ग्राम प्रधान के सरहगई व दबगई से शासन द्वारा धन उपलब्ध होने पर चेक कटवा लेते है । वही नौनिहानों को मीनू के मुताबिक भोजन न मिलने और भर पेट खाना नहीं दी जाती है । जिससे आधे पेट भोजन मिलने से समय से पहले ही घर प्रस्थान करने से मजबूर होना पड़ता है । प्रधानाध्यापक राम अचल ने बताया कि मैने कई बार प्रधान से गैस सिलेंडर के कहा लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिए । जबकि किचन भी जर्जर भवन खाना बनता है । इसके धन भी मिला फिर भी आज तक मरम्मतीयकरण नहीं की गई । शासन द्वारा निर्गत धन तत्काल चेक लेकर भुगतान के बाद विद्यालय तक नहीं दिखाई देते हैं । इसके दिक्कतें आ रही है ।



# केपी ट्रस्ट के सहयोग से सक्सेना सभा ने श्रद्धालुओं को किया चाय, मठरी का वितरण




**प्रयागराज।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मौनी अमावस्या पर स्नान करने आए श्रद्धालुओं को के.पी. ट्रस्ट के सहयोग से सक्सेना सभा द्वारा चाय, मठरी, बिस्कुट का वितरण कर सेवा कार्य किया गया। सुबह सुबह अध्यक्ष डा अरविंद सरन दरबारी, विनीत सक्सेना ने इसके लिए विशेष तैयारी कराई।महासचिव अंजनी सक्सेना ने बताया कि केपी कम्युनिटी के समीप चित्रगुप्त मंदिर के सामने स्टॉल लगाकर सुबह 6 बजे से श्रद्धालुओं को चाय, बिस्कुट, मठरी आदि का वितरण शुरू हुआ। शुक्रवार को काफी ज्यादा ठंड थी, भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को गर्म चाय, मठरी मिलने से राहत मिली। कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष डा सुशील कुमार सिन्हा के निर्देशन पर

टेन्ट आदि का निःशुल्क सहयोग ट्रस्ट की ओर से प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष टी पी सिंह, डा राकेश कुमार, अनुराधा दरबारी, रीता कुमार, डा सुमन रानी सिन्हा, एस सी वर्मा, मनोज सक्सेना, निशा सक्सेना, शोभा दरबारी, अनिल दरबारी, योगेश सक्सेना, कौशल सक्सेना, संजय श्रीवास्तव, सौरभ सक्सेना, एसके सक्सेना, संकेत सक्सेना, रतन खरे आदि ने सहयोग किया।

# सनातन संस्कृति व संस्कार पर हमें गर्व है-आचार्य वैकुंठ

## संगम की रेती से सनातन की अलख जगा रहे हैं संत वैकुंठ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** तुलसी बाबा ने रामचरित मानस में तीर्थराज प्रयाग के महात्म्य का जो वर्णन किया है वह याज्ञ क्षेत्र संगम की रेती पर पहुंचे संतों, महंतों के धार्मिक प्रवचनों से पुष्ट हो रहा है।मेला क्षेत्र में हुई धर्म गोष्ठी में संतों ने धर्म को परिभाषित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।विंध्याचल के संत वैकुंठ महराज ने कहा कि पवित्र गुणों व कर्मो को धारण करना ही धर्म है।

विंध्याचल के अष्टभुजा मन्दिर आश्रम से सनातन की अलख जगाने वाले ज्योतिष मर्मज्ञ और हस्तरेखा विशेषज्ञ आचार्य वैकुंठ महराज इन दिनों संगम की रेती पर डेरा जमाए हुए हैं।शिविर में हुई धर्म गोष्ठी में उंन्होने कहा कि सनातन धर्म की गूढ़ता और व्यापकता का कोई पैमाना नही है।इसकी गहराई से अन्य धर्म प्रेरणा लेते रहे हैं।पौराणिक मान्यताएं भी सनातन का यश गान करते हैं।



यही एक यैसा धर्म है जो वसुधैव कुटुम्बकम को वरीयता देता है।सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा सनातनी सोच में ही निहित है।सनातन का अंतहीन सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

**धर्म गोष्ठी में कहा कि पवित्र गुणों व कर्मो को धारण करना ही धर्म**

आचार्य वैकुंठ ने अपना मत जाहिर करते हुए कहा कि धर्म का प्रादुर्भाव देववाणी से हुआ है।उंन्होने कहा मान्यता है कि %ध्यायते ही धर्म,।जो धारण किया जाय वही धर्म है।बताया कि लोक परलोक के सुखों व सिद्धि हेतु पवित्र गुणों और कर्मो को धारण करना ही धर्म है।हमे अपनी संस्कृति,संस्कार व सनातनी होने पर गर्व है।

# प्रयागराज में स्क्वैश की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आगाज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मे 9 फरवरी से 12 फरवरी तक अयोजित तृतीय संजय गुप्ता मेमोरियल विश्व स्क्वैश फेडरेशन और पीएसए सैटेलाइट टूर टूर्नामेंट की शुरुआत आज हुई।

इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डी पी सिंह (सेवानिवृत्त)के निर्देशन में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट पूर्व सचिव संजय गुप्ता की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है और इस साल तीसरा संस्करण है।

टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत द्वारा किया गया।


चैंपियनशिप के निदेशक सतीश चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता भेंट किया। संदीप गुप्ता ने क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विमला सिंह को गुलदस्ता भेंट किया। नीरज अग्रवाल ने स्पोर्ट्स बोर्ड इलाहबाद विश्वविद्यालय के निदेशक प्रोफेसर हर्ष कुमार को गुलदस्ता भेंट किया।

कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत ने खिलाड़ियों और श्रीलंका और यूनाइटेड किंगडम के खिलाड़ियों का प्रयागराज शहर में स्वागत किया। उन्होंने बताया कि बहुत खुशी हो रही है कि प्रयागराज इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है।

इलाहाबाद स्क्वैश एसोसिएशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डीपी सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और कार्यक्रम स्थल पर सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन सचिव इलाहाबाद स्क्वैश एसोसिएशन मोहम्मद साबिर ने किया। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, देवांश सिंह राठौड़, दिलीप त्रिपाठी, हरिओम त्रिपाठी, नीरज अग्रवाल, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

# हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि की सिंचाई के लिए राजकीय नलकूप ही नहीं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** क्षेत्र के गड़री, किहुंनी, महुली, लेड़ियारी गांव स्थित हजारों एकड़ से अधिक उपजाऊ भूमि में खेती करने वाले किसानों के फसलों की सिंचाई के लिए कोई राजकीय नलकूप न होने से क्षेत्रीय किसानों को परेशानी हो रही हैं ।विकास खंड कोरांव के लेड़ियारी, गड़री, किहुंनी कला, किहुंनी खुर्द, गांव के किसान सब्जी सहित विभिन्न प्रकार के अन्य फसलों का उत्पादन करते हैं । लेकिन बोई गई फसलों की सिंचाई के लिए एक भी सरकारी नलकूप न होने से किसान डीजल पंप सेट या समरसेबुल के माध्यम से सिंचाई करने के लिए विवश है । क्योंकि बिजली न रहने से समय-समय पर खेतों में पानी न मिलने पर कीमती बीज भी नुकसान हो जाता है । इन दिनो साधनों से फसलों की सिंचाई करना किसानों को मंहगा साबित होता है । क्षेत्र के किसान विनोद कुमार दुबे, शांति प्रसाद सिंह पटेल, विष्णु प्रताप सिंह, राम बली बिंद, शंकर दयाल तिवारी, राकेश कुमार कुशवाहा, सुशील सिंह , राजेन्द्र प्रसाद केशरी, श्याम नारायण बिंद ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से किसानों के फसलों की सिंचाई के लिए सुविधाजनक राजकीय नलकूप लगाए जाने की मांग की है ।

# किसान परिक्रमा अभियान कार्यशाला की बैठक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करमा (प्रयागराज)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा यमुनापार के अंतर्गत मण्डल करछना की किसान परिक्रमा अभियान कार्यशाला की बैठक एकल केंद्र पहलू का पूरा करमा में संपन्न हुई। बतादे कि बैठक मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रवि शंकर साहू के नेतृत्व में बैठक को सम्पन्न कराई गई। बैठक में मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष नें कार्यशाला के विषय को पूर्णतः रखा जिससे आगमी कार्य योजना व समिति निर्माण और अधिक से अधिक किसान को लाभान्वित करने की योजना बताया और साथ ही पूर्व विधान सभा प्रभारी सुभाष केसरी व शक्ति केंद्र प्रभारी केशव प्रसाद ने उपस्थित मंचस्त व किसान व समिति के समक्ष गांव किसान परिक्रमा अभियान कार्यशाला का प्रस्तावना दिया, कार्यशाला की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष किसान मंच अपना दल एस रमेश चंद्र पटेल जी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगो को पूर्ण साहस के साथ कार्य को तेजी, गति बढ़ाने के लिए उत्साह वर्धन करते हुए कार्यशाला बैठक में समापन की घोषणा किया। जिसमे उपस्थित मंचासीन मुख्यातिथि जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राजेश शुक्ल, विशिष्ट अतिथि व अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष किसान मंच अपना दल एस रमेश चंद्र पटेल, पूर्व विधान सभा प्रभारी सुभाष केशरी, शक्ति केंद्र प्रभारी केशव प्रसाद पांडेय, मण्डल उपाध्यक्ष गया प्रसाद पाण्डेय, मण्डल महामंत्री पिछड़ा मोर्चा से समाज सेवक डॉ कुल भूषण सिंह पटेल,भानू मिश्रा शक्ति केंद्र संयोजक, विशाल जायसवाल बूथ अध्यक्ष, विनय पटेल बूथ अध्यक्ष, विनोद विश्वकर्मा बूथ अध्यक्ष, राहुल कुमार भारतीय युवा नेता, ग्राम प्रधान करमा प्रतिनिधि अमरीश जायसवाल,सोनकरन पटेल बीडीसी,महंथ लाल पटेल, रणजीत सिंह पटेल, प्रमोद गिरी, अनिल पटेल, राम निहोर कालिया बीडीसी, राम जतन कपारिया, गौरी शंकर पटेल, राम सजीवन भारतिया, छोटू पाल, दिनेश पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुनील पटेल को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा जोरों पर

## जाति समीकरण को अपने अनुकूल लेने में माहिर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से पूर्व सांसद वर्तमान सांसद, के साथ पार्टी के तमाम नेताओं की दावेदारी दावेदारी की चर्चा है किंतु समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री व कद्दावर नेता शिव शंकर पटेल के प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा भी पिछड़ा वर्ग खास तौर पर इस जाति के स्वच्छ छवि के युवा और जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर गंभीरता से विचार करती नजर आ रही है। चुनाव प्रबंधन और जाति समीकरण को अपने अनुकूल लेने में माहिर जीत की गारंटी के साथ चुनाव लड़ने वाली भारतीय जनता पार्टी किसी भी संसदीय क्षेत्र में कोई चूक नहीं करती। पार्टी का फार्मूला पार्टी कार्यकर्ता के साथ जिताऊ उम्मीदवार होना पहली प्राथमिकता है। सूत्रों की माने तो संगठन स्तर पर सुनील पटेल की दावेदारी को पार्टी के निचले पायदान के कार्यकर्ताओं सहित पुराने पार्टी जनों और खासकर युवा वर्ग का विशेष रुझान सामने आता दिखाई पड़ रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि अपने जिला पंचायत के विगत दो वर्षों के कार्यकाल में उनके द्वारा कराए गए जिले भर में विकास कार्यों, उनकी कार्यशैली व पार्टी के प्रति समर्पित भावना को देखते हुए उनकी दावेदारी को बल मिल रहा है।




**कार्य, व्यवहार और पार्टी के प्रति समर्पण को भाजपा कार्यकर्ता बता रहे महत्वपूर्ण कारण**

जानकारी के अनुसार यदि सुनील पटेल को पार्टी प्रत्याशी बनती है तो जनपद के तमाम जिला पंचायत सदस्य जो निर्दलीय सहित उन दलों के हैं वह भी भाजपा मैं शामिल होकर चुनाव में माहौल बनाते नजर आएंगे। साथ ही यहां के जाति समीकरण को देखते हुए एक भारी भरकम वोट बैंक सपा को न जाकर भाजपा में आता दिखाई दे रहा है। भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने के संबंध में जब श्री पटेल से पूछा गया तो उन्होंने सहजता से कहा कि वह पार्टी के एक आम कार्यकर्ता हैं। पार्टी उनको जो आदेश देगी वह मान्य होगा।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राहुल गांधी द्वारा अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में सुभाष चौराहे पर राहुल गांघी का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा मोदी पर अभद्र टिप्पणी कर देश के 58 त्न पिछड़ों की आबादी को अपमानित करने के साथ ही आम जनमानस को भी आहत किया है। इस कृत्य के लिये राहुल गाँधी को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे, वर्ना पूरे देश मे पुतला फूंका जयेगा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 2 दिन पूर्व राहुल गांधी ने मोदी पर अभद्र टिप्पणी कहते हुए कहा था कि मोदी जन्म के नहीं बल्कि कागजी ओबीसी हैं। इसी टिप्पणी लेकर पिछड़े समाज के लोगों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका।



पुतला दहन करने वालों में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री सतीश प्रजापति, उपाध्यक्ष नटेश्वर, दिलीप जायसवाल, संदीप कुशवाहा, राज सिंह पटेल, विकाश सिंह, दिनेश सिंह पटेल, पद्माकर माथुर, राजेश कुमार दिव्यांश जायसवाल ,शत्रुघ्न जायसवाल, राहुल कुशवाहा , विजय लक्ष्मी, पवन मिश्रा, अंगद सिंह, पंकज, शिवम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिटे पिटाने वाला समाज एक हो जाय तो पीटने वाले का खुद सफाया हो जाएगा- मुनकाद अली

**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई प्रयागराज के तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र सोरांव (सुरक्षित) के सेक्टर सकरामऊ और सेक्टर महरौड़ा के बूथ सकरामऊ में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद बहन मायावती के निर्देश पर प्रयागराज मण्डल में मुख्य मण्डल प्रभारी राजू गौतम की अध्यक्षता में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की सेक्टर स्तरीय कैडर बैठक की गई।

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जनाब मुनकाद अली कैडर बैठक को बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा के चुनाव में बहन मायावती के द्वारा दिए गए निर्देशों को बताते हुए तत्काल चुनाव की तैयारी हेतु जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कैडर के माध्यम से बूथ स्तर पर सर्वसमाज के बीच जाकर भाईचारा को मजबूत करने की बात कही। बसपा के शासन में सर्वसमाज के कल्याण के लिये जो कार्य किये गये उसे बताने की बात कही। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी पार्टी के साथ एक मिशन है। बहुजन समाजरूपी वट वृक्षरूपी मिशन को बहुजन समाज के महापुरुषों ने अपने खून पसीनों को बहाकर सींचा है। कोई हयात लेकर चला तो कोई कायनात लेकर चला लेकिन बसपा तो पूरे जमात को लेकर चली है। एससी, एसटी, ओबीसी और माइनारिटी समाज के लोग पिटे पिटाते रहते है आने वाले लोकसभा 2024 के चुनाव में पिटे लिटाने वाला समाज एक हो जाय तो पीटने वाले का सफाया हो जाएगा।




प्रयागराज मण्डल के मुख्य मण्डल प्रभारी राजू गौतम और जिला कार्यकारिणी के सदस्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम ने संयुक्त वक्तब्य में बताया कि कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है तो पार्टी के हित में हम सभी को ईमानदारी और मेहनत से पार्टी में काम करने की जरूरत है।

कैडर बैठक में रामबृज गौतम, साबिर सिद्दीकी, राजकुमार पाल, पंकज गौतम, राकेश पासी बड़ा घराना, शेखू रासिद, बजरंगी लाल, नितिन बौद्ध, शारदा प्रसाद, श्यामलाल गौतम, अवधेश गौतम, राजन हेला, रामदेव, पुन्नीलाल, लल्लन गौतम, रामकृपाल, सालिक राम, बद्री प्रसाद, रामनाथ, जगदेव प्रसाद, राजेश कुमार, गेमलाल, मक्खन लाल, रामबाबू, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुरेन्द्र पटेल, राजेन्द्र दिवाकर, लल्लू गौतम के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जीवन रक्षक दवाओं की महंगाई और बढ़ा रही दर्द, बढ़ी परेशानी

## नहीं है औषधि विभाग का नियंत्रण, अस्पतालों में दवाएं न मिलने से मुश्किल

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कहीं जीका का खतरा मंडरा रहा है तो कहीं डेंगू का डंस का पर्याय बना है । किसी को शुगर सता रहा है तो किसी का दिल बीमार रहता है । कोई दौरे का मरीज है । ऐसे मरीजों व उनके स्वजनों को रोग के साथ महंगी दवाएं भी दर्द दे रही हैं। मौसमी व मच्छर जनित बीमारियों की दवाओं के साथ ही जीवनरक्षक की क्षेणी में आने वाली अन्य कई दवाएं भी महंगी हो गई है । सरकार के तमाम दावों के बावजूद सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं नहीं है । जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त, गैस व कुछ चर्म रोग की दवाओं को छोड़कर ज्यादातर गंभीर रोगों कीं दवाएं बाहर से दवा लेना मरीजों की मजबूरी है । शुगर दौरा ह्रदय रोग, हार्मोनल व बीपी जैसे बीमारियों की दवाएं बाहर से लेने में उनका दर्द बढ़े दाम को सुनकर और बढ़ जा रहा है । हालात यह है कि इन दिनों इनके दाम हर पखवाड़े बढ़ रहे हैं । वह भी तेजी से । इस पर किसी का दमा की दवा डेराफाइलिन का मूल्य बढ़ा है । अब यह 30 के बजाय 40 रूपये की है ।कोई नियंत्रण भी नहीं दिखता अखबार ने दवा मार्केट पर नजर डाली तो न पाया कि बहुत सी दवाओं का दाम बढ़ गया है । इसकी वजह कच्चे माल यानि केमिकल की कमी है ।

# एस के साहू की जीत में यश व अंश चमके



**प्रयागराज।** एस के साहू क्रिकेट क्लब ने द्वितीय अमृतलाल स्मारक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में नंद किशोर विद्या भवन को दस रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। विजेता टीम के यश राज का बहुमुखी प्रदर्शन ( 37 रन, 24 गेंद, चार चौके एवं 6 - 0 - 27 - 2 ) और अंश सिंह के नाबाद अर्धशतकीय पारी ( 52 रन, 57 गेंद, चार चौके ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई है।

शुक्रवार को भवम मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एस के साहू क्रिकेट क्लब ने 30 ओवर में आठ विकेट पर 157 रन ( अंश सिंह 52 नाबाद, यश राज 37, विशाल मौर्य 25 रन, मनरूप सिंह 3/28, सचिन पटेल 1/20, अभिजीत सिंह 1/28 ) पर बनाए। जवाब में नंद किशोर विद्या भवन की टीम ने 30 ओवर में आठ विकेट 147 रन ( आराध्य श्रीवास्तव 52, अभय यादव 23, अर्पित सिंह 18 रन, हर्षित यादव 2/20, ओम राय 2/25, यश राज 2/27, गौरव मिश्रा 1/23 ) ही बना सकी।

# शतक से चूके रचित,आरसीसी विजयी,रॉयल स्टार्स टी-20- चिराइन इलेवन की दोहरी जीत

**प्रयागराज।** रचित सागर के अर्धशतक (99 रन, 34 गेंद, चार चौके, 12 छक्के) और विवेक की उम्दा गेंदबाजी (4-0-34-4) के दम पर रॉयल क्रिकेट क्लब (आरसीसी) ने इलाहाबाद लॉयर्स कंसर्टियम (एएलसी) को 79 रन से हराकर रॉयल स्टार्स टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इसके अलावा चिराइन इलेवन दोहरी जीत दर्ज की। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में आरसीसी ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 207 रन (रचित सागर 99, अभिनीत केसरवानी 51, रचित मध्यान 30, नमन सिद्दीकी 3/31, कामेश द्विवेदी 2/33, उत्कर्ष मिश्रा 2/42) बनाकर एएलसी को 15 ओवर में 128 रन (कामेश द्विवेदी 26, हर्ष द्विवेदी 20, विवेक 4/34) पर समेट दिया।



दूसरे मैच में चिराइन इलेवन ने 18 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन (यासिर ज़ैदी 73, सैफ अहमद 23, शांभवी पाण्डेय 3/28, नोमान अहमद 2/31) बनाए। जवाब में इलाहाबाद हीरोज क्लब (एएचसी) की टीम 18 ओवर में 9 विकेट पर 158 रन (आदित्य कुमार 60, आनंद कुमार सिंह 36, अमित चौधरी 23, अमन 2/33, त्रिपुरेश सिंह 2/29) ही बना सकी।हाईकोर्ट मैदान पर चिराइन इलेवन ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन (आकाश श्रीनेत्र 48, यासिर ज़ैदी 44, रॉकी 28, जीत लाल यादव 2/26, अमजद खान 2/36) बनाकर रिक्रिएशन क्लब को 20 ओवर में 165 रन (मोहम्मद रुस्तम 48, अमजद खान 39, हनी 3/22, सुफियान खान 2/30) पर समेट दिया।

## मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामला

# 'सुप्रीम आदेश' की अनदेखी करने पर यूपी सरकार को फटकार, अब एक मार्च को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने के विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। आदेश का पालन न करने पर शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को एक बार फिर फटकार लगाई। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने उन छात्रों की काउंसलिंग करने का आदेश दिया था, जिन्हें कथित तौर पर उनके स्कूल शिक्षक द्वारा होमवर्क नहीं करने पर एक मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने का निर्देश दिया गया था।

यह देखते हुए कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अदालत के निर्देशों का पूर्ण उल्लंघन किया गया है, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह घटना



के गवाह बच्चों की काउंसलिंग करें और दो सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करें।

### आदेश का तुरंत पालन कराया जाए

पीठ ने कहा, 'हमने टीआईएसएस की हालिया रिपोर्ट देखी है, जिसमें घटना के दौरान मौजूद सभी छात्रों की काउंसिलिंग की मांग की गई है। इस मामले में राज्य द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है। दिन ब दिन मामला टलता जा रहा है। इसलिए अब हम राज्य को सीधे तौर पर निर्देश दे रहे हैं कि आदेश का तुरंत पालन कराया जाए।'

### एक को होगी सुनवाई

अदालत ने दो सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई एक मार्च के लिए स्थगित कर दी। उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है।

### पहले भी लग चुकी है फटकार

बता दें कि इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने पीड़ित मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने का आदेश दिया था। ढुलमुल रवैये के कारण योगी सरकार पर अदालत के आदेश की अनदेखी और निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप लगा था। उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की पीठ ने कहा था, राज्य सरकार ने उसके आदेश का पूरी तरह से गैर-अनुपालन किया।

### यह है मामला

गौरतलब है कि होमवर्क ने करने पर कथित तौर पर पीड़ित की स्कूली शिक्षिका ने सहपाठियों को बुलाकर उसे थप्पड़ मारने का निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की महिला शिक्षक पर पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक गालियां देने का भी आरोप लगाया गया है।

शीर्ष अदालत ने घटना में शामिल बच्चे और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के तरीके पर सुझाव देने के लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस), मुंबई को नियुक्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सभी पक्षों के वकीलों को सुनने के बाद, अदालत का मानना है कि उत्तर प्रदेश सरकार और विशेष रूप से शिक्षा विभाग ने समय-समय पर इस अदालत द्वारा पारित विभिन्न आदेशों का पालन नहीं किया है।

## भाजपा पर बरसे सौरभ भारद्वाज, कहा- विपक्ष के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** आप के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी पार्टियों के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही है। वह जानबूझकर पीएमएलए एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज करा रही है। पीएमएलए एक्ट आतंकवादियों और ड्रग माफियाओं से समाज और देश को सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया था। भारद्वाज ने कहा कि ऐसा कानून मानवता को बचाने और देश की अखंडता और सुरक्षा को बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन अब केस को प्रिडिकेट ऑफिस बनाकर पीएमएलए के तहत एक मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है और ऐसा करके ईडी किसी के भी घर में घुस रही है। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि पिछले कुछ महीनों से भाजपा शासित केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक ऐसा माहौल बना रखा है।

## 'अगर जज प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी जा सकते हैं तो वकील क्यों नहीं? शीर्ष अदालत का सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अगर न्यायाधीश प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी जा सकते हैं, तो वकील क्यों नहीं जा सकते। अदालत ने यह भी कहा कि सभी वकीलों को अनिवार्य प्रशिक्षण से गुजरना चाहिए और उन्हें तब तक प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, जब तक उनके पास किसी मान्यता प्राप्त विधि विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र न हो। बता दें, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के संबंध में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य के बेटे सौविक भट्टाचार्य की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

भट्टाचार्य की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि समन आदेश के अभाव में एक अधिवक्ता ने निचली अदालत में भी जमानत याचिका दायर की थी। इस पर पीठ ने कहा, 'आपके पास अधिवक्ताओं के लिए कानून अकादमी क्यों नहीं है? हमारे पास न्यायाधीशों के लिए तो है। बार काउंसिल द्वारा दोषी अधिवक्ताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्हें ठीक से शिक्षित किया जाना चाहिए। कुछ करो। प्रत्येक अधिवक्ता के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'अगर न्यायाधीश राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी जा सकते हैं तो वकील क्यों नहीं? जब तक उनके पास किसी मान्यता प्राप्त विधि विश्वविद्यालय से प्रमाणपत्र न हो, उन्हें वकालत करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह विदेशों में है। ऐसा नहीं है कि कोई भी इसे नहीं जानता है। समस्या यह है कि कोई भी इसे लागू नहीं करना चाहता है।' शीर्ष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू को निर्देश दिया कि वह इस बात की जांच करें कि क्या अदालत ने कोई समन आदेश पारित किया है।

# हिमंत बिस्व सरमा और लालडुहोमा के बीच बैठक, अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने में सहमत हुए असम–मिजोरम

**गुवाहटी।** मिजोरम और असम ने शुक्रवार को लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमति जताई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को आमंत्रित किया। बता दें कि लालडुहोमा फिलहाल गुवाहटी में ही मौजूद हैं।

बैठक में सीएम सरमा और लालडुहोमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास पर सहमति जताई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति बरतने पर भी जोर दिया। मिजोरम के तीन जिले आइजोल, कोलासिब और ममित असम के कछार, कर्मगंज और हैलनकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी सीमा साझा करते हैं। दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से ही सीमा विवाद चल रहा है। मिजोरम का दावा है कि



बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उनका है। वहीं दूसरी तरफ असम 1933 को सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपना क्षेत्र बता रहा है।

### 2021 में हुआ भी भारी विवाद

इनर लाइन आरक्षित वन का एक बड़ा हिस्सा असम के अंतर्गत आता है। 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा मिजोरम में पड़ता है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है। साल 2021 में असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने विशाल मोड़ ले लिया था, जब दोनों राज्यों के पुलिसबल ने सीमाओं पर गोलीबारी की थी। इस घटना में छह पुलिसकर्मी और एक असम के नागरिक की मौत हो गई थी।

# 'चर्चा करते समय किसी संस्थान का नाम न लें', लोकसभा में कार्यवाही के दौरान बोले ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कार्यवाही के दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन के सदस्यों को किसी भी मुद्दे को उठाते समय किसी विशेष संस्था या संगठन का नाम न लेने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों को केवल नीतिगत मामलों पर चर्चा करनी चाहिए। उनका यह बयान उस वक्त आया जब सदन की कार्यवाही के दौरान उत्तर प्रदेश बसपा सांसद रितेश पांडे ने एक मेडिकल कॉलेज और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मान्यता के लिए इसके आवेदन का मुद्दा उठाया था।



### अन्य संस्थानों का नाम न लें- ओम बिरला

सदन में सदस्यों से अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मैं आप सभी से अपील करता हूं कि किसी भी मुद्दे को उठाते समय किसी भी संस्थान का नाम ना लें। अगर आप लागातार ऐसा करेंगे तो इसका संसदीय प्रक्रियाओं पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। आप नीतिगत मुद्दों को उठात सकते हैं, जो बिल्कुल ठीक होगा, लेकिन किसी का नाम सही नहीं है। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग किसी भी मेडिकल कॉलेज में किसी भी चिकित्सा पाठ्यक्रम को मान्यता देने पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेता है।

### मोदी सरकार में बढ़े है मेडिकल कॉलेज- एसपी सिंह बघेल

एसपी सिंह बघेल ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही मेडिकल कॉलेज की संख्या 350 से बढ़कर 700 हो गई है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में सीटों में 100 प्रतिशत से अधिक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 126 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार देश के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की नीति का भी पालन कर रही है।

# बेटी की दोस्त के साथ पिता ने की जबरन संबंध बनाने की कोशिश, लड़की की अश्लील तस्वीरें भी वायरल कीं

**जजपुर।** ओडिशा के जजपुर जिले में पुलिस ने एक 54 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, व्यक्ति को अपनी बेटी की सहेली के साथ यौन उत्पीड़ण करने की कोशिश और उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पीड़िता ने पनिकइली पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी उसके दोस्त का पिता है। आरोपी लड़की को जानता था और पीड़िता का भी उसके घर पर आना जाना था।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा, 'पिछले साल मैं अपने दोस्त से मिलने उसके घर गई थी। जब मैं वहां पहुंची, तब दोस्त और उसकी मां घर पर नहीं थी। मैंने जब उनके बारे में पूछा, तो उसके पिता ने बताया वे कुछ देर के लिए बाहर गए हैं। इसलिए मैं उनके घर पर बैठकर उनका इंतजार करने लगी। मौके का फायदा उठाते



हुए उन्होंने मेरा यौन उत्पीड़न किया।'

### सोशल मीडिया पर लड़की की अश्लील तस्वीरें वायरल

हालांकि, वह इसके बारे में न तो अपने दोस्त से और न ही किसी और से बात की। पीड़िता ने बताया कि कुछ महीने पहले आरोपी ने उसके साथ फिर से दुष्कर्म किया जब वह कटक में अपने रिश्तेदार के घर पर थी। आरोपी ने पूरी वारदात को अपने फोन में भी रिकॉर्ड किया है। आरोपी ने लड़की को धमकी भी दी थी कि अगर वह उसके साथ संबंध नहीं बनाती है तो वह उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल कर देगा। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार को सोशल मीडिया पर उसके किसी दोस्त ने उसकी अश्लील तस्वीरें देखी, जिसके बाद लड़की ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# 'नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने का स्वागत', दिवंगत पीएम की बेटी ने सर्वोच्च सम्मान पर कही यह बात

**हैदराबाद।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को उनके कार्यकाल में लागू की गई आर्थिक नीतियों और उदारता के लिए याद किया जाता है। अब इनके नाम के साथ एक और सम्मान जुड़ने वाला है। केंद्र सरकार ने पीवी नरसिम्हा राव को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजने का एलान किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पीवी नरसिम्हा राव को मरणोपरांत सम्मान प्रदान करेंगी। भारत रत्न से सम्मानित इस कद्दावर सामाजिक-राजनीतिक हस्ती को सम्मान दिए जाने के फैसले के बाद पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार में खुशी का माहौल है। पीवी नरसिम्हा राव की बेटी ने केंद्र सरकार की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि पिता के निधन के लगभग दो दशकों के बाद यह फैसला देश में उनके योगदान को याद करने की कोशिश है। पीवी नरसिम्हा राव की बेटी वाणी देवी ने कहा कि उनके पिता को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजने का फैसला सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूल्यों और शिष्टाचार का पता लगता है। पीएम मोदी ने पार्टी लाइन से परे जाकर पूर्व प्रधानमंत्री के योगदानों को स्वीकार किया है। बकौल वाणी, कांग्रेस पार्टी के सदस्य रहते प्रधानमंत्री बने उनके पिता ने अपने कार्यकाल में आर्थिक सुधारों की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था और विदेश मामलों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए उनके पिता के नतृत्व वाली सरकार ने कई समस्याओं का स्थायी समाधान खोजा। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री का परिवार तेलंगाना में रहता है। हैदराबाद में मौजूद उनकी बेटी वाणी देवी ने कहा कि दशकों पहले भारत कठिन चुनौतियों से जूझ रहा था, लेकिन उनके पिता के नेतृत्व में भारत सरकार ने कई अहम सुधार किए, जिसे पूरे देश ने मान्यता दी।

# कांग्रेस ने सीएम सरमा की हवाई यात्रा पर हुए सरकारी खर्च पर उठाया सवाल, लोकसभा में चर्चा की मांग



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की हवाई यात्रा पर असम सरकार द्वारा किए खर्च पर सवाल उठाया है।उन्होंने शुक्रवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश करते हुए इस मामले पर निचले सदन में चर्चा करने की मांग की।

कलियाबोर से कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और अन्य वीआईपी लोगों के लिए गैर-सरकारी उद्देश्यों सहित हवाई यात्रा पर खर्च किए गए 58,23,07,104 रुपये बहुत ही चिंताजनक हैं। गोगोई ने लोकसभा महासचिव को एक पत्र लिखकर कहा, 'असम सरकार द्वारा सरमा और अन्य वीआईपी लोगों की हवाई यात्रा पर 58,23,07,104 रुपये खर्च करने की हालिया रिपोर्ट बहुत ही चिंताजनक है। मैं इस पर निचली सदन में चर्चा करने की अनुमति मांगता हूं।'

### इतनी बड़ी राशि का उपयोग

उन्होंने आगे कहा, 'इतनी बड़ी राशि का उपयोग असम में महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं या सामाजिक कल्याण पहलों के लिए किया जा सकता था। मुख्यमंत्री की यात्रा के लिए इसका आवंटन, विशेष रूप से गैर-सरकारी उद्देश्यों के लिए वित्तीय प्राथमिकताओं और जवाबदेही के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है।'

### कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए किया गया इस्तेमाल

गोगोई ने आरोप लगाया कि कुछ चार्टर्ड विमानों का इस्तेमाल असम के बाहर राजनीतिक कार्यक्रमों और शादियों में शामिल होने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार कुछ चार्टर्ड विमानों का इस्तेमाल असम के बाहर राजनीतिक कार्यक्रमों और शादियों में शामिल होने के लिए किया गया, जो चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग करना जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि किसी वीआईपी यात्रा पर इस तरह का खर्च अन्य राज्यों के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम करेगा। यह मामला नैतिक शासन को बनाए रखने और भविष्य में इस तरह के दुरुपयोग को रोकने का है। इसे रोकने के लिए तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

# बिहार की पूर्व CM राबड़ी देवी और मीसा–हेमा को राहत, कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी

**नई दिल्ली।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में तीनों को 28 फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। विशेष न्यायमूर्ति विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उस दावे के बाद तीनों आरोपियों को जमानत दे दी कि उसे उनकी नियमित जमानत याचिका पर दलीलें दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

विशेष कोर्ट (धन शोधन निवारण अधिनियम) ने मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत के बाद बिहार की लालू परिवार के कई सदस्यों को समन किया था। इसमें लालू यादव की पत्नी राबड़ी, उनकी बेटियां मीशा और हेमा शामिल थीं। जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 8 जनवरी, 2024 को पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत अमित कत्याल, राबड़ी देवी, मिशा भारती, हेमा यादव,



हृदयानंद चौधरी और दो कंपनियों मेसर्स ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स ए बी एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड के खिलाफ अभियोजन शिकायत (पीसी) दाखिल की थी।

शिकायत नौकरी के लिए भूमि घोटाले मामले में विशेष न्यायालय (पीएमएलए) नई दिल्ली के समक्ष पेश की गई। विशेष कोर्ट ने 27 जनवरी को इस पर संज्ञान लिया और आरोपी व्यक्तियों को आगे की सुनवाई के लिए 9 फरवरी को उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया था।

### ईडी ने किया था बड़ा दावा

उधर, ईडी ने बिहार में जमीन के बदले नौकरी मामले में बड़ा दावा किया था। ईडी के अनुसार राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की गौशाला के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलव में नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में उसे लालू-राबड़ी दंपती की पुत्री हेमा यादव को सौंप दी। केंद्रीय एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली की एक अदालत में आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें कुछ बाहरी लोगों के अलावा लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों राबड़ी देवी, मीसा भारती हेमा यादव को आरोप बनाया गया है।

### क्या है मामला?

केंद्रीय एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली की एक कोर्ट के सामने एक आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें कुछ अन्य लोगों के अलावा लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को आरोपी बनाया गया था। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की 'गौशाला' के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक एक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में इसे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया।

कात्याल को ईडी ने पिछले साल नवंबर में धनशोधन में लालू प्रसाद और उनके परिवार की जानबूझकर सहायता करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद है। सोमवार को ईडी ने मामले की जांच के तहत अपने पटना कार्यालय में 75 वर्षीय लालू प्रसाद से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। उनके बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को पटना बुलाया गया है।

### नौकरी के बदले जमीन घोटाला क्या है?

रेल भर्ती से जुड़े एक और घोटाले का आरोप यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहे पवन बंसल के भांजे विजय सिंगला पर भी लगा है।

मामले में भी सीबीआई ने विजय सिंगला समेत 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में विजय सिंगला पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप है।

2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ। कहा जा रहा है कि नौकरी लगवाने के बदले आवेदकों से जमीन और प्लॉट लिए गए।

सीबीआई ने इस मामले में जांच के बाद लालू प्रसाद यादव और उनकी बेटी मीसा भारती के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि जो जमीनें ली गईं वो राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम पर भी ली गईं।

### क्या ये मामला 2017 के IRCTC घोटाले से अलग है?

IRCTC का मामला रेलवे भर्ती घोटाले से अलग है। IRCTC घोटाले का आरोप भी 2004 में लालू के रेल मंत्री रहते होने की बात है। दरअसल, रेलवे बोर्ड ने उस वक्त रेलवे की कैटरिंग और रेलवे होटलों की सेवा को पूरी तरह IRCTC को सौंप दिया था। इस दौरान रांची और पुरी के बीएनआर होटल के रखरखाव, संचालन और विकास को लेकर जारी टेंडर में अनियमिताएं किए जाने की बातें आई थीं।

ये टेंडर 2006 में एक प्राइवेट होटल सुजाता होटल को मिला था। आरोप है कि सुजाता होटल्स के मालिकों इसके बदले लालू यादव परिवार को पटना में तीन एकड़ जमीन दी, जो बेनामी संपत्ति थी। इस मामले में भी लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत कई लोग आरोपी हैं।

## 13 फरवरी को 'आप' की PAC की बैठक, गोवा, हरियाणा और गुजरात की सीटों पर उम्मीदवारों का होगा निर्णय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने 13 फरवरी को राजनीतिक मामलों की समिति (PAC) की बैठक बुलाई है। जिसमें गोवा, हरियाणा और गुजरात की लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों का निर्णय होगा। पार्टी के एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि आप गुजरात, हरियाणा और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए 13 फरवरी को अपनी राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक करेगी। इससे पहले इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारा में हो रही देरी से नाराजगी का संकेत देते हुए आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को असम में तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इससे पहले आप नेताओं ने कहा था कि पार्टी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और गोवा में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है।

## संक्षेप

### उत्तराखंड की घटना को लेकर प्रशासन रहा चौकन्ना

धौरहरा–खीरी। उत्तराखंड के हल्द्वानी में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कार्रवाई के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन को देखते हुए क्षेत्राधिकारी धौरहरा के निर्देशन में सर्किल की पुलिस फोर्स एलर्ट मोड पर रही व मस्जिदों व धार्मिक स्थलो पर पुलिस बल मौजूद रहा। उत्तराखंड के हल्द्वानी में प्रदेश सरकार द्वारा अवैध व फर्जी तरीके से बनाये गये धार्मिक स्थलो मस्जिद व मजारो के खिलाफ चल रही कार्यवाही से मुस्लिम समुदाय में रोष को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह के निर्देशन में सर्किल के सभी थाना क्षेत्रों फूलबेहड़,खमरिया,ईसानगर व धौरहरा का पुलिस बल अपने अपने क्षेत्रों में जुमे की नमाज को देखते हुए दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थलो पर मुस्तैद दिखा।

### विदेशों में पायी जाने वाली ग्रीन इगुवाना मॉनिटर लिजर्ड को रेस्क्यू कर किया परीक्षण

लखीमपुर–खीरी। जनपद के पलिया नगर के प्राइवेट बसअड्डे की एक दुकान के पास से ग्रीन इगुवाना मॉनिटर लिजर्ड की सूचना पर दुधवा पार्क के अधिकारियों व प्रशासन ने उसे रेस्क्यू कर परीक्षण किया। जिसके बाद विदेशों में पाई जाने वाली इस प्रजाति को देखकर पार्क अधिकारी काफी उत्साहित है। उच्चाधिकारी के निर्देष पर रेस्क्यू किए गए लिजर्ड को गोरखपुर के प्राणी उद्यान में भेज दिया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ0 रंगाराजू टी ने बताया कि अज्ञात महिला द्वारा दूरभाष के माध्यम से पलिया प्राइवेट बस अड्डे की एक दुकान के पास मॉनिटर लिजर्ड देखे जाने की सूचना दी गई। सूचना पर वन्य जीव रक्षक आकाश बाबू, नवीशेर खां मौके पर पहुंच गए। उन्होंने, इंडियन मॉनिटर लिजर्ड को रेस्क्यू किया। जांच में पता चला कि यह, ग्रीन इगुवाना मॉनिटर लिजर्ड है। उन्होंने बताया कि यह शाकाहारी छिपकलियों की एक प्रजाति है। जोकि मेक्सिको, मध्य अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका सहित कैरीबिआई क्षेत्र में पाई जाती है। विश्व में ग्रीन इगुवाना को एक पालतू प्राणी के रूप में भी रखा जाता है। उन्होंने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद दुधवा टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्सक डॉ0 दया शंकर ने ग्रीन इगुआना लिजर्ड का स्वास्थ्य परीक्षण कर गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान से आए पशु चिकित्सक डॉ0 रवि कुमार यादव को सौंप दिया है। फिलहाल यह ग्रीन इगुवाना लिजर्ड कहां से और कैसे आई, यह जांच का विषय बना हुआ है। वहीं यदि लिजर्ड का जन्म यहीं पर हुआ है, तो इसके और भी वंशज यहां आसपास हो सकते है। जिसकी खोजबीन की जा रही है।

### ढखेरवा में चौराहे का नामकरण होने से व्यापारियों ने एक दूसरे को खिलाई मिठाई



लखीमपुर–खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के ढखेरवा मे एक और चौराहे का नामकरण होने के पश्चात व्यापारियों ने खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। ढखेरवा चौराहे का नामकरण करने के उपरान्त चम्मू चौराहा नाम का बोर्ड लगाया गया और सभी सम्मानित व्यापारी बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों को अवगत कराया गया कि अब चौराहे का नया नाम रख दिया गया है और अब इस चौराहे को चम्मू चौराहा नाम से जाना जायेगा। चम्मू चौरहा नाम का बोर्ड भी लगा दिया गया है। चौराहे में तेजी के साथ बढ़ते व्यापार को देखते हुए यह निर्णय व्यापार मंडल की तरफ से लिया गया है। ज्ञात है कि यह नवीन चौराहा ढखेरवा गांव और जहौंरा जाने वाले मोड़ कहे जाने वाले को अब चम्मू चौराहा के नाम से जाना जाएगा। इससे उक्त चौराहे पर खरीद फरोक्त करने वाले अधिकांश अनजान ग्राहकों और आम राहगीरों को जानकारी के लिए काफी आसानी होगी। इसके साथ ही ढखेरवा, मनसुख पुरवा और जहौंरा लखनियापुर गांव जाने वाले अंजान राहगीरों को जानकारी देने के लिए काफी आसान होगा। जैसे कि इस नवीन चौराहे पर कनक हॉस्पिटल, चौधरी टाइल्स एंड मार्बल्स, श्री गणेश लोहा भंडार व श्री लक्ष्मी लोहा भंडार प्रतिष्ठान काफी चर्चित हैं। लेकिन उनके ग्राहकों को जानकारी देने में असुविधा होती थी। अब यह समस्या दूर हो गयी है अब सीधे तौर पर चम्मू चौराहा के नामे से जाना जायेगा।

### दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज गोला आदि में जंगल कटान व बिल-बाउचर में गबन का खुलासा करने वाले वरिष्ठ पत्रकार को भुगतनी पड़ी जेल

**गोलागोकर्णनाथ–खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज गोला गोकर्णनाथ व मोहम्मदी की विभिन्न वीटों में बदले की भावना से फर्जी मुकदमों में वरिष्ठ पत्रकार /वन प्रेमी को फंसाने का खेल खेला है जिसमें वह सफल होकर वन विभाग की प्रताड़ना के चलते निर्दोष होने के बावजूद चौदह दिन की जेल की हवा खानी पड़ी है। बतातें चलें कि दक्षिण खीरी वन प्रभाग की वनरेंज गोला व मोहम्मदी के क्षेत्र में 2018 से जंगल कटान व जीवजंतु की हत्या व फर्जी बिल बाउचर के खेल का खुलासा करने के लिए विभिन्न समाचार पत्रों व शासन प्रशासन से शिकायत व आरटीआई से मांगी गई सूचना के बाद एसआई टी की जांच कराने के बाद खुलासा करने में कामयाबी मिली पर एस आईटी जांच में दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी तमाम प्रयासों के बाद हासिल नही हुई और एसआईटी जांच की अधूरी रिपोर्ट दी गई तब मजबूर होकर अपील के बाद सूचना आयोग उत्तर प्रदेश मे अपील की जिसमें आठ माह बाद 25–04–2024 मार्च मे सुनवाई की तारीख मुकर्रर की व दूसरी अपील को सूचना आयोग ने निर्धारित शुल्क का बहाना बताते हुए निस्तारित कर दी जबकि यह न्याय संगत नहीं था। इस बीच दक्षिण खीरी के तत्कालीन डीएफओ के इशारे पर आरोपी वनकर्मियों के माध्यम से लकडी चोरी व धरती फूल के मामले में एक युवक को पकड़ा था उसके बयानों में वरिष्ठ पत्रकार /वन प्रेमी होतीलाल रस्तोगी को नामजद कर दिया गया जिसमें माननीय न्यायालय से गैर जमानती वारंट निकलवा कर उसका पालन गोला पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जिसके बाद वरिष्ठ पत्रकार /वन प्रेमी के अधिवक्ता राकेश कुमार मिश्र ने एसआईटी की रिपोर्ट व वन विभाग की रंजिशन की बात उठाते हुए मुकदमा निरस्त कर रिहा करने की वकालत की जिसमें वन विभाग के अधिवक्ताओं ने जबरदस्त विरोध कर जमानत न होने का प्रयास किया जिसमें विद्वान न्यायधीश ने जमानत याचिका मंजूर कर रिहा कर दिया।

# सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने की मांग, डीएम व सीएम से शिकायत..

## डीएम साहब! भू-माफियाओं ने कर लिया सरकारी जमीनों पर कब्जा... कब्जा मुक्त कराए....

**» सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायत डीएम व सीएम से**

**लोकमित्र, ललित वर्मा/एस पी तिवारी**





**लखीमपुर-खीरी।** जहा एक ओर जिला प्रशासन लगातार भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त करा रहा है वही दूसरी ओर आज भी कई भू-माफिया सरकार के नाम दर्ज जमीनों पर कब्जा व बिक्री कर मौज काट रहे हैं।

जिले में तमाम सतर्कता के बाद भी भू- माफिया सरकारी जमीनों पर हाथ साफ करने से बाज नहीं आ रहे हैं गतदिनो पूर्व कई ऐसे मामले सामने आए, जिनसे अधिकारी-कर्मचारी और आमजन सभी चौंक गए ग्राम सभा की बेशकीमती सरकारी जमीनों पर भू-माफिया कब्जा करके बैठ गए हैं।जानकारी मुताबिक फूलबेहड ब्लॉक क्षेत्र के गांव श्रीनगर में कुछ रसूखदार साधन संपन्न भू-माफिया किस्म के द्वारा ग्राम प्रधान पुत्र व क्षेत्रीय लेखपाल आदि से सांठ-गांठ कर ग्राम सभा की जमीनो पर अवैध कब्जा कर दीवार झोपड़ी व पिलर बनाकर अवैध कब्जा करने की शिकायत डीएम खीरी सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है।गांव श्रीनगर निवासी मोहन पुत्र शिव दुलारे व नेत्र पाल पुत्र साहबलाल निवासी ग्राम श्रीनगर थाना फूलबेहड जनपद खीरी ने डीएम व मुख्यमंत्री समेत संबन्धित आला-अधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के कुछ राजनैतिक व साधन संपन्न लोगों द्वारा ग्राम पंचायत के अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या 802 व 820 शासकीय जमीन के भू-भाग पर भू-माफिया लोग

वर्तमान प्रधान पुत्र रफीक पुत्र स्वर्गीय शहजाद वर्तमान लेखपाल, सुरेश व राकेश पुत्रगण श्रीपाल आदि के द्वारा अवैध कब्जा कर झोपड़ियां व पिलर, दीवारें बनाकर कब्जा कर लिया है जबकि ग्राम सभा की गाटा संख्या 1245 पर वर्तमान ग्राम प्रधान पुत्र रफीक पुत्र स्वर्गीय शहजाद अली ने स्वयं अपना निजी आलीशान कोठी बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है जिससे ग्राम सभा की सरकारी सम्पत्ति का घोर नुकसान किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता ने कहा है कि ग्राम पंचायत की सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के लिए पहले भी काफी जनशिकायते सम्बंधित जिम्मेदारों को दी गई किन्तु कार्यवाही शून्य रही इसी क्रम में आज दिनांक 09 फरवरी 2024 को डीएम समेत मुख्यमंत्री व आला-अधिकारियों को शिकायत पत्र देते हुए शासकीय भूमि को कब्जामुक्त कराने की गुहार लगाई है।शिकायतकर्ता मोहन पुत्र शिव दुलारे ने बताया कि इस मामले की ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई शिफर रही। शिकायतकर्ताओं ने ग्राम समाज की जमीन पर कराए जा रहे अवैध कब्जा को रोके जाने व शासकीय जमीनो को कब्जामुक्त कराए जाने की मांग डीएम समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है।

**क्या बोले जिम्मेदार...**

सरकारी जमीनों पर किसी भी सूरत में अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। समय–समय पर अवैध कब्जे को लेकर अभियान चलाकर विभागीय कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराया गया है गतदिनो पूर्व कई जगहों पर अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है।

**(उपजिलाधिकारी सदर, श्रद्धा सिंह)**

## नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्कूल के बच्चों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी मे सड़क जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों ने शहर के एल आर पी चौराहे पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सड़क सुरक्षा नियमो को अपनाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रबंधक आशीष गुप्ता की प्रेरणा एवम प्रधानाचार्य के निर्देशन में किया गया। नुक्कड़ नाटक में कक्षा 9 की छात्रा आस्था अवस्थी,पूर्वी गुप्ता रजवी सिंह और छात्र अनुभव,मिलन , शुभ गुप्ता ,अर्पित ,प्रियांशु ,पुष्पेंद्र और आराध्य सिंह के साथ कक्षा 7 की छात्रा अदिति और तिमिक्षी अग्रवाल ने भावपूर्ण और सशक्त प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में एल आर पी चौराहे के थानाध्यक्ष ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। बच्चों ने उनसे सड़क सुरक्षा को लेकर प्रश्न पूछे एवम उनके कार्य तथा भविष्य को लेकर जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।बच्चों ने नगरवासियों को सड़क सुरक्षा के नियमो को अपनाने का महत्व समझाया और हेलमेट पहनने का आग्रह किया।

### समिति के माध्यम से विभिन्न कार्यदाई संस्थाओ द्वारा सौन्दरीकृत कराया जाएगा: मण्डलायुक्त

**अयोध्या।**मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमे समिति के उपाध्यक्ष/जिलाधिकारी नितीश कुमार के अतिरिक्त नगर आयुक्त विशाल सिंह,मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज भी शामिल हुए। समिति की बैठक में अयोध्या को और अधिक सजाने और सवारने हेतु व्यापक चर्चा की गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या के शेष बचे कुंडो और पार्को जिनका सौंदर्यीकरण कराना शेष है, को समिति के माध्यम से विभिन्न कार्यदाई संस्थाओ द्वारा सौन्दरीकृत कराया जाएगा। समिति द्वारा अयोध्या में एक बृहद पार्क विकसित करने, वाकिंग प्लाज़ा विकसित करने तथा डायट परिसर व जीआईसी परिसर में स्थित बॉयज होस्टल की मरम्मत करवाने आदि के सम्बंध में भी चर्चा की गई। बैठक में डीएफओ सितांशु पांडेय, सीटीओ श्रीमती ममता सिंह, उपनिदेशक पर्यटन राजेन्द्र प्रसाद यादव सहित अन्य सदस्य व कार्यदाई विभागो के अभियंतागण उपस्थित रहे।

## पाँच दिवसीय श्री सत चंडी महायज्ञ व राम कथा का विशाल कन्या भोज के साथ समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** बेहजम टेडवा महायज्ञ समिति व आयोजन हरिओम मिश्रा द्वारा आयोजित श्री सत्संचंडी महायज्ञ श्रीमद् भागवत राम कथा एवं विचार मंथन कार्यक्रम का समापन शुक्रवार की संध्या को हो गया इस मौके पर पधारे वक्त विद्वान कमल मिश्र प्रदेश प्रचारक संत प्रकोष्ठ भारतीय हिंदू परिषद आयोजित कन्या भोज भंडारे में दूर-दूर के गांव के श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया पांच दिवसीय आयोजन में दूर दराज के श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया यज्ञ स्थल पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही यज्ञ में आए सैकड़ो लोगों ने आहुति डालकर सुख समृद्ध दिवस शांत की कामना की पंचम दिवस पहुंचे भारतीय हिंदू परिषद के संस्थापक कथा व्यास राष्ट्र प्रहरी पवनेश जी महाराज ने कहा कि किसी भी यज्ञ के होने से मानव में आई विकृतियों अपने आप दूर हो जाती है ज्ञान यज्ञ के माध्यम से समाज में एक जुट आती है। कमेटी अध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला क्षेत्र पंचायत सदस्य मुख्य यजमान ने आहुति डालकर शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत टेडवा में यज्ञ है और आगे की यज्ञ की तैयारी में हम लोग अभी से जुड़ जाएंगे आगे भी बेहतर यज्ञ कार्यक्रम कराए जाते रहेंगे इस अवसर पर उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले सहयोगियों के नाम कुछ इस जितेंद्र बाजपेई राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन आर्मी भारतीय हिंदू परिषद ,रूपेश कुमार मिश्र प्रदेश मीडिया प्रभारी सनातन आर्मी भारतीय हिंदू परिषद, अभिचल मिश्र छात्र संघ जिला उपाध्यक्ष व शिवांशू अवस्थी मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा भारतीय हिंदू परिषद श्यामलिया प्रसाद अवस्थी राम लखन शुक्ला राजेश अवस्थी कल स्वास्थ्य सहित समर्थ ग्राम वासियों ने इस धाम यज्ञ में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

## भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का किया गया जोरदार स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** जनपद मे कस्ता भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला का पार्टी कार्यकर्ताओं ने पिपरझला में जोरदार स्वागत किया गया। क्षेत्रीय नेता मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव वर्मा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला का स्वागत किया शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

सनातन आर्मी भारतीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वाजपेई ने चिन्ह देखकर माला पहनाकर स्वागत किया उन्होंने कहा उनके संगठन के प्रति निष्ठा और लग्न, सबको साथ लेकर चलने के हुनर ने उन्हें यहां तक पहुंचाया । जितेंद्र शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी का मंडल अध्यक्ष बनने से आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के हाथ और ही ज्यादा मजबूत होंगे।

काल्लिया रामपुर ग्राम प्रधान विनोद दीक्षित ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जितेंद्र शुक्ला पर भरोसा जताते हुए मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जितेंद्र शुक्ला ने सबको साथ लेकर सब का साथ सबका विकास के नारे पर लोगों को जोड़ने का काम किया है उसी का फल स्वरूप उन्हें आज मंडल का कस्ता अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

एडवोकेट शिवम अवस्थी प्रधान पथरा किरमानी अंग वस्त्र पहनाते हुए जोरदार स्वागत किया कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी को जितेंद्र शुक्ला जी से प्रेरणा लेनी चाहिए जितेंद्र शुक्ला ने सदैव से ही स्वयंसेवी बनकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अटल जी के पद

चिन्हों पर चलते हुए मोदी जी को प्रेरणा स्रोत मानकर राजनीति कर रहे हैं।

सरैया प्रधान मदन शुक्ला ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह कार्यक्रम ग्राम प्रधान अनिल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपती भाकियू पदाधिकारी

**सोहावल - अयोध्या।** शुक्रवार भारतीय किसान यूनियन (अरा) किसान किसान समस्या को लेकर 6,बिंदु का ज्ञापन तहसीलदार सोहावल को सौंपा छुट्टा गौवंश को गौशाला भिजवाया जाए, स्टेशन रोड बद से बदतर हो गया है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं एम्बुलेंस स्कूली बच्चों की बस राजगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है शीघ्र सही करवाया जाए सीएचसी सोहावल बने आर सीसी सड़क के अगल-बगल इंटरलॉकिंग कर नालियों पर ढक्कन लगाया जाए कॉल से 500 मीटर के मानक की दूरी पर आरटीओ द्वारा ही चेकिंग लगाई जाए सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी गई है जिसमें तमाम पत्र गरीब व्यक्ति छूट गए हैं कैंप लगवा कर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सविता मौर्या तहसील अध्यक्ष श्रीनाथ वर्मा ने किया पंचायत का संचालन पूर्व प्रधान राम अभिलाख यादव ने किया और कहा कि किसान समस्याओं का निस्तारण जल्द ना हुआ तो किसान यूनियन को आंदोलन करना पड़ेगा।

## धीमी कार्यप्रणाली से खनन माफियाओं के हौसले हुए बुलन्द

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी की भीरा कोतवाली क्षेत्र में प्रशासन की धीमी कार्यप्रणाली व अनदेखी से क्षेत्र मे लगातार धड़ल्ले से अवैद्य खनन जारी है जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हो चुके हो हैं।जनपद के भीरा क्षेत्र मे खनन माफियाओं पर एक कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है। 'सूर्य अस्त, खनन माफिया मस्त' जहां एक तरफ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने मिट्टी व बालू के अवैध खनन पर रोक लगाने के सख्त निर्देश है। वहीं खनन माफिया मुख्यमंत्री के निर्देशों व राजश्व विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिन-रात बालू मिट्टी के अवैध खनन में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार अवैद्य खनन, पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की छत्रछाया में फल फूल रहा है।क्षेत्र मे अवैध खनन कर लाई जा रही मिट्टी व बालू की ट्रैक्टर-ट्रालियां व ट्रक सड़कों पर दिन हो या रात सरेआम दौड़ते नजर आ रहे हैं। बालू व मिट्टी के अवैध खनन से सरकार को प्रतिमाह लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। बता दे की भीरा थाना क्षेत्र में कहीं भी बालू खनन के लिए कोई भी पट्टा आवंटित नहीं है। इसके बावजूद बालू का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। जिससे खनन अधिकारी, तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन की कार्य शैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर किसके आदेश पर भीरा कोतवाली क्षेत्र में रैपर मशीन चल रही है।जिससे बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन किया जा रहा है। शाम होते ही कोतवाली क्षेत्र में सड़कों पर बालू व मिट्टी के दर्जनों वाहन दौड़ते नजर आने लगते हैं। ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन के कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किये गये, लेकिन खनन माफियाओं पर अभी तक खनन अधिकारी व स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने के चलते खनन कारोबारियों के हौसले बुलंद है।

## अबुल कलाम आज़ाद कन्या इंटर कॉलेज में 'कैंसर जागरूकता' कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता बढ़ाने के लिए किया प्रयास

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** जैसा कि आप जानते हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व विकास संगठन एवं समाज सेवा क्षेत्र की मुख्य धारा में अपने ओजस्वी सदस्यों के साथ जेसीआई लखीमपुर संकल्प प्रतिस्थापित हो चुकी है। उसी कड़ी में अनुज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में उपरोक्त कालेज में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संचालिका नीति गुप्ता एवं कार्यक्रम निदेशक निधि गुप्ता ने कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया।उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी लखीमपुर कार्यालय से आए डॉक्टर राकेश गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में कैंसर जागरूकता विषय पर छात्राओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी है जो विभिन्न अंगों और तंत्रों में विकार का कारण बनती है। इसका प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार करना जीवन को बचाने में मदद कर सकता है।

धूम्रपान और गुटखा कैंसर के बढ़ने का प्रमुख कारण है। तंबाकू का सेवन छोड़ने से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। डॉक्टर ने बताया कि धूम्रपान दो तरीके से प्रभावित करता है एक जो स्मोकिंग करता है उसे और जो नहीं करता है लेकिन स्मोकिंग करने वालों के मध्य में रहता है वो भी प्रभावित होता है।कैंसर के कारण, लक्षण, और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। समुदाय में इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित चेकअप और अपने डॉक्टर से सलाह लेना आवश्यक है।नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार और नियमित चेकअप जैसे सावधानियां अपनाने से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।कैंसर के विरुद्ध लड़ने में जीत के लिए, जागरूकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

निधि गुप्ता और पारुल गुप्ता ने मिलकर छात्राओं से कैंसर विषय से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी भी की जिसमें देने वाली छात्राओं को तुरन्त पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष अनुज कुमार शुक्ला, कॉलेज प्रधानाचार्या सीमा टंडन, जेसीआई सदस्य एवम् संस्थापक अध्यक्ष रूपाली शुक्ला, मधुलिका त्रिपाठी, उमा पितरिया, नीति गुप्ता, रानी तिवारी, निधि गुप्ता, पारुल गुप्ता कीर्ति गुप्ता सहित कई सदस्य व कालेज स्टॉफ उपस्थित रहा।

### बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन पहुँचे अयोध्या

**अयोध्या।** बॉलीवुड के महानायक अभिनेता अमिताभ बच्चन अयोध्या पहुँचे जहां उन्होंने राम मंदिर में पूजा अर्चना की बॉलीवुड अभिनेता और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन आज शुक्रवार को एक बार फिर अयोध्या पहुंचे, पिछले तीन हफ़्तों में ये दूसरी बार है जब अमिताभ बच्चन राम मंदिर पहुंचे और प्रभु रामलला के दर्शन व पूजा अर्चना की है. इससे पहले वो अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए थे ।अमिताभ बच्चन के अयोध्या आगमन को देखते हुए यहाँ सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे।सुरक्षा कर्मियों के बीच अभिनेता राम मंदिर परिसर में पहुंचे और रामलला के दर्शन किए. इस दौरान राम जन्मभूमि मंदिर के प्रमुख पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास और ट्रस्ट के पदाधिकायों ने उनका स्वागत सत्कार किया, जिसके बाद अमिताभ बच्चन ने रामलला की पूजा अर्चना की और भगवान का आशीर्वाद लिया।

## बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह मे विभिन्न पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** जनपद मे बार एसोसिएशन मोहम्मदी के संपन्न हुए चुनाव के बाद आज मुख्य अतिथि अपर जिला जज मोहन कुमार विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य अजय शुक्ला उप जिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह तहसीलदार प्रीति सिंह एडवोकेट अवधेश चंद्र दीक्षित एडवोकेट रामखिलावन मिश्रा एडवोकेट विवेक कुमार शुक्ला सिविल वार अध्यक्ष राकेश पांडे पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में ज्येष्ठ समिति के सदस्य एवं निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र नाथ गुप्ता ने अध्यक्ष पद पर प्रद्युम्न मिश्रा , महामंत्री अवनीश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रथम सिराज अली, उपाध्यक्ष द्वितीय मोहम्मद शहरोज जाफरी, उपाध्यक्ष तृतीय अनुज पांडे, संयुक्त मंत्री प्रथम आशुतोष सिंह, संयुक्त मंत्री द्वितीय नीरज कुमार, संयुक्त मंत्री तृतीय लोकेश सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल शशि, परिषद वरिष्ठ पद पर रामनारायण मिश्र , बृजेश कुमार सिंह , हरिवंश कुमार शुक्ला शाषी परिषद कनिष्ठ पर मेराज खां नागेश्वर प्रसाद दीक्षित , सुधांशु शर्मा , प्रताप सिंह , सौरभ रस्तोगी , धीरेंद्र प्रताप सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

इस मौके पर अधिवक्ता रामखेलावन मिश्रा ने मोहम्मदी जिला बनाओ का मुद्दा को फिर से उठाने को कहा और निवर्तमान अध्यक्ष आलोक सिंह मगदापुर परगना को मोहम्मदी में जोडने के लिए अभियान निरंतर चलने की अपेक्षा की।पुलिस उपाधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने कहा अधिवक्ताओं का सम्मान हमेशा बरकरार रहेगा। डा अवनीश कुमार ने कहा अधिवक्ताओं से अपेक्षा है कि बार एवं बैंच का सहयोग मिलता रहेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने बार एवं बैंच में सामंजस्य और लोगों का सम्मान पुराने छूटे हुए कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह, एमएस स्वामीनाथन और नरसिम्हा राव को भारत रत्न मिलने पर सीएम ने दी शुभकामनाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया।

### चरण सिंह को भारत रत्न मिलना करोड़ों किसानों का सम्मान

मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए लिखा, "जननेता, किसानों के मसीहा, गांवों, अन्नदाता किसानों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को 'भारत रत्न' प्रदान करने की घोषणा अभिनंदनीय है। वे सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के साधक थे। यह गौरव राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्य योगदानों का सम्मान है।" वहीं मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा देश के करोड़ों किसानों का सम्मान है। यूपी के लिए ये और भी अभिनंदनीय है, क्योंकि चौधरी साहब प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नई दिशा प्राप्त की थी।

### राव ने विपरीत परिस्थितियों में संभाला था देश, किये थे आर्थिक सुधार

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न के ऐलान पर सीएम ने लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव जी को 'भारत रत्न' से विभूषित किए जाने का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश के आर्थिक विकास को एक नई गति प्रदान की। भारत के विकास में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।" इसके अलावा मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने देश को विपरीत परिस्थितियों में नेतृत्व दिया था। उनके कार्यकाल में आर्थिक सुधारों को अपनाया गया था।

### कृषि और किसानों के लिए स्वामीनाथन के अद्वितीय योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा का स्वागत करते हुए लिखा, "प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले डॉ. एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का निर्णय स्वागतयोग्य है। कृषि और किसानों के कल्याण में उनके उल्लेखनीय योगदानों का सम्मान है। यह सम्मान कृषि को बदलने में उनके अद्वितीय योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।"

# चौधरी चरण सिंह सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के साधक : योगी आदित्यनाथ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव तथा हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने तीनों विभूतियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इसे लेकर पोस्ट भी साझा किया और इसे अभिनंदनीय बताया।

मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए लिखा, "जननेता, किसानों के मसीहा, गांवों, अन्नदाता किसानों, शोषितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को 'भारत रत्न' प्रदान करने की घोषणा अभिनंदनीय है। वे सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के साधक थे। यह गौरव राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्य योगदानों का सम्मान है।" वहीं मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा देश के करोड़ों किसानों का सम्मान है। यूपी के लिए ये और भी अभिनंदनीय है, क्योंकि चौधरी साहब प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नई दिशा प्राप्त की थी।

### राव ने विपरीत परिस्थितियों में संभाला था देश, किये थे आर्थिक सुधार

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न के ऐलान पर सीएम ने लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव जी को 'भारत रत्न' से विभूषित किए जाने का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश के आर्थिक विकास को एक नई गति प्रदान की। भारत के विकास में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।" इसके अलावा मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने देश को विपरीत परिस्थितियों में नेतृत्व दिया था। उनके कार्यकाल में आर्थिक सुधारों को अपनाया गया था।

### कृषि और किसानों के लिए स्वामीनाथन के अद्वितीय योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा का स्वागत करते हुए लिखा, "प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले डॉ. एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का निर्णय स्वागतयोग्य है। कृषि और किसानों के कल्याण में उनके उल्लेखनीय योगदानों का सम्मान है। यह सम्मान कृषि को बदलने में उनके अद्वितीय योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।"

# चौधरी साहब के सम्मान का यह शुभ दिन किसी दिवाली के जैसा : रोहित अग्रवाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करना एक सराहनीय फैसला है। चौधरी चरण सिंह का सम्मान किसान और कमेरे वर्ग का सम्मान है। चौधरी चरण सिंह ने जीवन पर्यंत शोषित, वंचित और पिछड़े वर्ग की लड़ाई लड़ी है, इसलिए उनका यह सम्मान पिछड़े वर्ग का भी सम्मान है । भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक ऐसी विचारधारा थे जो आज भावना बनाकर किसान काम के अंदर दौड़ रही है।

रोहित अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की वह इस फैसले का हृदय से स्वागत करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने चौधरी चरण सिंह को स्मरण करते हुए कहा की 'चौधरी साहब जीवंत भारत को परखने वाले अद्भुत व्यक्ति थे और उनका मानना था कि' देश के विकास का रास्ता गांवों से होकर जाता है, इसीलिए चौधरी चरण सिंह जी गांव में जीवंत भारत को विश्व पटल पर ले जाना चाहते थे। रोहित अग्रवाल ने कहा आशा है कि सरकार श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह की विचारधारा से प्रेरणा लेते हुए इस जीवंत भारत को वैश्विक पहचान प्रदान करेगी। रोहित अग्रवाल ने कहा कि चौधरी साहब के सम्मान का यह शुभ दिन किसी दिवाली के जैसा है और उन्होंने इसका जश्न पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के साथ मनाया रोहित अग्रवाल चौधरी चरण सिंह का स्मरण करते हुए भावुक दिखाई दिए।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर किया सम्मान : मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि ओबीसी समाज के लिए जो सोच और दावे करती है वह पूरे किए जाते हैं। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न का पुरस्कार मिलना उनके समाज और किसानों के लिए बहुत ही खुशी और गौरव की बात है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा है कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और अब चैधरी चरण सिंह के लिए यह घोषणा की है उससे यह स्पष्ट है कि यह सभी सम्मानित नेताओं की इज्जत करते हैं और उनकी भावनाओं का भी सम्मान किया जाता है।

# अब बरेली-प्रयागराज में भी सीटी स्कैन की सुविधा

**उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मशीनों का ऑनलाइन किया लोकार्पण**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** आमजन को निःशुल्क डायग्नोस्टिक्स सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को बरेली और प्रयागराज में सीटी स्कैन की सुविधा की शुरुआत की गई। एनेक्सी स्थित सभाकक्ष से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इन सेवाओं का ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि बरेली के 300 शैय्या चिकित्सालय एवं प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में इन मशीनों को स्थापित किया गया है। यह सीटी मशीनें आधुनिक 32 स्लाइस तकनीक पर आधारित हैं। इससे स्कैनिंग की गुणवत्ता और भी बेहतर होगी। पीपीपी मोड पर प्रदेश के 69 जनपदों को पूर्व में आच्छादित किया जा चुका है। अब प्रदेश के 71 जनपदों में यह सुविधा आमजन को समर्पित की गई है।

# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर भारत सरकार को लोक दल ने दिया धन्यवाद

**लखनऊ।** भारत सरकार के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह जी ने देश के प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है। किसान मसीहा को भारत रत्न दिए जाने की लोक दल की पुरानी मांग है जिसको लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करता रहा है लोक दल यह जो चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चला रहा जिसकी वजह से आज या भारत रत्न का सम्मान मिल किसान गरीबों नौजवानों की आवाज चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देने के लिए लोक दल के कार्यकर्ता और साथ खड़े लाखों किसानों को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है जिसकी वजह से आज सरकार को किसानों के नेता चौधरी चरण सिंह को सम्मान देने के लिए झुकना पड़ा यह किसानों की जीत है।

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का एलान, शिवपाल ने कहा- विश्वास है जयंत कहीं नहीं जाएंगे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने का एलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर इसका एलान किया। इससे पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और देश के पूर्व उपप्रधनमंत्री लालकृष्ण आणवाणी को भी यह सम्मान देने का एलान हो चुका है।

अखिलेश यादव ने कहा कि मैं सभी किसानों को बधाई देना चाहता हूं। चौधरी चरण सिंह जी जीवन भर किसानों के लिए लड़े और इसी विधानसभा के सामने नेताजी ने उनकी प्रतिमा लगवाई थी। हमें खुशी है इस बात की कि एक किसान नेता को भारत रत्न मिला। इसके अलावा उन्होंने जयंत के भाजपा में जाने पर कहा कि इस पर कोई बात नहीं हुई है।

शिवपाल यादव ने कहा कि जयंत चौधरी के पिता ने किसानों के लड़ाई कभी कमजोर नहीं होने दिया। जयंत भी वह लड़ाई कमजोर नहीं होने देंगे। उम्मीद है कि जयंत किसानों की लड़ाई लड़ते हुए कहीं नहीं जाएंगे। ये हमें विश्वास है। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और आरएलडी के गठबंधन की राह आसान होती नजर आ रही है।

# पुरानी पेंशन बहाली : 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे कर्मचारी, आठवें वेतन आयोग का गठन भी होगा मुद्दा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** आठवें वेतन आयोग के गठन और पुरानी पेंशन बहाली पर सरकार के इन्कार से नाराज कर्मचारी 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बृहस्पतिवार को कहा कि 16 फरवरी को कर्मचारी जिला कलेक्टर ऑफिस पर प्रदर्शन करेंगे। कृषि भवन में उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि मांगों का हल न होने पर देश भर में लोकसभा चुनाव तक कर्मचारी सम्मेलन आयोजित कर सरकार की जन, मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के पास कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, आठवें पे कमीशन के गठन, 18 महीने के बकाया डीए-डीआर के भुगतान, ठेका संविदा कर्मियों को नियमित करने व खाली पड़े करीब एक करोड़ पदों को पक्की भर्ती भरकर बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए धन नहीं है, लेकिन पूंजीपतियों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है।

पूंजीपतियों को लाखों करोड़ रुपये की राहत देने के लिए पेट्रोलियम पदार्थों, उर्वरक, रेलवे में सीनियर सिटीजन को मिलने वाली सब्सिडी को समाप्त कर दिया गया। वहीं, आम आदमी के खाने पीने की चीजों पर भी जीएसटी लगा दिया गया है। इस मौके पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स महासंघ के उपाध्यक्ष एसपी सिंह, राज्य अध्यक्ष अमरनाथ यादव, ओपी त्रिपाठी, राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष कमल अग्रवाल, यूपी एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रधान धर्मेंद्र प्रताप सिंह व संदीप पांडेय भी मौजूद रहे।

# 11 जिलों के पंजीकृत और अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को आई.ई.एम.एस. पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार प्रत्येक पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल को अपनी ऑडिट रिपोर्ट अंशदान रिपोर्ट एवं निर्वाचन में अभ्यर्थी खड़े करने पर उस निर्वाचन के लिये निर्वाचन व्यय विवरणी इंटीग्रेटेड इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल पर आनलाइन फाइल किये जाने के संबंध में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुधाकर महिला पी०जी० कालेज, खजुरी, पाण्डेयपुर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, भदोही, कौशाम्बी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, मऊ एवं सोनभद्र की 152 अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त कार्य हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० के लखनऊ स्थित कार्यालय में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

# प्रधानमंत्री ने देश के दलित, पिछड़ों व किसानों का सम्मान किया : अनुप्रिया पटेल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की तीन महान विभूतियों किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह, हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन और पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा पर अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने पार्टी की तरफ से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री जी द्वारा तीनों विभूतियों को देश के सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत करने की घोषणा तीनों विभूतियों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा है, भारतीय राजनीति में गांव—किसानों की सशक्त आवाज रहे श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह, हरित क्रांति के प्रणेता आदरणीय एमएस स्वामीनाथन और देश में आर्थिक सुधारों के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिम्हा राव को मरोणापरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार। तीनों महान शख्सियतों ने अपनी विद्वता और सेवा से देश को गौरवान्वित किया। किसानों के मसीहा श्रद्धेय सिंह ने हमेशा राजनीति में दबे—कुचले और विकास वर्ग के हित की राजनीति की। स्वामीनाथन जी के अगुवाई में हुई हरित क्रांति ने देश को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया, वहीं राव साहब के नेतृत्व में रखी गई आर्थिक सुधारों की नींव से भारतीय अर्थव्यवस्था ने सकारात्मक रूप से नई करवट ली।

पद्म पुरस्कारों से ले कर सर्वोच्च सम्मान तक, माननीय प्रधानमंत्रीजी की अगुवाई में हमारी सरकार ने हमेशा योग्य व्यक्तित्वों और महान शख्सियतों का चयन किया है। ऐसी शख्यिसत जिनकी सेवा और उपलब्धियों ने नए इतिहास की रचना के साथ भविष्य की उम्मीदों की नींव रखी। इससे पहले हमारी सरकार ने सामाजिक न्याय की राजनीति के मसीहा जननायक कर्पुरी ठाकुर जी को सर्वोच्च सम्मान दे कर देश को सही अर्थों में गौरवान्वित किया। मैं सर्वोच्च सम्मान के लिए महान शख्सियतों के चयन के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताती हूं।'

बता दे कि अनुप्रिया पटेल अपना दल की तरफ से जननायक कर्पूरी ठाकुर जी एवं श्रद्धेय चौ. चरण सिंह जी को भारत रत्न देने की मांग पिछले लंबे समय से करती रही हैं। इस बाबत उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा था। देश के किसानों, पिछड़ों व वंचितों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले इन महापुरुषों को देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा से दलित, पिछड़ों व किसानों का सम्मान व स्वाभिमान बढ़ा है।

# मार्च से यूपी को मिल जाएगा एक और एक्सप्रेस वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का 92 फीसदी काम हुआ पूरा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मार्च में एक और एक्सप्रेस वे का उद्घाटन हो सकता है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को अगले महीने फर्राटा भरने के लिए तैयार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) इस दिशा में युद्धस्तर पर काम कर रहा है। यूपीडा के मुताबिक एक्सप्रेस वे का निर्माण 92 फीसदी पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन कर सकते हैं।

लिंक एक्सप्रेस-वे की घोषणा वर्ष 2018 में की गई थी और फरवरी 2019 में निर्माण शुरु किया गया था। पिछले साल जुलाई-अगस्त में बारिश और मिट्टी की वजह से काम की रफ्तार धीमी हो गई थी लेकिन मानसून जाते ही काम की रफ्तार कई गुना बढ़ा दी गई थी। इसे पूरा करने का लक्ष्य मार्च तय किया गया लेकिन लोकसभा चुनाव देखते हुए इसे समय से पहले ही जनता को समर्पित किया जा सकता है। जनवरी में एक्सप्रेस वे की सुरक्षा जांच हो चुकी है जो लगातार कई चरणों में जारी है।

91.35 किलोमीटर लंबा यह लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर के सदर तहसील के जैतपुर गांव से शुरू होकर आजमगढ़ जिले के सालारपुर गांव में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से मिलेगा। यह लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर, संतकबीर नगर, अंबेडकर नगर और आजमगढ़ से होकर गुजर रहा है। इसे वाराणसी के साथ एक अलग लिंक रोड से जोड़ा जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से लखनऊ की दूरी साढ़े तीन घंटे रह जाएगी। अभी पांच घंटे लगते हैं। लिंक एक्सप्रेसवे से गोरखपुर और आजमगढ़, गोरखपुर और आगरा व दिल्ली का सफर भी घट जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे की अनुमानित लागत 5876.67 करोड़ रुपये है। अभी ये चार लेन का है, जिसे छह लेन तक बढ़ाया जा सकता है।

### लिंक एक्सप्रेस वे की वर्तमान स्थिति-

मिट्टी का काम 96 फीसदी पूरा

क्लीयरिंग और ग्रबिंग का काम 100 फीसदी पूरा

सड़क का आधार यानी ग्रैन्यूलर सब बेस (जीएसबी) 90 फीसदी पूरा

बिटुमिन आदि की बेस लेयर वेट मिक्स मैकेडम (डब्लूडब्लूएम) 87 फीसदी

भारी वाहनों के लिए सड़क निर्माण यानी डेंस बिटुमिनस मैकेडम (डीबीएम) प्रक्रिया भी 87 फीसदी पूरा

कुल 341 में से 337 स्ट्रक्चर तैयार, शेष चार भी अंतिम चरण में

# हज यात्रियों को प्रथम किस्त जमा करने की तिथि बढ़ाकर 15 फरवरी की गयी

**लखनऊ।** हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर 09 फरवरी जारी किया गया है जिसमें हज-2024 के चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त रु 81,800 जमा करने की तिथि 09 फरवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गयी है। रु 81,800 की पे-इन-स्लिपध्ऑनलाइन रसीद, मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र उ0प्र0 राज्य हज समिति में जमा करने की अन्तिम तिथि 19 फरवरी, 2024 निर्धारित की गयी है। बैंक रेफरेंस नम्बर प्रत्येक कवर हेड के मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस द्वारा भेजा गया है। प्रत्येक कवर के लॉग-इन आई0डी पर आवेदन फार्म, डाउनलोड करने की सुविधा दी गयी है। मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, पे-इन-स्लिप आदि वेबसाइट डाउनलोड की सुविधा उपलब्ध है।

# 50 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, मौसम विभाग ने की फिर से बारिश होने की घोषणा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी में चटख धूप भले ही खिल रही है, लेकिन तेज हवा के कारण गलन का अहसास भी बरकरार है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बृहस्पतिवार को प्रदेश में हवा की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक दर्ज हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक शुक्रवार को हवा का असर रहेगा, शनिवार से रफ्तार धीमी हो सकती है। 12 फरवरी से प्रदेश के कई इलाकों में बूंदाबांदी का असर दिख सकता है। कहीं जगहों पर ज्यादा बारिश भी हो सकती है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, तेज हवा के कारण दिन और रात के पारे में दो डिग्री तक की गिरावट बनी हुई है। मेरठ में न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री रहा, जबकि ज्यादातर इलाकों में 10 डिग्री से कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान ज्यादातर इलाकों में 20 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक 12 फरवरी से फिर प्रदेश के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी बौछारें पड़ सकती हैं। 14 को लखनऊ में भी बादल छाने व बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञ एचआर रंजन के मुताबिक 14 फरवरी को एक ऐसा मौसमी सिस्टम विकसित होता दिख रहा है, जिससे अयोध्या व उसकी 100 किमी की परिधि में अच्छी बारिश की संभावना है।

## संक्षेप

### रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण सुरक्षा का लिया संकल्प

करंजाकला जौनपुर। सिद्धिकपुर स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान करंजाकला में पर्यावरण सुरक्षा को लेकर पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर लोगो को वृक्ष रक्षा का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पेड़ों को बचाए बिना धरती को बचाना असंभव है।पेड़ धरती पर जीवन के आधार हैं।बिना पेड़ों के धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पेड़ लगाकर उनकी रक्षा करना और हमें पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनानी होगी।संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सबको आगे आना होगा।उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पर्यावरण सेना का प्रयास प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है।उन्होंने सभी से पर्यावरण बचाने की अपील की।इस मौके पर हरित मित्र नीतीश मौर्या,सुमन सिंह, पूजा देवी, चंद्रिका देवी, नीलम देवी एवं ममता देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### एसएसपी एटा द्वारा पुलिस लाइन एटा का वार्षिक निरीक्षण कर दिए सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश

एटा। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये, साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा परेड के दौरान आधुनिक वेपन्स (हथियारों) के संचालन तथा रखरखाव के बारे में भी जानकारी देते हुए परेड में उपस्थित पुलिस कर्मियों को आधुनिक हथियारों तथा दंगा रोधी यंत्र, एंटी राइट गन, टियर गैस गन को चलाने के बारे में बताया इस दौरान पुलिस कर्मियों का हौसला देखते ही बन रहा था। परेड के उपरान्त एसएसपी एटा द्वारा क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, पुलिस वर्दी स्टोर, भोजनालय, आर ओ वाटर प्लांट, बैरिकों, पुलिस कैंटीन, परिवहन शाखा, चिकित्सालय, साइबर थाना, फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वायड, पुलिस लाइंस स्थित आवासों के रख–रखाव आदि का वार्षिक निरीक्षण किया गया, साथ ही सम्बन्धित को पत्रावलियों को अध्यावधिक रखने, रख–रखाव साफ–सफाई सहित आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

### अब आजमगढ़ और मुरादाबाद के लिए भी हिंडन एयरपोर्ट से शुरू होगी उड़ान

साहिबाबाद। हिंडन एयरपोर्ट से इस माह लखनऊ, कानपुर और जालंधर के साथ ही दो अन्य शहरों के लिए भी उड़ान सेवा शुरू हो रही है। फ्लाई बिग एयरलायंस कंपनी की ओर से जल्द ही आजमगढ़ और मुरादाबाद के लिए भी यहां से उड़ान शुरू की जा रही है।इस संबंध में बृहस्पतिवार को एयरलायंस कंपनी की उच्च अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में कंपनी ने चार शहरों के लिए उड़ान शुरू करने पर मुहर लगा दी है। इसमें लखनऊ, कानपुर, आजमगढ़ और मुरादाबाद शामिल हैं। फ्लाई बिग के ऑपरेशन मैनेजर रतन धीर ने बताया कि हिंडन से लखनऊ और कानपुर के लिए उड़ान शुरू करने पर पहले ही मुहर लग चुकी थी। बृहस्पतिवार की बैठक में मुरादाबाद और आजमगढ़ के लिए भी उड़ान शुरू करने पर मुहर लग गई। इन शहरों के लिए भी 19 सीटर एयरक्रॉफ्ट का इंतजाम किया गया है। आरसीएस स्कीम में होने के कारण इनका किराया भी 1000 से 1200 रुपये होगा।

### पुणे की लॉ की छात्रा के अकाउंट पर पोस्ट की अश्लील वीडियो, दी धमकी

कौशांबी। पुणे के एक लॉ कॉलेज की छात्रा को दुष्कर्म करने की धमकी मिली है। कौशांबी पुलिस ने छात्रा की शिकायत लेकर फोन नंबर के आधार पर आईटी एक्ट और वीडियो बनाकर धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। छात्रा कौशांबी थाना क्षेत्र में अपने माता–पिता के साथ रहने आई हुई है। उनका आरोप है कि अनजान नंबर से एक युवक ने टेलीग्राम पर उन्हें गाली–गलौज की फिर वीडियो–फोटो को अश्लील बनाकर दुष्कर्म करने की धमकी दी। छात्रा का कहना है कि युवक की गंदी हरकतों से परेशान होकर उन्होंने टेलीग्राम को लॉक कर दिया तो युवक ने उन्हें मैसेज भेजकर अभद्रता की। छात्रा को 13–14 फरवरी को कॉलेज में पढ़ाई के लिए पुणे लौटना है। पुलिस को शिकायत देकर अपने साथ अनहोनी होने की आशंका जाहिर की है। इंदिरापुरम एसीपी का कहना है कि आईटी टीम मामले की जांच कर रही है।

### रास्ते के विवाद में मारपीट दौरान दोनों पक्षों के लोग चोटिल हुए

मेहनवन (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरिया अलावल के निवासिनी कमरूनिशा ने थाने पर तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया है कि रास्ते की विवाद को लेकर कुछ दंबग ने उनकी पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी विवाद में दूसरे पक्ष की आरफा बानो ने भी तहरीर दी है, कहा है कि उनको भी चोटे आई हैं। थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया की रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है तहरीर मिली है कार्रवाई की जाएगी।

### हैलो डॉक्टर दीदी कार्यक्रम का आयोजन

मसकनवां (गोण्डा)। गौरा विधान सभा क्षेत्र के छपिया ब्लाक अंतर्गत नेवादा, बैराडिहा व तालागंज ग्रांट में बच्चों की पोषण स्थिति व स्वच्छता में सुधार लाने के उद्देश्य से एक पहल हेलो डॉक्टर दीदी कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह कार्यक्रम प्रदेश व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त प्रयास व ग्रुप एम के माध्यम से कुपोषण को दूर करने में सहायक बनेगा। इसकी संकल्पना जन्म से लेकर छः वर्ष के शिशुओं, उनकी माताओं व गर्भवती महिलाओं की पोषण आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान रखने के लिए किया गया है।जिसमें साबुन से हाथ धोने, बाहर की चीजें न खाने की सलाह, बच्चों के स्वास्थ सबंधित पालन पोषण और स्वच्छता के बारे में हैलो डॉक्टर दीदी कार्यक्रम के तहत गांवों में जानकारी दी गई। टोलफ्री नम्बर 07878781003 पर एक मिस्डकॉल करा कर पंजीकरण कराया जाता है जो हर रविवार को हेलो डॉक्टर दीदी के तरफ से फोन आता है जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जा रही है। ग्रुप एम की एफडी टीम अभिनव पाण्डेय ( शिवम पाण्डेय) व साधना शर्मा और साथ में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा की मौजूदगी में कार्यक्रम किया गया।

# किसानों का धरना प्रदर्शन 11वें दिन भी जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का तोड़फोड़ दस्ता मनोज नागर की आबादी तोड़ने एस सिटी के पीछे नोएडा एक्सटेंशन में पहुंचा किसान सभा के कार्यकर्ताओं को खबर हुई तो मौके पर पहुंचे और दस्ते को खदेड दिया-किसान सभा के कार्यकर्ता मनोज नागर की ऐस सिटी के पीछे नोएडा एक्सटेंशन में पुश्तैनी आबादी है जिसे प्राधिकरण का दस्ता बिना चेतावनी के तोड़ने पहुंच गया मनोज नागर ने इसकी खबर किसान सभा के लोगों को दी किसान सभा के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और दस्ते को वहां से भगा दिया। आज किसान सभा के दिन रात के लगातार धरने का 11वां दिन था सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष किसान धरने में शामिल हुए धरने की अध्यक्षता रंगलाल भाटी ने की संचालक किसान सभा के महासचिव जगदीश नंबरदार ने किया आज धरने को कांग्रेस के नेता दिनेश शर्मा दीपक चोटी वाला राम भरोसे शर्मा और कांग्रेस कमेटी के सदस्य अजय चौधरी समर्थन देने पहुंचे इसी सिलसिले में केरल के पूर्व विधायक के प्रसाद किसान सभा की केंद्रीय समिति के सदस्य मनोज एवं पुष्पेंद्र त्यागी धरने में समर्थन करने पहुंचे और धरने को संबोधित किया। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने धरने में उपस्थित सभी साथियों को 8 तारीख के दिल्ली चलो कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी एवं अवगत कराया की आंदोलन के बाद कमिश्नर मैडम के साथ हुई वार्ता विफल रही मैडम के साथ तय हुआ कि जिले में स्थित तीनों प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ मीटिंग तय की जाए जिससे कि इस पर कोई निर्णायक पहला हो सके। साथ ही अपील की कि आंदोलन लगातार तेज हो रहा है जिसे और तेज करने की जरूरत है चुनाव घोषित होने से पूर्व ही हमें इसे राजनीतिक मुद्दा बनाते हुए निर्णय करवाना है किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नगर ने कहा की गौतम बुद्ध नगर के सभी संगठन एक हो गए हैं मिलकर लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे धरने को मोहित नागर प्रशांत भाटी शीशांत भाटी निशांत रावल यतेंद्र मैनेजर रीना देवी तिलक देवी जोगेंद्री देवी अजब सिंह प्रधान धर्मेंद्र भाटी सुरेश यादव सलेक यादव सुरेंद्र यादव अंकित यादव निरंकार प्रधान बाबा संतराम संजय इमलिया राम सिंह इमलिया भोजराज रावल केशव रावल हृदय शर्मा ने संबोधित किया।

# सपा नोएडा महानगर ने पीडीए पखवाड़ा के तहत नोएडा सेक्टर 122 में की जन पंचायत




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा सपा नोएडा महानगर ने पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज पृथला सेक्टर 122 में महानगर महासचिव विकास यादव के नेतृत्व में व अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष नितिन वाल्मीकि की अध्यक्षता में जन पंचायत आयोजित की। महासचिव विकास यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को सपा की नीतियों से अवगत कराएं।और पार्टी से सभी वर्गों के लोगों को जोड़ने का काम करें, और उन्होंने कहा कि सपा सदैव विकास की राजनीति करती है, भाजपा ने लोगों को धर्म और जाति में बांट कर रख दिया है।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में टीटू यादव, बबली शर्मा, बिल्लू सैफी, सतवीर यादव, सौरभ चौहान, वीरेंद्र वाल्मीकि, दीपक राजेश, राजमल, सरजन कुमार, लोकपाल, नितिन वाल्मीकि ,रवि, सुनील कुमार, अशोक, राजेश, सुनील चौहान, अनुज, विपिन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध मिट्टी खनन का गढ़ बनता जा रहा ब्लाक नवाबगंज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नवाबगंज (गोंडा)।** सोमवार को महंगूपर गाँव के मजरा रामबली का पुरवा मे अवैध रूप से मिट्टी खनन लोडर मशीन से कराया जाने की शिकायत के बाद जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए। इस अवैध मिट्टी खनन पर हल्का लेखपाल दीपक से जब बात किया गया तो लेखपाल ने बताया कि 50 ट्राली का परमीशन दिया गया था।जब लोडर मशीन से खनन के बारे में पूछा गया तो वह ठोस जवाब नही दे सके और लिपापोती करते दिखे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर खनन व राजस्व टीम ने बुधवार को मौके का निरीक्षण किया और किसी लगाव अथवा दबाव के चलते खनन माफिया के पक्ष में रिपोर्ट भी लगा दिया। प्राप्त समाचार के अनुसार महंगूपर गांव में सैकड़ों ट्राली मिट्टी लोडर मशीन से खुदाई कर बेच दी गई। खुदाई देर रात तक की गयी। एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से अवैध खनन की शिकायत किया जिसे संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जाँच के आदेश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को खनन अधिकारी, लेखपाल व अन्य कर्मियों ने स्थलीय जाँच कर रिपोर्ट भेजा है। इस संबंध मे जानकारी करने पर हल्का लेखपाल दीपक ने बताया कि जाँच हुई है किन्तु कार्यवाही के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। लोडर मशीन से खनन के बाबत ठोस जवाब तक नही दिया। जबकि खनन अधिकारी विवेक कुमार से बात करने पर उन्होंने खनन करने वाले को तुरंत ही क्लीन चिट दे दिया। खनन अधिकारी विवेक कुमार ने दूरभाष पर बताया कि जितने खनन का परमीशन लिया था उससे कम खनन किया गया है।लोडर मशीन से खनन के सवाल पर उन्होंने कहा कि लेखपाल सहित किसी ने लोडर मशीन से खनन की बात नहीं बताई है।

## एसडीएम के विरुद्ध चल रहा अधिवक्ताओ का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा

**मनकापुर (गोंडा)।** बार एसोसिएशन मनकापुर का उप जिलाधिकारी मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना के विरुद्ध चल रहा क्रमिक अनशन आज दूसरे दिन जारी रहा। मुख्य राजस्व अधिकारी गोंडा की वार्ता पर आश्वासन से अधिवक्ता मानने को तैयार नहीं है बार एसोसिएशन मनकापुर के अध्यक्ष श्याम लाल शुक्ल एड ने बताया कि आज हमारे अधिवक्ता साथी अनशन पर जमे हैं जिनमें अम्बुज तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, अतुल कुमार ओझा, अरविंद कुमार मिश्र, उमेश कुमार शुक्ल कमलेश पति त्रिपाठी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, केदारनाथ, कृष्ण कुमार ओझा, अनशनकारी अनशन में सहभाग किये क्रमिक अनशन निरंतर जारी रहेगा अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं के समाधान हेतु बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के माननीय सदस्य उपाध्यक्ष बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश जय नारायण पाण्डेय के साथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व राज्यपाल उ प्र से मिलेगा।

# संवैधानिक दर्शन में निहित है आध्यात्मिक मूल्य : डॉ . गौरव त्रिपाठी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अमेठी।** संविधान से ही लोकतंत्र व अधिकार समाज के नागरिको को प्राप्त हैं । संविधान निर्माताओं ने प्रस्तावना में ही नागरिक अधिकारों का बीजारोपण कर दिया था। यह बातें आज आर आर पी जी कालेज अमेठी में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित संवैधानिक दर्शन और अधिकार विषयक विद्यार्थी संगोष्ठी में राजकीय पी जी कालेज मुसाफिरखाना के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ॰ गौरव त्रिपाठी ने कही। डॉ॰ त्रिपाठी ने कहा कि भारत के संविधान की प्रस्तावना भारत निर्माण के मार्ग को न केवल प्रशस्त करती है अपितु भ्रम की स्थिति में मार्गदर्शन भी करती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना न केवल नैतिक व राजनीतिक है अपितु महान नैतिक व आध्यात्मिक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ॰ पी के श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लोकतंत्र के सात्तयता का श्रेय केवल व केवल संविधान को ही है ।संविधान नागरिक अधिकारों कर्तव्यों की वैज्ञानिक व्यवस्था करता है जिसका उल्लंघन न तो नागरिक न ही व्यवस्था कर सकता है। देश संविधान की व्यवस्था का पालन कर ही विश्व के श्रेष्ठ लोकतंत्र के रूप मे परचम फहरा है। कार्यक्रम की संयोजक राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ॰ मनीषा सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतावना में वर्णित लक्ष्य व उद्देश्य को प्राप्त करने में देश के समस्त नागरिकों का योगदान है। प्रस्तावना में वर्णित स्वतंत्र न्याय समता ही संविधान में मौलिक अधिकार के रूप मे दृष्टिगत होते हैं। डॉ केसरी शुक्ला ने कहा कि राष्ट्र को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सदैव भावानात्मक व भौतिक साधनों के प्रयोग से इंकार नही करना चाहिए । डॉ धनंजय सिंह जी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस यह चाहते थे कि नागरिक अधिकारों को एकाएक न देकर क्रमिक रूप से अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ निधि सिंह, डॉ पवन पांडेय,डॉ॰ शिखा शुक्ला,मेराज खां , अजीत उपाध्याय तथा राजनीति विज्ञान विभाग के स्नातक के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमन शुक्ला व तनु शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशीष शुक्ला ने किया।

# रात के अंधेरे में गुपचुप हुआ समझौता : बिना मांग पूरी हुए खत्म की ‘काम बंद हड़ताल’

**लोकमित्र ब्यूरो**




**गाजियाबाद।** पिछले कई दिनों से नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल चल रही थी जो सुर्खियों में थी। इस हड़ताल को दिनांक 9.2.2024 को बिना मांग पूरी हुए एवं बिना कोई वजह बताए ही हड़ताल के नेतृत्व करने वालों के द्वारा तोड़ दिया गया । नगर निगम केसफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर की जाने वाली हड़ताल के इस प्रकार अचानक खत्म किए जाने के बाबत पूछे जाने पर सतीश पार्चा, प्रमुख प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ने अवगत करवाया कि इस हड़ताल को असफल बनाने के लिए बाहरी नेताओं द्वारा मेयर के लिए अफवाहें भी फैलाई गई तथा मेयर पर नेताओं द्वारा झूठे आरोप भी लगाए गए। इतना ही नहीं बल्कि एक कदम आगे बढ़ते हुए मेयर अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों के बीच खाई पैदा कर दी गई जो कि बहुत ही निंदनीय है। संघ के जिला अध्यक्ष आकाश चंदेल ने बताया कि यह तथाकथित नेता अपने निजी स्वार्थ को साधने के लिए नगर निगम के भोले भाले कर्मचारियों का इस्तेमाल करते हैं तथा उन्हें बरगलाकर नगर निगम प्रशासन पर दवा बनाने की कोशिश करते हैं जिससे भविष्य में अधिकारियों से उन्हें अपना काम करवाने में आसानी हो सके। उन्होंने बताया कि नगर निगम के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हड़ताल की समाप्ति के बाबत कोई लिखित समझौता पत्र नहीं दिया गया। बस मौखिक रूप से बोल दिया गया क्योंकि यह समझौता रातों-रात कर लिया गया था तथा सफाई कर्मचारियों की आंखों में धूल झोंक कर तथा उनके भविष्य को अधर में रखकर इन तथाकथित नेताओं ने सफाई कर्मचारियों के साथ स्पष्ट तौर पर छल किया है। इस अवसर पर सतीश पार्चा द्वारा अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के अपने सभी साथी कर्मचारी भाइयों से भविष्य में कभी भी ऐसे झूठे नेताओं का साथ न देने तथा इनके बहकावे में ना आकर अपना अच्छा बुरा स्वयं तय करने की अपील की गई है।

## भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी

**करनैलगंज (गोंडा)।** मौनी अमावस्या के पर्व पर ठंड की परवाह न करते हुए भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में आस्था की डुबकी लगाई। किन्ही कारणों से जो श्रद्धालु प्रयागराज संगम स्नान के लिए नहीं जा सके वे शुक्रवार की प्रातः अंधेरे से ही कटरा घाट स्थित सरयू तट पर स्नान करने के लिए पहुंचने लगे। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ता गया स्नानार्थियों की संख्या भी बढ़ती गई। सरयू स्नान के उपरान्त श्रद्धालुओं ने घाट के पंडों को तिल, चावल और मुद्रा का दान करके पुण्य अर्जित किया। स्नान करने वालों में पुरुष, महिलायें और बच्चे भी शामिल थे। सभी ने स्नान करने के बाद मन्दिर में जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। घाट के आस पास बाजार व दूर दराज से आये दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा रखी थी। जहां महिलाओं ने मिठाई, गृहस्थी व सौंदर्य सामग्री की जमकर खरीदारी की। वहीं कटरा शहबाजपुर घाट, सकरौरा घाट, कचनापुर घाट, व पसका घाट सहित अन्य सरयू घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजन अर्चन किया।

# जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को दृष्टिगत अतिआवश्यक बैठक सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023-24 हेतु लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु अतिआवश्यक बैठक आयोजित की गई। डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि जनपद के 21 केन्द्रों पर 17, 18 फरवरी को दो पालियों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, इस हेतु प्रत्येक पाली में कुल 11568 परीक्षार्थी सहित जनपद में कुल 46272 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को मा0 मुख्यमंत्री जी एवं शासन की मंशानुसार सम्पन्न कराया जाना है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। सभी केन्द्र व्यवस्थापक पूर्व से ही अपने केन्द्र पर समस्त आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लें, यदि कहीं पर कोई समस्या है तो उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाई जाए।डीएम ने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने-अपने केन्द्र पर परीक्षार्थियो के बैठने हेतु फर्नीचर, टायलेट, सीसीटीवी कैमरे आदि को चैक कराकर सुनिश्चित कर लें, जिससे कि कोई अव्यवस्था परीक्षा के दौरान उत्पन्न न हो। केन्द्र पर प्रवेश करने वाले परीक्षार्थियों की तलाशी मुख्य प्रवेश द्वारा पर सघन रूप से की जाए, महिला अभ्यर्थियों की तलाशी हेतु प्रथक से व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षार्थियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक केन्द्र पर क्लाकरूम बनाया जाए। केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी, साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों को भी लगाया जाएगा। डीएम ने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने केन्द्र पर ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों सहित अन्य स्टाफ के आईकार्ड जारी करें तथा स्टाफ के साथ बैठक करके परीक्षा संबंधी दिशा निर्देशों से भली प्रकार से अवगत करा दें।

# ‘गाँव चलो अभियान’ के तहत क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रधानमंत्री की योजनाओं से अवगत कराया

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने शुक्रवार को गाँव चलो अभियान के अंतर्गत चौड़ा, छलेरा, रोहिलापुर, शाहपुर, छपरौली और मलकपुर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रमों का आयोजन नोवरा संस्थान और ग्राम प्रधानों ने किया।

इस अवसर पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का दृष्टिकोण है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसमें प्रत्येक भारतीय और खासकर गौतम बुद्ध नगर जिले के ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी अपरिहार्य है। मोदी जी की योजनाओं, जैसे स्वच्छ भारत अभियान, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना आदि से ग्रामीण जीवन में व्यापक बदलाव आ रहा है। इन योजनाओं का लाभ उठाकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के लिए उनके ‘संकल्प 2024: विज़न डॉक्यूमेंट’ के बारे में भी ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की और कहा यह संकल्प पत्र क्षेत्र के विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर, पुनीत राणा, विजेंद्र सिंह, विपिन तोमर, साधू मकवाना, राकेश यादव, राकेश चौहान, रामपाल यादव, रामे पूर्व प्रधान, चमन पूर्व प्रधान, विनीत चौहान, रवि चौहान सहित सभी गाँवो में सैकड़ों स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं जन प्रतिनिधियों सें अपनी अपेक्षाओं से भी विस्तार से अवगत कराया।

# मैंजापुर चीनी मिल द्वारा युवा किसानों को किया सम्मानित

## » डिप्टी सी सी ने युवा किसानों को अपने सम्बोधन में भरोसा दिलाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोण्डा।** मैजापुर चीनी मिल परिसर में युवा किसान सम्मान में एक वृहद किसान गोष्ठी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर बी राम डिप्टी केन कमिश्नर देवीपाटन मंडल विशिष्ट अतिथि संदीप अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला गन्ना अधिकारी गोण्डा, महाप्रबंधक गन्ना पवन कुमार चतुर्वेदी मैजापुर चीनी मिल के चयनित युवा उत्कृष्ट कृषक सहित मिल कर्मचारी शामिल हुए। युवा किसानों के द्वारा द्वारा क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। चीनी मिल द्वारा किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि मैजापुर चीनी मिल अब नई ऊर्जा के साथ ऊंचाइयों को छूने में भरोसा करती हैं। डिप्टी सी सी ने युवा किसानों को अपने सम्बोधन में भरोसा दिलाया कि हम सब मिलकर किसानों को समृद्धि के पथ पर ले जानें का कार्य कर रहे हैं। डीसीओ ने पेड़ी प्रबंधन, बसंत कालीन बुवाई, और अच्छी प्रजातियों का चयन व गन्ने की नई तकनीकियों के बारे में विस्तुत जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित संदीप अग्रवाल ने चीनी मिल द्वारा चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रम व विकास योजनाओं से किसानों को अवगत कराया और आश्वस्त किया कि भविष्य में भी चीनी मिल उनके उत्कर्ष कार्यों में सहायता प्रदान करती रहेगी । संगोष्ठी समापन पर सभी युवा कृषकों को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# नैना शर्मा एडवोकेट महिला कांग्रेस ब्रज जोन उत्तर प्रदेश बनाई गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिला कांग्रेस कार्यालय धान मील वाली गली एटा पर ममता राजपूत प्रांतीय अध्यक्ष ब्रज जोन महिला कांग्रेस ने नैना शर्मा एडवोकेट को ब्रज जोन उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस का प्रदेश महाचिव बनाये पर हर्ष व्यक्त किया गया।

नैना शर्मा एडवोकेट प्रदेश महासचिव ब्रज जोन महिला कांग्रेस ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पुरी तरह निभाउंगी। गंगा सहाय लोधी ने कहा की आज आज नैना शर्मा एडवोकेट और हर्ष वर्धन बौद्ध एडवोकेट ने एटा लोकसभा क्षेत्र के लिए आवेदन दिया है।कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी ने ब्लॉक अध्यक्ष, और नगर अध्यक्षों से कहा की जल्द से जल्द कमेटी और बूथ प्रभारियों की लिस्ट कांग्रेस कार्यालय पर जमा करे। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को पुरी तागत के साथ चुनाव लड़ाया जाएगा, राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशो का पालन करते हुए पार्टी मे कांग्रेस पदाधिकारी सक्रियता से जुट जाए।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बिनीत पारासर बाल्मीकि प्रदेश सचिव बैठक की अध्यक्षता गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष एवं संचालन कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी ने किया। इस अवसर पर बिनीत पारसर बाल्मीकि प्रदेश महासचिव, गंगा सहाय लोधी जिला अध्यक्ष, ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष,ज्योति सोलंकी, सुभाष सागर एडवोकेट जिला महासचिव, आशिफ हुसेन भोले, हर्ष वर्धन बौद्ध एडवोकेट, संतोष गौतम एडवोकेट, संजीव गुप्ता, अमीर अली, संजेश यादव रामू, ओमबीर राजपूत, जीतेन्द्र राना, अरविन्द कुमार, कौशल कश्यप, निकोलस यादव, ज्ञान सिंह आदि।

# मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी




## गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू,कौशाम्बी** । सिराथू विधानसभा क्षेत्र के कड़ा मंडल अंतर्गत सिपाह गांव में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत बूथ नंबर 110 से 112 में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य व मंडल अध्यक्ष कड़ा प्रदीप पटेल उपस्थित रहे।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे भारत विकसित गांव के साथ ही विकसित हो सकता है। इसी सोच के साथ 9 से 10 फरवरी के बीच भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश में प्रत्येक गांव व बूथ पर 24 घंटे के लिए प्रवास करेंगे। वह पार्टी की गरीब कल्याण नीति व सरकार की उपलब्धियां का प्रचार प्रचार करेंगे तथा लोगों से संवाद करेंगे। मंडल अध्यक्ष कड़ा प्रदीप पटेल ने कहा की कार्यकर्ता जमीन स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति से सीधे जुड़ेंगे व उनकी समस्याओं को समझेंगे जिससे उसे हल करने में बहुत मदद मिलेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वाहन किया गया । कार्यक्रम में दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे ।

## मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

### संदीपन घाट थाना पुलिस और गोताखोर रहे मुस्तैद



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हर्रायपुर, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के पल्हना गंगा घाट पर मौनी अमावस्या के दिन हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई इस मौके पर मूरतगंज चौकी के हेड कांस्टेबल लाल बाबू और ऋषि अत्रि और गोताखोर मौजूद रहे

मौनी अमावस्या गंगा स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन व राजस्व ने कमर कस ली है पलहना गंगा घाट पर शुक्रवार की सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं वा आम जनमानस की गंगा स्नान को ले कर भीड़ उमड़ पड़ी ! जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने कई जगह बैरियर व आम जनमानस की सुविधाओं वा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर क्षेत्राधिकारी ने जाकर घाट का निरीक्षण किया।



